4 रायपुर संभाग
सेवा सुगंधम सामाजिक संस्था के सम्मान का अनोखा पहल...

6 अभिमत
ट्रंप की जीत सनसनीखेज वापसी

09 शिक्षा एवं स्वास्थ्य
राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनरतले टीबी मुक्त भारत की बातें

10 संस्कारधानी
कर्ज चढ़ा तो लूट का रास्ता अपनाया... छीनी गई रकम...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 09 नवम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-78 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### सौम्या चौरसिया को एसीबी ने किया गिरफ्तार, आय से अधिक संपत्ति का मामला



**रायपुर।** कोल घोटाला मामले में पिछले 21 महीने से जेल में बंद सौम्या चौरसिया को एक बार फिर एंटी करप्शन ब्यूरो ने गिरफ्तार कर लिया है। इस बार गिरफ्तारी का कारण आय से अधिक संपत्ति का मामला है। सौम्या चौरसिया को एसीबी ने विशेष न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें 10 दिन की रिमांड पर एसीबी को सौंप दिया गया है। इससे पहले, बीते जुलाई में एसीबी ने सौम्या चौरसिया और उनके परिजनों के नाम से जुड़ी 50 से अधिक अचल संपत्तियों को अटैच कर लिया था। एसीबी के मुताबिक, यह संपत्तियां सौम्या की घोषित आय से कहीं अधिक पाई गई हैं।

### मुठभेड़, दो नक्सलियों के शव और 1 एसएलआर बरामद

**बीजापुर।** बस्तर संभाग के बीजापुर में पुलिस और सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। गुरुवार सुबह हुई मुठभेड़ में फोर्स ने नक्सलियों को भारी नुकसान पहुंचाया है। अब तक दो वर्दीधारी नक्सलियों की लाशें और एक सेल्फ लोडिंग राइफल बरामद की जा चुकी हैं तथा जंगल में सर्चिंग अभियान जारी है। बीजापुर के पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र यादव ने मुठभेड़ में नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की है। बीजापुर जिले के उसूर ब्लाक के रेखापल्ली व कोमठपल्ली के जंगलों में जिला पुलिस, सीआरपीएफ, डीआरजी व कोबरा बटालियन की संयुक्त पार्टी और नक्सलियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में जवानों ने दो नक्सलियों को मार गिराया है। मुठभेड़ स्थल से एक एसएलआर रायफल व अन्य हथियार व आर्म्स एम्युनेशन बरामद किए गए हैं।

### सेना प्रमुख ने पश्चिमी कमान का दौरा कर संचालन तैयारियों की समीक्षा की



**नयी दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पश्चिमी कमान का दौरा कर सेना की संचालन तैयारियों की समीक्षा की। सेना के अनुसार जनरल द्विवेदी ने चंडीमंदिर स्थित पश्चिमी कमान के मुख्यालय का दौरा किया। पश्चिमी कमान के सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने सेना प्रमुख को कमान के महत्वपूर्ण संचालन, प्रशिक्षण, रसद और प्रशासनिक पहलुओं के बारे में जानकारी दी। सेना कमांडर ने युद्धों की तैयारी के उद्देश्य से संचालन थिएटर में सेना की आधुनिकीकरण पहलों और रणनीतिक सुधारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कमान के संचालन उद्देश्यों के लिए किए जा रहे।

# कांग्रेस ने देश को तोड़ने का कुचक्र फिर से चल दिया : मुख्यमंत्री साय

## जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद व अलगाववाद के काले दौर को वापस लाना चाहती है

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में फिर से आतंकवाद और अलगाववाद का काला दौर लाना चाहती है। जम्मू- कश्मीर विधानसभा में अनुच्छेद 370 और 35ए को फिर से लाने के नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के प्रस्ताव का समर्थन कर कांग्रेस ने देश को तोड़ने का कुचक्र फिर से चल दिया है। साय ने कहा कि गुरुवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा में जो भी कुछ हुआ, वह पाकिस्तान और देश विरोधी लोगों को खुश करने के लिए किया गया, जम्मू-कश्मीर की जनता को गुमराह करने के लिए किया गया। उन्होंने कहा है कि आज जो देश की एकता के लिए खड़े हैं, जम्मू-कश्मीर वे विकास और शांति के पक्ष में खड़े हैं, उन्हें मार्शल के जरिये बेरहमी से जम्मू-कश्मीर विधानसभा से बाहर निकाला जा रहा है। कांग्रेस-नेकां, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) - ये सब जम्मू-कश्मीर में फिर से आतंकवाद को लाना चाहते हैं। साय ने कहा, यह कांग्रेस और नेकां का राष्ट्रविरोधी एजेंडा है। शेख अब्दुल्ला से लेकर उमर अब्दुल्ला तक, भावनात्मक ब्लैकमेल करना नेशनल कॉन्फ्रेंस की दिनचर्या है। जम्मू-कश्मीर अनुच्छेद 370 तथा 35ए के काले साए से कब का निकल चुकी है। वह विकास के रास्ते पर चल पड़ी है लेकिन कांग्रेस और नेकां, पीडीपी ये सब कश्मीर घाटी में आई शांति से परेशान हैं। ये जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद व अलगाववाद के काले दौर को वापस लाना चाहती है। साय ने कहा कि हमारी सरकार ने वादा किया था कि जम्मू-कश्मीर को विधानसभा देंगे, चुनाव करायेंगे, केवल पांच साल के अंदर मोदी सरकार ने चुनाव कराये और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बहाल किया। हम आगे भी जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस फिर से अनुच्छेद 370 बहाल करके की बात करके यह बताना चाहती है कि हम वाल्मीकियों, गोरखा समाज, पश्चिमी पाकिस्तान शरणार्थी, पहाड़ी और गुर्जर के खिलाफहैं। कांग्रेस ने नेकां के घोषणापत्र का समर्थन कर जम्मू-कश्मीर में आरक्षण को ख़त्म करने का समर्थन किया था। वैसे भी कांग्रेस नेता राहुल गाँधी अमेरिका जाकर आरक्षण को ख़त्म करने की बात कर चुके हैं। साय ने कहा कि अनुच्छेद 370 के हटने के बाद से जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की घटनाओं में 70 प्रतिशत की कमी आई है। नागरिकों की मृत्यु में भी लगभग 80 फीसदी की कमी आई है। विदेशी नागरिकों के पर्यटन में 300 प्रतिशत का उछाल आया है। जम्मू-कश्मीर का बजट 17 प्रतिशत बढ़ा है। पत्थरबाजी की घटना बिलकुल बंद हो गई। आतंकवादी घटनाएं दो-तीन जिलों में ही सिमट कर रह गई। जहाँ पहले 5-7 प्रतिशत मतदान होता था, वहां भी 50 प्रतिशत मतदान होने लगा। जो पहले अलगाववाद और आतंकवाद की वकालत कर रहे थे, वे भी अब हिंदुस्तान के संविधान में लोकतंत्र को मजबूती देते हुए वोट मांगते दिखाई दिए। जी-20 की बैठक जम्मू-कश्मीर में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जम्मू-कश्मीर को 80 हजार करोड़ रुपये का विशेष पैकेज मिला, 56 हजार करोड़ रुपये का निवेश आया। आजादी से लेकर अनुच्छेद 370 के हटने तक जम्मू-कश्मीर में जितना निवेश आया, उसकी तुलना में तीन गुना निवेश पिछले चार सालों में जम्मू-कश्मीर में हुआ। साय ने कहा कि कांग्रेस को इसका जवाब देना होगा। इनके इरादे ठीक नहीं है। कांग्रेस नेता फिर से 90 के दशक वाला जैसा माहौल जम्मू-कश्मीर में बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के कांग्रेस विधायक दल के नेता गुलाम अहमद मीर ने कहा कि उनकी पार्टी कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे को कम करने और विभाजन के खिलाफ लोगों की नाराजगी का समर्थन किया था और किया है। गुलाम अहमद मीर ने एक तरह से प्रस्ताव का समर्थन किया, कांग्रेस विधानसभा में इस प्रस्ताव के समर्थन में खड़ी नजर आई। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी अनुच्छेद 370 को हटाने पर अपनी स्थिति स्पष्ट करे। कांग्रेस के एक और पुराने नेता सैफुद्दीन सोज ने प्रेस रिलीज करके इस प्रस्ताव का समर्थन किया है। साय ने कहा कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा में जो प्रस्ताव पास किया गया है, भले ही उसमें से चालाकी से अनुच्छेद 370 और 35ए का जिक्र नहीं किया गया है लेकिन उस प्रस्ताव में जो मांग की गई है, वह अनुच्छेद 370 और 35ए के जैसा ही है। उन्होंने कहा कि जब विधानसभा में यह प्रस्ताव पारित हो रहा था तो भारतीय जनता पार्टी के सदस्य इसका विरोध कर रहे थे जबकि कांग्रेस के सदस्य इसका मौन समर्थन कर रहे थे।

## भ्रष्टाचार एक बीमारी, जड़ से खत्म किया जाना जरूरी : मुर्मु

पायनियर संवाददाता ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भ्रष्टाचार को एक बड़ी बीमारी करार देते हुए कहा कि इसे जड़ से खत्म किया जाना चाहिए। मुर्मु ने यहां केंद्रीय सतर्कता आयोग के सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर अपने संबोधन में यह बात कही। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार ने भ्रष्टाचार से निपटने के लिए अनेक पहल की हैं। इस संदर्भ में उन्होंने प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण योजना, ई मार्केटप्लेस और आर्थिक अपराधी अधिनियम जैसी पहलों का उल्लेख किया। राष्ट्रपति ने कहा कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर आयोजित किया जाता है।

उन्होंने कहा कि विश्वास किसी भी समाज की नींव होता है जबकि भ्रष्टाचार समाज में विश्वास को कम करता है।

केंद्रीय सतर्कता आयुक्त पी के श्रीवास्तव ने इस अवसर पर कहा कि सरकार की भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति है। उन्होंने कहा कि शिकायतों के शीघ्र निपटारे के लिए कई उपाय किये गये हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सतर्कता आयोग ने कर्मचारियों की क्षमता निर्माण पर भी जोर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रक्रियाओं को भी सरल बनाया जा रहा है।

## राहुल गांधी ने पत्र लिखकर ट्रंप को दी बधाई

एजेंसी ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिका का 47वां राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर बधाई देते हुए राष्ट्रपति के रूप में दूसरे कार्यकाल के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। गांधी ने पत्र लिखकर अपने बधाई संदेश में कहा अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में चुने जाने पर आपको बधाई। लोगों ने अपने भविष्य के लिए आपके विजन पर भरोसा जताया है। उन्होंने लिखा भारत और अमेरिका के बीच ऐतिहासिक सम्बंध हैं जो लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति दोनों देशों की प्रतिबद्धता पर आधारित है। आपके नेतृत्व में, हमें विश्वास है कि दोनों देश आपसी हितों के क्षेत्रों में सहयोग को और मज़बूत करेंगे। मुझे यह भी उम्मीद है कि भारतीयों और अमेरिकियों के लिए अवसर पैदा कर हम उनके विस्तार की दिशा में काम करते रहेंगे।

## गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान में मिला मृत बाघ

पायनियर संवाददाता ◀ कोरिया
www.dailypioneer.com



कोरिया वन मंडल के अंतर्गत गुरुघासीदास राष्ट्रीय उद्यान में एक वयस्क बाघ मृत मिला है। उद्यान की सीमा पर रामगढ़ क्षेत्र के देवसील ग्राम पंचायत के मार्ग पर खनकोपर नदी के तट में बाघ मरा पड़ा मिला। बताया जा रहा है कि जिस जगह पर बाघ का शव मिला है, वह क्षेत्र वन परिक्षेत्र सोनहत के कोरिया वनमंडल में आता है। बाघ की मृत्यु कैसे हुई? बहरहाल यह पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।



**रायपुर।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आईआरसी अधिवेशन कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केन्द्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा और उप मुख्यमंत्री अरुण साव रहे मौजूद। ज्ञात हो राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ में पहली बार आईआरसी का अधिवेशन आयोजन किया गया है। इस आयोजन में देशभर से 2000 से अधिक विशेषज्ञ, वैज्ञानिक, अभियंता और अधिकारी शामिल होंगे।

## जनरल चौहान ने सैन्य विरासत महोत्सव का उद्घाटन किया

एजेंसी ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने वार्षिक भारतीय सैन्य विरासत महोत्सव के दूसरे संस्करण का उद्घाटन किया। दो दिन के इस महोत्सव का उद्देश्य भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति, सैन्य इतिहास और सैन्य विरासत पर ध्यान केंद्रित करते हुए वैश्विक और भारतीय थिंक टैंक, निगमों, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के उपक्रमों, गैर-लाभकारी संस्थाओं, शिक्षाविदों और शोध विद्वानों को एक मंच पर लाना है। जनरल चौहान ने सैन्य मामलों के विभाग और यूएसआई की पहल 'शौर्य गाथा' परियोजना का भी शुभारंभ किया जिसका उद्देश्य शिक्षा और पर्यटन के माध्यम से भारत की सैन्य विरासत को संरक्षित और बढ़ावा देना है। सेना प्रमुख ने सैन्य विषयों पर प्रमुख प्रकाशनों का भी विमोचन किया।

### बहुमत के आधार पर अजीज बाशा मामले में 1967 के फैसले को खारिज कर दिया

## एएमयू विवादः सुप्रीम कोर्ट ने 1967 का अपना फैसला पलटा

वार्ता ◀ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय मामले में 1967 का अपना एक फैसला पलटते हुए कहा कि किसी संस्थान को सिर्फ इसलिए अल्पसंख्यक दर्जा देने से इनकार नहीं किया जा सकता कि वह संसदीय कानून द्वारा स्थापित किया गया है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय संविधान पीठ ने बहुमत के आधार पर अजीज बाशा मामले में 1967 के फैसले को खारिज कर दिया, जो अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को कानून द्वारा बनाए जाने के कारण अल्पसंख्यक दर्जा से वंचित करने का आधार बना था। पीठ ने कहा कि अल्पसंख्यक संस्थान की स्थापना अल्पसंख्यक द्वारा की जा सकती है, लेकिन जरूरी नहीं कि उसे अल्पसंख्यक सदस्यों द्वारा ही प्रशासित किया जाए। मुख्य न्यायाधीश ने स्वयं और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति जे बी पार्दीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की ओर से बहुमत का फैसला सुनाया। हालांकि, न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा ने अपने-अपने असहमति वाले फैसले दिए। बहुमत के आधार पर फैसला देने वाले न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने यह भी कहा कि संस्थान का अल्पसंख्यक दर्जा कानून द्वारा बनाए जाने के कारण खत्म नहीं होता। अदालत ने बहुमत के फैसले में कहा कि किसी संस्थान को सिर्फ इसलिए अल्पसंख्यक दर्जा देने से इनकार नहीं किया जा सकता कि वह संसदीय कानून द्वारा स्थापित किया गया है। अदालत ने कहा ऐसी स्थापना और अन्य पहलुओं से जुड़े विभिन्न कारकों को ध्यान में रखा जाना चाहिए। अदालत ने कहा कि यह साबित करना भी जरूरी नहीं है कि अल्पसंख्यक संस्थान का प्रशासन ऐसे अल्पसंख्यक समूह के पास है। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि अल्पसंख्यक संस्थान धर्मनिरपेक्ष शिक्षा पर जोर देना चाह सकते हैं और इसके लिए प्रशासन में अल्पसंख्यक सदस्यों की आवश्यकता नहीं है। शीर्ष अदालत ने फैसले की घोषणा के साथ ही मामले को तीन न्यायाधीशों की पीठ को सौंप दिया ताकि 2006 के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले से उत्पन्न मुद्दे पर निर्णय लिया जा सके, जिसने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को उसके अल्पसंख्यक दर्जा से वंचित कर दिया था। पीठ ने कहा कि एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे का मुद्दा अब एक नियमित पीठ द्वारा तय किया जाना है, ताकि तथ्यात्मक निर्धारण किया जा सके कि क्या इसे अल्पसंख्यक द्वारा 'स्थापित' किया गया था। वर्ष 1967 में 'एस अज़ीज़ बाशा बनाम यूनियन ऑफइंडिया' मामले में पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि चूंकि एएमयू एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है, इसलिए इसे अल्पसंख्यक संस्थान नहीं माना जा सकता। वर्ष 1981 में संसद द्वारा एएमयू (संशोधन) अधिनियम पारित किए जाने पर इसका अल्पसंख्यक दर्जा बहाल कर दिया गया।



# झारखंड में बंगलादेशी घुसपैठियों को दिया जा रहा है संरक्षण: सीएम यादव

पायनियर संवाददाता
लातेहार/पलामू/चतना/भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि झारखंड राज्य में बंगलादेशी घुसपैठियों को संरक्षण दिया जा रहा है और यह सब वोट की राजनीति के लिए हो रहा है। डॉ. यादव ने लातेहार जिले के लातेहार विधानसभा क्षेत्र के नागड़ा. बालूमाथ, पलामू जिले के पांकी विधानसभा के मानगढ़ और चतरा जिले के चतरा विधानसभा क्षेत्र के प्रतापपुर में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान डॉ यादव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लेना नहीं भूले और उन्होंने कहा कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर केंद्र और राज्य सरकार मिलकर इस राज्य का चहुंमुखी विकास करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर सरकार के लिए अपने देश और प्रदेश की सुरक्षा प्रथम होती है। कोई भी सरकार घुसपैठियों को संरक्षण नहीं देती। लेकिन बड़े दुर्भाग्य के साथ कहना पड़ रहा है कि कांग्रेस और हेमंत सोरेन ने जानबूझकर बंगलादेशी घुसपैठियों को संरक्षण दिया। सत्ता के लालच में इन भूखे भेड़ियों ने घुसपैठियों को यहां बसाने के लिए सुविधाएं दीं, क्योंकि इन्हें उनके वोटों का लालच था। यही वजह है कि जो हिंदू कभी यहां 44 प्रतिशत थे, अब 28 प्रतिशत रह गए हैं। जबकि मुसलमानों की आबादी 4 प्रतिशत बढ़ गई है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस और हेमंत सोरेन ने मिलकर झारखंड की राजधानी 'रांची' को 'करांची' बना दिया। डॉ. यादव ने कहा कि अगर झारखंड की जनता अभी भी सतर्क नहीं हुई, तो हमारे बच्चों को भविष्य खतरे में पड़ जाएगा और हमारी संस्कृति के प्रतीक होली-दीपावली जैसे त्योहार भी संकट में आ जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तत्कालीन वाजपेयी सरकार ने झारखंड राज्य का गठन किया था, तब उन्होंने कहा था कि यह राज्य अपनी खनिज संपदा, प्राकृतिक संसाधन और जुझारू मानसिकता वाले लोगों के दम पर एक दिन भारत का 'नंबर एक' राज्य बनेगा। लेकिन दुर्भाग्य से यहां बेईमानों की सरकार आ गई, जिसने लोगों के जीवन पर डाका डाल दिया। इस चुनाव में आप भाजपा को चुनिए, आपके एक-एक वोट से 'नया सवेरा' निकलेगा और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में झारखंड देश का नंबर एक राज्य बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर भाजपा चलती है। यह सिर्फ एक नारा नहीं है, बल्कि भाजपा हर समाज, हर वर्ग को जोड़ने का काम भी कर रही है। यह भाजपा में ही हो सकता है, कि एक गरीब घर का बच्चा भी प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बन जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र का सबसे सुंदर पहलू यह है कि जनता अपने वोट से अपनी पसंद की सरकार बनाती है, जो जनता की भलाई के लिए काम करती है।

उन्होंने कहा कि वहीं कांग्रेस के लोग जनता के इस लोकतांत्रिक अधिकार पर डाका डाल रहे हैं।

सिर्फकांग्रेस ही नहीं, उसके सहयोगी दल भी लोकतंत्र का गला घोंटने में पीछे नहीं हैं, वो भी इसी लाइन पर चल रहे हैं।


## महाकुंभ में गूंजेगी कवियों की अमर वाणी

**प्रयागराज।** अगले साल जनवरी में संगम नगरी प्रयागराज में प्रस्तावित महाकुंभ के दौरान गुजरे जमाने के महान कवियों की अमर वाणी गूंजेगी। इलाहाबाद संग्रहालय देश के नामचीन हिन्दी साहित्यकारों की एक ऐसी गैलरी का नवीनीकरण करने जा रहा है, जो देश ही नहीं दुनिया की पहली हिन्दी साहित्यकारों की गैलरी है। आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक पहली बार सुमित्रानंदन पंत, मैथिलीशरण गुप्त से लेकर महादेवी वर्मा, रामधारी सिंह दिनकर और अज्ञेय जैसे महान लेखकों और कवियों को उनकी ओरिजिनल आवाज में सुन और देख सकेंगे।

संग्रहालय की ओर से इसकी व्यापक तैयारी की गई है। हिन्दी के दिग्गज कवियों और लेखकों की यह गैलरी देश दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनने जा रही है। इलाहाबाद संग्रहालय, प्रयागराज ने इसके लिए बाकायदा तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। संग्रहालय के डिप्टी क्यूरेटर डॉ. राजेश मिश्र कहते हैं।

# गांवों में विकास कार्यों के लिये ग्राम सभायें आयोजित करें: केजरीवाल

एजेंसी लुधियाना
www.dailypioneer.com



दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने राज्य के नवनिर्वाचित सरपंचों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने गांवों में ग्राम पंचायतें आयोजित करें ताकि विकास कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिये हर निर्णय जनता के सामने लिया जा सके। केजरीवाल ने कहा कि जनता के कल्याण और गांवों के समग्र विकास के लिये सार्वजनिक धन का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करना जरूरी है। वह राज्य स्तरीय समारोह के मुख्य अतिथि थे, जिसमें पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने राज्य भर से 10031 नवनिर्वाचित सरपंचों को शपथ दिलाई। केजरीवाल ने कहा कि गांवों के विकास से संबंधित निर्णय ग्राम सभाओं में लिये जाने चाहिए, ताकि धन का उचित उपयोग सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि यदि सरपंच अपना कर्तव्य अच्छी तरह से निभायें तो वे आम आदमी और अपने गांवों की तकदीर बदल सकते हैं। केजरीवाल ने कहा कि राज्य सरकार हर नेक काम के लिए सरपंचों को पूरा सहयोग देगी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने सरपंचों से राज्य से नशे के अभिशाप को मिटाने का आह्वान करते हुये कहा कि सरपंचों की सक्रिय भूमिका से पंजाब जल्द ही नशा मुक्त राज्य बन जायेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और पंजाब पुलिस इस नेक काम के लिये प्रतिबद्ध है और इस नेक काम में कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी। उन्होंने कहा कि सरपंचों की बहुत बड़ी भूमिका है और उन्हें अपने कर्तव्य का निर्वहन प्रभावी ढंग से करना चाहिये। उन्होंने उम्मीद जताई कि शपथ लेने के बाद ये सरपंच अपने गांवों को विकास के पथ पर ले जायेंगे। केजरीवाल ने कहा कि यह जानकर खुशी हो रही है कि करीब 3000 पंचायतें सर्वसम्मति से चुनी गयी हैं, जिससे गांवों के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरपंचों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा और अपने गांवों को मॉडल में बदलना होगा। उन्होंने कहा कि सरपंच ग्रामीणों से पूरी तरह विचार-विमर्श करने के बाद ही कोई निर्णय लें। इस बीच, अपने संबोधन में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सभी सरपंचों को प्रतिष्ठित पद पर चुने जाने पर बधाई दी।

उन्होंने कहा कि हाल ही में संपन्न पंचायतों के चुनावों में 13147 नयी पंचायतें चुनी गयी हैं। आज के राज्य स्तरीय समारोह में पंजाब के 19 जिलों के 10031 सरपंचों को शपथ दिलाई जा रही है।

## रानी कमलापति एवं कोटा से दानापुर स्पेशल ट्रेन की संचालन अवधि बढ़ी

एजेंसी भोपाल
www.dailypioneer.com



रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए भोपाल मंडल से गुजरने वाली रानी कमलापति-दानापुर-रानी कमलापति और कोटा-दानापुर-कोटा स्पेशल ट्रेन की संचालन अवधि बढाने का निर्णय लिया है।

पश्चिम मध्य रेलवे (पमरे) के भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता ने बताया कि गाड़ी संख्या 01661 रानी कमलापति-दानापुर स्पेशल दिनांक 19 नंवबर तक और गाड़ी संख्या 01662 दानापुर-रानी कमलापति स्पेशल दिनांक 20 नवंबर तक तथा गाड़ी संख्या 09803 कोटा-दानापुर स्पेशल दिनांक 14 नंवबर तक और गाड़ी संख्या 09804 दानापुर-कोटा स्पेशल दिनांक 15 नवंबर 2024 तक गन्तव्य के लिए अपने निर्धारित दिन एवं समय-सारणी के अनुसार चलती रहेगी। उन्होंने बताया कि गाड़ी संख्या 01661 रानी कमलापति-दानापुर द्वि-साप्ताहिक (शनिवार, मंगलवार) स्पेशल ट्रेन 12 नवंबर तक चलने वाली ट्रेन को 19 नवंबर तक बढ़ा दिया गया है। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01662 दानापुर-रानी कमलापति द्वि-साप्ताहिक (रविवार, बुधवार) स्पेशल ट्रेन 13 नवंबर तक चलने वाली ट्रेन को 20 नवंबर तक बढ़ा दिया गया है। इस बढ़ी अवधि का लाभ परमे के नर्मदापुरम, इटारसी, पिपरिया, गाडरवारा, नरसिंहपुर, जबलपुर, सिहोरा रोड, कटनी, मैहर एवं सतना के स्टेशनों को भी मिलेगा। इसीतरह गाड़ी संख्या 09803 कोटा दानापुर द्वि-साप्ताहिक (रविवार, गुरुवार) स्पेशल ट्रेन 10 नवंबर तक चलने वाली ट्रेन को 14 नवम्बर तक बढ़ा दिया गया है।

गाड़ी संख्या 09804 दानापुर-कोटा द्वि-साप्ताहिक (सोमवार, शुक्रवार) स्पेशल ट्रेन 11 नवंबर तक चलने वाली ट्रेन को 15 नवंबर तक बढ़ा दिया गया है।

# नकारात्मक बातें हैं भाजपा की पहचान: अखिलेश यादव

एजेंसी लखनऊ
www.dailypioneer.com



समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उपचुनाव में हार के डर से भारतीय जनता पार्टी नकारात्मक बातें कर रही है। यादव ने जारी बयान में कहा डरे हुए इंसान की सबसे बड़ी पहचान उसकी नकारात्मक बाते होती हैं। जिनके पास अपनी कोई उपलब्धि नहीं है वह दूसरों की बात करते हैं। नकली मुस्कान असलियत नहीं छुपा सकती है। अगर प्रतिशत में समझों तो सौ की सौ।

भाजपा उपचुनाव में सभी नौ-की-नौ सीटे हार रही है। पूरी भाजपा घबराई हुई है। लोकसभा चुनाव की हार से डरी भाजपा उपचुनाव का सामना नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की आठ साल की सरकार की कोई उपलब्धि नहीं है। जिसे जनता के बीच बताये। जनता भाजपा का सूपड़ा साफ करने को तैयार है। इसीलिए भाजपा नेतृत्व बदहवासी में अर्नगल और निम्न स्तरीय बयानबाजी पर उतर आया है। जनता सब कुछ देख रही है। भाजपा को कभी माफ नहीं करेगी। इतिहास की सबसे नकारात्मक सरकार को उत्तर प्रदेश विदाई देने के लिए तैयार है।

# 30 लाख नए तकनीकी शब्दों का हो चुका निर्माण: प्रो. झा

एजेंसी हरिद्वार
www.dailypioneer.com

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग के अध्यक्ष प्रोफेसर गिरीश नाथ झा ने कहा कि आयोग की ओर से 30 लाख से अधिक तकनीकी शब्दों का निर्माण किया जा चुका है। इन शब्दों का कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) के माध्यम से अंकीकरन का कार्य तेजी से किया जा रहा है। प्रो. झा हरिओम सरस्वती पीजी कॉलेज धनौरी में वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। मीडिया माध्यमों में नई तकनीकी शब्दावली का निर्माण विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आयोग निरंतर वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दों के निर्माण की दिशा में कार्य कर रहा है। उन्होंने आयोग के उद्देश्यों के बारे में भी विस्तार से बताया। आयोग की विभिन्न योजनाओं के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी। वरिष्ठ पत्रकार कुमार अतुल ने कहा कि मीडिया माध्यमों के लिए नई तकनीकी शब्दावली का निर्माण मौजूदा समय की जरूरत है। पत्रकारों को वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली से रूबरू कराने के लिए आयोग की ओर से सराहनीय कार्य किया जा रहा है। चमन लाल महाविद्यालय लंढौरा के प्राचार्य डॉ. सुशील उपाध्याय ने कहा कि मीडिया माध्यमों ने शब्दों को मूल भाषा के अनुसार स्वीकार किया है। मीडिया ने सभी भाषाओं को मिलकर अपनी अलग भाषा बनाई है। यह आम बोलचाल की भाषा है। तकनीकी सत्र को संबोधित करते हुए गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. अजीत सिंह तोमर ने कहा कि आधुनिक मीडिया में वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली के बिना कार्य करना संभव ही नहीं है। आज के दौर में सोशल मीडिया पर ब्लॉगिंग, पोस्ट शेयरिंग, लाइकिंग आदि का जमाना है। इस जमाने में हमें वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दों का ज्ञान होना जरूरी है। योगाचार्य डॉ. अंकित सैनी ने कहा कि अति दूरस्थ क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को तकनीकी शब्दावली से परिचित कराने के लिए आयोग के इस कार्य की जितनी सराहना की जाए कम है।

आयोग ने वास्तव में अति पिछड़े क्षेत्र के प्रतिभागियों के बीच आकर अपने उद्देश्यों की पूर्ति की है। वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग के सहायक वैज्ञानिक अधिकारी तथा संगोष्ठी के प्रभारी अधिकारी डॉ आकाश मोहन रावत ने कहा कि प्रो. गिरीश नाथ झा के निर्देशन में आयोग की ओर से नए कीर्तिमान स्थापित किया जा रहे हैं।

## निशांत यादव ने संभाला कार्यभार

**चंडीगढ़।** हरियाणा से 2013 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) निशांत यादव ने चंडीगढ़ उपायुक्त के तौर पर कार्यभार संभाल लिया है। यूटी सचिवालय में कार्यभार ग्रहण करने के बाद यादव उपायुक्त आफिस में पहुंचे और सभी ने उनका स्वागत किया। इस पर चंडीगढ़ युवा कांग्रेस के महासचिव सुनील यादव ने यादव के कार्यभार संभाल पर बधाइयां एवं शुभकामनायें प्रेषित करते हुये कहा कि वह युवा अधिकारी हैं और इनको कुशल-कर्मठ और क्षमतावान अफसरों में गिना जाता है, जिससे शहर में सकारात्मक परिवर्तन की उम्मीद दिखती है।

## बीएसएफद्वारा अमृतसर में दो ड्रोन बरामद

**अमृतसर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने अमृतसर सीमा पर दो अलग-अलग घटनाओं में दो पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किये हैं। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि अमृतसर जिले के महावा गांव से सटे एक खेत से पूर्वाह्न करीब 11:50 बजे चीन निर्मित डीजेआई माविक 3 क्लासिक ड्रोन बरामद किया गया। दूसरा ड्रोन अमृतसर जिले के धारीवाल गांव से सटे एक खेत से दोपहर बाद करीब 14:50 बजे बरामद किया गया। माना जा रहा है कि दोनों ड्रोन सीमा पर तैनात तकनीकी जवाबी उपायों के सक्रिय होने और बीएसएफखुफिया तंत्र की सूचना पर देखे जाने के कारण नष्ट हो गये।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**हिसार।** हरियाणा के हिसार में रायपुर रेलवे स्टेशन के पास रेलगाडी की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी। रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लिया, फिलहाल युवक की पहचान नहीं हुई है। पुलिस ने बताया कि शव को कुत्तों द्वारा नोचा हुआ था। युवक का एक हाथ नहीं मिला। वहीं पेट का हिस्सा भी गायब मिला। शव को पोस्टमॉर्टम के लिये नागरिक अस्पताल में भेज दिया है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि युवक की उम्र करीब 30 साल लग रही है। उसके कपड़ों में कोई कागजात नहीं मिला है, जिससे उसकी पहचान हो सके। युवक ने जींस पहनी हुई है। उसका चेहरा भी खराब हो चुका है, जिससे शव की पहचान करना मुश्किल हैं।

## तेलंगाना में पुलिस उप-निरीक्षक 20 हजार रुपये रिश्वत लेते गिफ्तार

**हैदराबाद।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने तेलंगाना में एक पुलिस उप-निरीक्षक को कथित तौर पर 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी निज़ामाबाद जिले के वर्नी पुलिस स्टेशन का उप-निरीक्षक है और उसका नाम बी कृष्ण कुमार है। उसने कथित तौर पर बीएनएसएस की धारा 35 के तहत नोटिस जारी करने के लिए रिश्वत की मांग की और रिश्वत लेते हुये शिकायतकर्ता को आश्वासन दिया कि भविष्य में उसे परेशान नहीं किया जाएगा। एसीबी के एक बयान के अनुसार, कृष्ण कुमार ने वर्णी पुलिस स्टेशन के परिसर में अपने वाहन के अंदर रिश्वत स्वीकार की। उसने बेईमानी से काम किया और व्यक्तिगत लाभ के लिए अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग किया। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद हैदराबाद में एसपीई और एसीबी मामलों के विशेष न्यायाधीश के सामने पेश किया गया।

## समृद्धि का प्रतीक है गौमाता: देवनानी

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गोपाष्टमी पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर देवनानी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गाय पूजनीय है। वह केवल पशुधन नहीं हैं। गौ माता मातृत्व और समृद्धि का प्रतीक है। गाय का पूरी दुनिया में महत्व है और भारत में प्राचीन काल से ही गाय भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ रही है। वैदिक काल में गायों की संख्या व्यक्ति की समृद्धि की पहचान होती थी। ऐसी मान्यता है कि गाय के शरीर में देवी-देवताओं का वास होता है।

# सैनी ने हशविप्रा की 127वीं बैठक की अध्यक्षता

वार्ता चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शुक्रवार को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (हशविप्रा) की 127वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुये भूखंड आवंटियों को एन्हांसमेंट से संबंधित मामलों के निपटान और आवंटियों को राहत देने के उद्देश्य से विवादों का समाधान योजना शुरू करने की घोषणा की है। सैनी ने कहा कि योजना की शुरुआत गुरु नानक देव जी की जयंती के अवसर पर 15 नवंबर को होगी और छह माह तक योजना लागू रहेगी। इस योजना के तहत लगभग सात हजार से अधिक भूखंड आवंटियों को बड़ी राहत मिलेगी। बैठक में कुल 65 एजेंडा रखे गये और सभी एजेंडों को मंजूरी दी गयी। उन्होंने कहा कि भूखंड आवंटियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं चाहिये और एन्हांसमेंट के अलावा अन्य लंबित मामलों का भी जल्द से जल्द निपटान सुनिश्चित किया जाये। बैठक में जानकारी दी गयी कि पहले भी समय-समय पर विवादों का समाधान योजना शुरू की गयी थी, जिसमें कुल मिलाकर अभी तक 40,762 डिफॉल्ट आवंटियों ने लाभ उठाया है और उन्हें लगभग 1560 करोड़ रुपये की राहत मिली है। अब 15 नवंबर से एक बार फिर विवादों का समाधान योजना शुरू की जा रही है। बैठक के दौरान भूखंड आवंटियों द्वारा किसी कारणवश ऑक्यूपेशन सर्टिफिकेट न लिये जाने बारे चर्चा की गयी।

## ओडिशा सड़क दुर्घटना में बस चालक की मौत, 30 घायल

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के नयागढ़ जिले के नुआगांव थाना अंतर्गत दासपल्ला के निकट सोरोदा चौक पर सड़क किनारे पेड़ से टकराकर पलट जाने से बस के चालक की मौत हो गई और 30 से अधिक यात्री घायल हो गए। जिनमें से आठ गंभीर रूप से घायल हैं। सूत्रों ने बताया कि बस में 40 यात्री सवार थे और यह दुर्घटना उस समय हुई जब यह बस रायकिया से भुवनेश्वर जा रही थी। उसी दौरान, बस सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकराकर पलट गयी। इस घटना में बस चालक की मौत हो गयी और 30 से अधिक यात्री घायल हो गये। इनमें से आठ लोग गंभीर रूप से घायल हुये हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल कर्मी मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को नयागढ़ के जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया है।

# दीर्घकालीन सहकारी कृषि एवं अकृषि ऋण ब्याज अनुदान योजना लागू

वार्ता जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान सरकार ने कृषि एवं उससे जुड़े क्षेत्रों में उत्पादन और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से दीर्घकालीन सहकारी कृषि एवं अकृषि ऋणों पर ब्याज अनुदान योजना, 2024-25 लागू करने के आदेश जारी कर दिये हैं। सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि राज्य में पहली बार दीर्घकालीन कृषि ऋणों का समय पर चुकारा करने पर सात प्रतिशत ब्याज अनुदान दिया जायेगा। यह अनुदान वर्ष 2024-25 के दौरान वितरित ऋणों का समय पर चुकता करने पर दिया जायेगा। दक ने बताया कि राज्य सरकार ने वर्ष 2024-25 के बजट में दो प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज अनुदान की घोषणा की थी, जिसे किसान हित में प्राथमिकता से लागू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जिन किसानों द्वारा पूर्व में कृषि ऋण प्राप्त किया है और वे अपने ऋण का समय पर चुकारा कर रहे हैं, ऐसे किसानों को पांच प्रतिशत ब्याज अनुदान का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि पहली बार इस योजना के तहत उत्पादक अकृषि ऋणी किसानों को भी सम्मिलित करके लाभान्वित किया गया है। अब उत्पादक अकृषि ऋणों का समय पर चुकता करने वाले किसानों को भी पांच प्रतिशत ब्याज अनुदान का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यम से समय पर अपने ऋण की किश्तों का भुगतान करने वाले किसानों को प्रोत्साहित करते हुये किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार अधिकाधिक ऋण की सुविधा उपलब्ध कराना है। दक ने बताया कि यह योजना राज्य के प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंक एवं केन्द्रीय सहकारी बैंकों के माध्यम से वितरित कृषि एवं अकृषि ऋणों के समय पर चुकारा करने पर लागू होगी। उन्होंने बताया कि यदि कोई किसान केन्द्रीय सहकारी बैंक के माध्यम से सहकार किसान कल्याण योजना के तहत इस वर्ष कृषि ऋण लेता है और वह उसका नियमित चुकारा करता है तो उसे सात प्रतिशत ब्याज का अनुदान मिलेगा। इस प्रकार उसे मात्र चार प्रतिशत की दर से ही ब्याज का भुगतान करना होगा। उन्होंने बताया कि इस बार ब्याज अनुदान के लिये कुल 39 करोड़ 75 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। योजना के लागू होने से किसान आधुनिक खेती के लिये प्रोत्साहित होंगे और भूमि सुधार करते हुये उत्पादकता को बढ़ा पायेंगे। इससे किसानों की आय में बढ़ोत्तरी होगी और सहकारी बैंक अधिक किसानों को कृषि एवं अकृषि ऋण मुहैया करा पायेंगे।

# सुक्खू ने डीसी-एसपी सम्मेलन कार्यक्रम की अध्यक्षता की

वार्ता शिमला
www.dailypioneer.com



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने डीसी-एसपी सम्मेलन के दूसरे दिन के कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये हमीरपुर, मंडी, कांगड़ा, कुल्लू, सिरमौर, शिमला और सोलन जिलों के अधिकारियों को अपने-अपने जिलों में सुशासन पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिये। सुक्खू ने सभी उपायुक्तों को उपमंडल स्तर पर राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं की समीक्षा करने और 31 दिसंबर, 2024 तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सभी डीसी और एसपी की वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीआर) के लिए नए प्रदर्शन-आधारित नियम बनाये हैं। पिछली वर्णनात्मक ग्रेडिंग प्रणाली की तुलना में अधिकारी मूल्यांकन के लिये अब संख्यात्मक ग्रेडिंग सिस्टम लाया गया है। उन्होंने अधिकारियों को अवैध खनन और मादक पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने अवैध खनन को प्रभावी ढंग से रोकने के लिये स्थानीय लोगों को शामिल करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मादक पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफकार्रवाई तेज करने के लिये आईजी स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में एक विंग बनाने पर विचार कर रही है। मुख्यमंत्री ने युवाओं को नशे से बचाने के लिये राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को भी दोहराया। मुख्यमंत्री ने सभी उपायुक्तों को एफसीए क्लीयरेंस मामलों में तेजी लाने के निर्देश दिये ताकि लोगों को समय पर विकास परियोजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने सभी उपायुक्तों को निर्देश दिये कि वे 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके अनाथ बच्चों को परामर्श प्रदान करें। उन्होंने बेसहारा पशुओं की समस्या के समाधान के लिये उपायुक्तों को जिला मुख्यालयों पर गोशालाओं के निर्माण के लिये भूमि की पहचान करने के निर्देश दिये।

## शाहजहांपुर में रामगंगा पुल के निर्माण की प्रक्रिया जल्द होगी शुरू

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में डबल लेन युक्त रामगंगा पुल के निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। अधिकृत सूत्रों ने बताया कि कोलाघाट तहसील में रामगंगा व बैगुल नदी पर इस नए पुल का निर्माण 137.02 करोड़ रुपए की लागत से पूरा किया जाएगा। नए पुल का निर्माण पुराने पुल के समीप ही किया जाएगा जिससे स्टेट हाइवे 163 पर यातायात सुगम होगा तथा जलालाबाद-शमशाबाद-मोहम्मदाबाद-सौरिख-बिधूना मार्ग पर कनेक्टिविटी बढ़ेगी। इस कार्य को उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड द्वारा पूरा किया जाएगा जिसकी तैयारी शुरू हो गई है। उन्होने बताया कि पुल के निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड ने एक परियोजना के तहत काम भी शुरु कर दिया है। यह पुल 1802.14 मीटर लंबा और डबल लेन बेस्ड होगा जिसे पहुंच मार्गो के जरिए कनेक्टिविटी प्रदान की जाएगी। प्रक्रिया के अंतर्गत कुल 2,202.14 मीटर क्षेत्र में निर्माण व विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा जिसमें 200 मीटर के दो कनेक्टिंग रोड समेत सुरक्षात्मक कार्यों को पूरा किया जाना निर्धारित है। सूत्रों के अनुसार डबल लेन पुल व कनेक्टिंग रोड्स के निर्माण व विकास कार्यों को पूरा करने के लिए डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर), आर्किटेक्चरल डिजाइन समेत प्रारंभिक चरण की रिपोर्ट निर्धारण प्रक्रिया विभाग में शुरू हो गई है।

# किसानों को खाद कम, लठियां ज्यादा मिल रही हैं: अभय चौटाला

वार्ता चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने आरोप लगाया कि हरियाणा में किसानों को खाद कम और लाठियां ज्यादा मिल रही हैं और प्रदेश का कोई जिला ऐसा नहीं बचा है, जहां किसान भाजपा सरकार की प्रताड़ना सहन न कर रहा हो। उन्होंने यहां जारी बयान में कहा कि यह हमारे प्रदेश का दुर्भाग्य है कि डीएपी खाद न मिलने पर किसान आत्महत्या करने पर मजबूर हैं। बड़े दुख की बात है कि उकलाना में एक किसान ने खाद न मिलने के कारण आत्महत्या कर ली। हलका बरोदा के गांव कोहला में बिना किसी मुआवजे के जबरदस्ती किसानों की जमीन पर तेल की पाइप लाइन बिछाई जा रही है, उसका विरोध करने पर किसानों को लाठियों से पीटा गया। किसानों पर लगातार अत्याचार किये जा रहे हैं और भाजपा सरकार जानबूझकर अंधी, गूंगी और बहरी बनी बैठी है। इनेलो नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने किसान को प्रताड़ित करने के लिये लाइन में खड़ा कर दिया है, ताकि किसान अपने खेत में काम न कर सके। उन्होंने कहा कि इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि अन्नदाता को जहां अपनी फसल बेचने के लिये लाइन में लगना पड़ता है, वहीं फसल उगाने के लिये जरूरी खाद, बीज और दवाइयां लेने के लिये भी लाइन में लगना पड़ता है। भाजपा सरकार किसानों को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के लिये हर संभव प्रयास कर रही है।

सरकारी संरक्षण में लोग डीएपी का बैग ब्लैक में बेच रहे हैं और मुख्यमंत्री बयान दे रहे हैं कि डीएपी खाद की उपलब्धता में कोई कमी नहीं है।

# अंधे हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, मृतक को पोता ने ही मारा, जमीन को लेकर हुआ था विवाद

पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



6 नवम्बर को आमोडी गांव के पण्डरीपारा में मृतक सन्नूराम पिता स्व बुधूराम उईके उम्र 58 वर्ष निवासी अमोडी पण्डरीपारा की अंधी हत्या का पुलिस ने खुलासा करते हुए मृतक के पोता को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने दादा की सिर्फ इसीलिए हत्या कर दी क्योंकि दीपावली के दिन जमीन विवाद हुआ था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। आरोपी का नाम सुरेश कुमार उईके पिता साथचेर उम्र 25 वर्ष निवासी अमोडी पण्डरीपारा थाना दुर्गुकोन्दल है।

मिली जानकारी के अनुसार 6 नवम्बर को प्रभूराम उईके उम्र 32 वर्ष निवासी पण्डरीपारा आमोडी ने थाना दुर्गुकोन्दल में रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरे पिता सन्नूराम उईके 6 नवम्बर के शाम करीबन 07.30 बजे घर से खाना खाकर खेत लाडी में सोने के लिये गया था। कि 6 नवम्बर के 08.00 बजे के मध्य कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा हत्या कर दिया है। रिपोर्ट पर 32/24 धारा 194 BNSS कायम कर मामला अपराध धारा 103 BNS का पाये जाने से अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक कांकेर इंदिरा कल्याण एलिसेला , अति. पुलिस अधीक्षक भानुप्रतापपुर संदीप कुमार पटेल, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कांकेर गिरजा शंकर साव के दिशा निर्देश व थाना प्रभारी थाना दुर्गुकोन्दल योगेश कुमार सोनी के नेतृत्व में टीम गठित कर अज्ञात आरोपी की पता तलाश में घटना स्थल मृतक का कोठार लाडी ग्राम अमाडी पहुंचकर घटना स्थल को सुरक्षित कर बिरिकी से निरीक्षण एवं सीन ऑफ काईम मोबाईल युनिट प्रभारी कांकेर व डॉग स्काट के मद्द से घटना स्थल का निरीक्षण किया गया।

आरोपी का लगातार पतातलाश कोशिश करने पर 24 घण्टे के अन्दर संदेही सुरेश कुमार उईके को पूछताछ करने पर बताया गया कि दिपावाली त्यौहार के दिन हुई जमीन विवाद संबंधी झगडा हई थी। जिसमें प्रार्थी और मृतक सन्नूराम दोनों में से किसी को भी एक को जान से मार दूंगा बोला था, जिसका गांव स्तर पर बैठक दुसरे दीन रखा गया था। जिसमें उपस्थित नहीं हुआ था पूरानी रांजीश को लेकर दिनांक घटना को रात्रि करीबन 09.30 बजे शराब के नाश में मृतक का लाडी कोठार में जाकर सोया हुआ सन्नू उईके के सिर में बांस के डंडा से ताबकतोड हमला कर हत्या कर दिया। पुछताछ के दौरान आरोपी सुरेश कुमार उईके पिता सावघेर उम्र 25 वर्ष निवासी अमोडी पण्डरीपारा अपराध करना कबूल करने पर दिनांक 07 नवंबर के 19.30 बजे गिरफ्तार किया गया एवं गिरफ्तारी की सूचना आरोपी के परिजनों को देकर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय भानुप्रतापपुर पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में सउनि सोने, प्र.आर. 139 गजेन्द्र गेण्डरे, प्र.आर. 402 सुग्रीव बाहबल, आर. अनिल मरकाम, विलखम वट्टी, अवध नाग, कृपाल कोडोपी का योगदान रहा।

# राज्योत्सव के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा स्टॉल लगाकर आमजनों को दी गई विधिक जानकारी



पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के अवसर पर उत्तरा कुमार कश्यप, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोंडागांव के मार्गदर्शन में एवं गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के नेतृत्व में तीन दिवसीय विकास नगर स्टेडियम कोंडागांव में आयोजित राज्योत्सव में स्टॉल लगाकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के रिटेनर अधिवक्ता एवं अधिकार मित्र के द्वारा आमजनों को नालसा एवं सालसा के योजनाओं के संबंध में विधिक जागरूक किया गया। साथ ही प्रोजेक्टर लगाकर नालसा के योजनाओं से संबधित शार्ट फिल्म दिखाया गया तथा आगामी नेशनल लोक अदालत 14 दिसंबर के संबंध में एवं विभिन्न योजनाओं के संबंध में पॉम्पलेट वितरण किया गया। जिसमें महिलाओं के अधिकार, बाल अधिकार, सम्पत्ति विवाद, निःशुल्क कानूनी सहायता नागरिकों को उनकी कानूनी अधिकार, टोन्ही प्रताड़ना अधिनियम 2005 के संबंध में व विधिक सहायता एवं सलाह कैसे एवं किन-किन रूपों में प्राप्त की जा सकती हैं तथा निःशुल्क विधिक सहायता आवेदन भरने की प्रक्रिया तथा नालसा हेल्प लाईन नम्बर 15100 के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। ताकि न्याय से कोई भी वंचित न रहें न्याय सबके लिए। इस अवसर पर सुरेन्द्र भटट प्रतिधारक अधिवक्ता प्रबंध कार्यालय कोंडागांव, कार्यालय स्टॉफ एवं अधिकार मित्र रविन्द्र सिंह बघेल, पारेश्वर देवागंन, विवेक कश्यप, हसीना खान व जरीना बानों उपस्थित रहें।

# बारसा दुलाराम को कार्यकर्ता ने दिया भावभीनी श्रद्धांजलि



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

कामरेड बारसा दुलाराम को लाल सलाम का नारा लगाते हुए शुक्रवार शाम 5:30 बजे सीपीआई और एसकेएमएस के कार्यकर्ताओं ने बारसा दुलाराम को याद किया।इस अवसर पर रामपुर कैम्प स्थित बारसा दुलाराम चौक में पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। उपस्थित नेता ने संबोधित करते हुए बारसा दुलाराम की पूर्व में किए गए कार्य पर सराहना किया। एसकेएमएस सचिव राजेश संधू ने कहा कि जो 11सी माइंस में हजारों कर्मचारियों का रोजगार का साधन है यह दुलाराम का ही देन है और कहा बारसा की तरह समाज में नेता पैदा बहुत कम होते हैं उनके जैसा ही नेता बनना चाहिए।इस दौरान के.साजी मधुकर सीताप, नरसिम्हा रेड्डी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कांग्रेस सरकार के कार्यों का पुनः भूमिपूजन कर वाहवाही बटोरने का काम कर रही लता उसेंडी : झूमूकलाल दीवान

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

पूर्व सरकार में स्वीकृत कार्यों का जिनका भूमिपूजन तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तत्कालीन कोंडागांव विधायक मोहन मरकाम द्वारा किया जा चुका है उसे वर्तमान विधायक लता उसेंडी द्वारा पुनः भूमिपूजन कर सुर्खियां बटोरने का काम किया जा रहा है। आपको बता दें कि, माकड़ी ब्लॉक के बालोंड मे आयोजित कार्यक्रम में विधायिका लता उसेंडी ने जिन कार्यों का भूमिपूजन किया हैं उन कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति 22 अक्टूबर 2022 को मिल चुकी हैं। जिस समय कांग्रेस पार्टी की सरकार थी जिसके आधार पर पूर्व में है मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विधायक मोहन मरकाम द्वारा भूमिपूजन किया गया और कार्य भी प्रारम्भ होकर लगभग 10 प्रतिशत कार्य हो चुका है वहाँ जाकर लता उसेंडी द्वारा पुनः भूमिपूजन करना सिर्फ वाहवाही बटोरने का काम है। कांग्रेस पार्टी भाजपा की ऐसी नीतियों का विरोध करती है। प्रशासन द्वारा लगातार भाजपा के इसारों मे पूर्व में स्वीकृत कार्यों के टेंडर प्रक्रिया में देरी किया जा रहा हैं। यहाँ तक भूमिपूजन हुए स्थल तक को बदला जा रहा हैं यह द्वेष पूर्ण कार्य भाजपा के इसारों में प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। भाजपा को सत्ता में आये साल भर होने जा रहा है और अब तक एक भी बड़ा काम नहीं हुआ है जो भी कार्य वर्तमान में संचालित हो रहा है वे सभी कार्य पूर्व के कांग्रेस सरकार के कार्य हैं। वर्तमान सरकार मे अंधेर नगरी चौपट राजा की कहानी को चरितार्थ किया जा रहा है जिला अस्पताल कोंडागांव में भोजन का काम बिना टेंडर प्रक्रिया के अपने चहेते लोगों को दिया गया है जबकि 1 लाख से ऊपर के कार्यों में टेंडर प्रक्रिया अपनाई जाती हैं। हमारे सरकार के दौरान भी टेंडर प्रक्रिया से कार्य होते आया है यहां पर प्रशासन द्वारा सांठ-गांठ कर काम चल रहा है हम सभी कांग्रेस पार्टी के लोग लगातार जनता की आवाज को बुलंद करते आई है। आगे भी जनता की आवाज को उठाते रहेंगे। लता उसेंडी को भाजपा को क्षेत्र की जनता ने क्षेत्र के विकास के लिए चुना है आप जनता को गुमराह न करें और क्षेत्र विकास ने बढ़ चढ़ कर काम करें। चुनावी घोषणा पत्र मे प्रत्येक तीन गाँवो मे धान खरीदी केंद्र खोले जाने व प्रत्येक पंचायत मे धान की राशि भुगतान किये जाने की बात कही गयी थी उन वादों को अमल करें तत्काल पूरा करें ताकि हमारे किसान भाइयों को इसका लाभ मिल सके। वर्तमान सरकार द्वारा भाजपा के लोगों द्वारा प्रशासन द्वारा कांग्रेस पार्टी के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का भी लगातार अपमान किया जा रहा है जो की अत्यंत निंदनीय हैं।

# स्वच्छ पंडीपारा सुंदर पंडीपारा बनाने सात दिवसीय विशेष शिविर का आगाज



पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेलेगांव राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का 7 दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ ग्राम पंचायत हरनपुरी पंडीपारा में हुआ। सतीश लटिया जिला अध्यक्ष भाजपा कांकेर के मुख्य आतिथ्य, सरपंच श्रीमती रुखमणी गोटा की अध्यक्षता एवं जय शिवना भाजपा मंडल महामंत्री के विशिष्ट आतिथ्य में शुभारंभ हुआ। अपने संबोधन में सतीश लाटिया ने कहा कि विद्यार्थियों को कम संसाधन के बावजूद कठिन परिश्रम से हमें एक सफल इंसान कैसे बनना है, रासेयो सिखाता है। कार्यक्रम अधिकारी के एल कटेंद्र ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा थीम पर ग्राम हरनपुरी को स्वच्छ पंडीपारा सुंदर पंडीपारा बनाने पचास स्वयंसेवकों के साथ सात दिनों तक विविध गतिविधियों के माध्यम से ग्राम वासियों को जागरूक करने का प्रयास किया जावेगा। इसके पूर्व ज्ञान दायिनी मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलन कर रासेयो ध्वजारोहण किया गया।

# हर शोषित, वंचित, पीड़ित महिला को मिलेगा न्याय : दीपिका

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी ने प्रेस क्लब सुकमा में प्रेस वार्ता कर कहा कि समाज की हर शोषित, वंचित, पीड़ित महिलाओं को अब महिला आयोग के माध्यम से न्याय मिलेगा,उन्होंने अपनी नियुक्ति को लेकर प्रदेश संगठन का आभार व्यक्त करते हुए सुकमा के सभी पत्रकारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मीडिया का मुझे हमेशा सहयोग मिला है और आज मैं जिस स्थान पर हूँ उसमें मीडिया का भी बहुत बड़ा योगदान है,उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में सुकमा जिले के साथ बस्तर संभाग में यदि किसी महिला या बालिकाओं के साथ कुछ गलत होता है तो मैं स्वतः संज्ञान में लेकर उन्हें न्याय दिलाऊंगी।



**बस्तर संभाग के बालिका होस्टल एवं आँगनबाड़ी केंद्रों पर रहेगी विशेष नजर -** दीपिका ने यह भी कहा कि प्रेस के माध्यम से अन्य सूत्रों से बालिका हॉस्टल की स्तिथि की जानकारी मिलती रहती है जिसमें उनके स्वास्थ्य के साथ साथ उनकी सुविधाओं को लेकर मेरी विशेष नजर रहेगी क्योंकि हमारे बस्तर में अधिकांश हॉस्टल में आदिवासी बालिकाएं रहकर अध्ययन कर रही हैं जो स्वभाव से संकोची होने के कारण व जानकारी के अभाव में जो शासन उन्हें सुविधा मुहैया करवा रही है उसकी जानकारी नहीं रहती और इसका फायदा अन्य लोग उठाते हैं ऐसे लोगों को सही दिशा में लाना व बस्तर संभाग के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों का भी लगातार दौरा कर उनकी स्तिथि सुधारना एवं सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर उसमें शासन के द्वारा दी गई सुविधा का कितना लाभ हमारे बच्चे ले रहे हैं उनका निरक्षण कर उसकी स्तिथि सुधारना मेरी प्राथमिकता रहेगी।

**महिला जेल में महिलाओं की स्थिति पर फोकस -** दीपिका ने यह भी कहा की महिला जेल में सजायाफ्ता या विचाराधीन महिला कैदियों से भी लगातार मिल कर उनका हाल जानकर महिला जेल की स्तिथि सुधारना भी मेरी प्राथमिकता में रहेगा। दीपिका ने यह भी कहा कि मैं समस्त शासकीय कार्यालय सेवा दे रही महिला कर्मचारियों से भी कहना चाहती हूं कि किसी भी प्रकार से यदि आपका शोषण हो रहा है तो मुझे अपनी बहन, बेटी समझ कर तत्काल बताएं यदि मुझ तक आपकी बात पहुंचती है तो निश्चित ही आपके साथ न्याय होगा साथ ही यह भी कहा की जल्द ही एक मोबाइल नम्बर भी सार्वजनिक किया जावेगा जिसमें वो सातों दिन चौबीस घण्टे काल करके अपनी समस्या बता सकते हैं जिसे मैं संज्ञान में लेकर राज्य महिला आयोग के माध्यम से निराकरण करूँगी।

## जनजाति समाज का ऐतिहासिक, सामाजिक और आध्यात्मिक को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# छात्र-छात्राओं द्वारा रंगोली, पोस्टर व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया

पायनियर संवाददाता
◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



यह आयोजन जनजाति समाज की गौरवशाली अतीत को याद करने का मुख्य उद्देश्य है, अपने अतीत की संस्कृति को आबाद गति से चल रही है, इसमें जनजाति समाज के जो गौरव है उसे हम भूलते जा रहे हैं, उन्हें याद करना है। भारत में वन्य संस्कृति, ग्राम्य संस्कृति, नगरीय संस्कृति है, वही भारत की मूल संस्कृति और आत्मा है, जनजाति संस्कृति में हमेशा से सम्मान करना, गलत को गलत कहना, सही को सही कहना ही जनजाति संस्कृति की मूल परम्परा को और श्रेष्ठ बनाता है उक्त बातें महर्षि वाल्मीकि कॉलेज में मंगलवार को आयोजित जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक, सामाजिक और आध्यात्मिक को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला के आयोजन में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित सतीश गोकुल पंडा ने कही। पंडा ने आगे कहा कि आजादी की लड़ाई में जनजाति समाज के लड़ाई में आगे रहने वालों को याद करना है। अंग्रेज सबसे ज्यादा नाराज रहते थे और जहां पर जनजाति रहे उस क्षेत्र में अंग्रेज कभी जीत नहीं पाया। इससे अंग्रेजों ने जनजातियों का छवि खराब करने का प्रयास किया। आज भी जनजाति के संबंध में अध्ययन के लिए एंथ्रोपोलॉजी बनाया, इसका मतलब जूलॉजी यानी जंतुओं, जानवरों में रखा। जनजातियों के प्रति अंग्रेजों ने जिस चश्मा से देखा उस चश्मा को बदलना है। इनके बारे में अध्ययन करने के लिए म्यूजियम में नहीं उनके पास प्रत्येक रूप से जाकर करना चाहिए। कार्यशाला में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष र`श सिंह ने आयोजन को सराहा और सरकार के इस पहल से कार्यशाला में शामिल सभी लोगों से अपील करते वही यहां की जानकारी को समाज के अन्य हिस्सों में सांझा कर प्रचार प्रसार करने की बात कही। संस्था प्रमुख द्वारा अध्यक्षीय उदबोधन करते हुए भारत सरकार व छत्तीसगढ़ सरकार को जनजाति गौरव दिवस के आयोजन को लेकर बधाई देते हुए कहा कि यह पहला अवसर है कि सरकार द्वारा जनजाति समाज के देश के विभिन्न हिस्सों पर अपने प्राणों की आहुति देने वालों वीर जननायकों को आज हम सब सामुहिक रूप से उनके संघर्षों याद करने व जानने का अवसर मिल रहा है। कार्यक्रम को विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित कराठी ग्राम पंचायत के सरपंच चेतन मरकाम ने भी संबोधित कर भारत सरकार और छत्तीसगढ़ को आयोजित जनजाति गौरव कार्यशाला के लिए बधाई दी। कार्यक्रम की प्रस्तावना कार्यक्रम के संयोजक कमल किशोर प्रधान एवं आभार सह संयोजक सुषमा चालकी द्वारा किया गया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक श्यामानंद डहेरिया, रमेश कुमार दर्रो, गणमान्य। नागरिक कोमल सिंह राजपूत, रामबाई गोटा, बीईओ सदेसिंह कोमरे, सतीश श्रीवास्तव, देवेंद्र टेकाम, आकाश सोलंकी, गिरधारी नरेटी, कमलेश निषाद, रमल कोर्राम सहित महाविद्यालीन स्टाफ, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, आदि उपस्थित थे।

फार्मेट सी-2

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटेरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य)
में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर 2018 के निर्णय के अनुसार)

राजनैतिक दल का नाम- **इंडियन नेशनल कांग्रेस**
निर्वाचन का नाम - **विधानसभा उप-चुनाव 2024**
राज्य/संघ शासित क्षेत्र का नाम - **छत्तीसगढ़**

| 1 | 2 | 3 | | 4 | | 5 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | लंबित आपराधिक मामले | | आपराधिक मामलों के लिए दोष सिध्दि के विषय के संबंध में विवरण | |
| स.क्र. | अभ्यर्थी का नाम | निर्वाचन क्षेत्र का नाम | | न्यालय का नाम, मामले की सं. एवं मामलों की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धाराएं और अपराध का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम एवं आदेशा(शों) की तारीख | अपराध(धों) और अधिरोपित किए गए दण्ड का विवरण |
| 1 | श्री आकाश शर्मा | 51 | रायपुर नगर दक्षिण | न्यायालय श्रीमान न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, रायपुर 22283/2013 - प्रकरण लंबित है। | धारा-353,186,188, 332,147,148भा.दं.वि. एवं शासकीय कार्य में बाधा डालने का आरोप। | लागू नहीं | लागू नहीं |
| | | | | न्यायालय श्रीमान न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, रायपुर 20471/2015 - प्रकरण लंबित है। | धारा-147,149, 427 भा.दं.वि. तथा धारा 03 लोक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम एवं शासकीय कार्य में बाधा डालने का आरोप। | लागू नहीं | लागू नहीं |
| | | | | न्यायालय श्रीमान न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, रायपुर 4884/2018 - प्रकरण लंबित है। | धारा-147,353, 186, 332, 427 भा.दं.वि. एवं शासकीय कार्य में बाधा डालने का आरोप । | लागू नहीं | लागू नहीं |
| | | | | न्यायालय श्रीमान न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, रायपुर 2794/2018 - प्रकरण लंबित है। | धारा-147,321, 294 भा.दं.वि. एवं बल्वा, स्वेच्छ्या उपहित करने का आरोप। | लागू नहीं | लागू नहीं |

राज्य सभा के निर्वाचन और विधानसभा सदस्यों द्वारा, विधानपरिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

(मलकीत सिंह गैदू)
प्रभारी महामंत्री (संगठन एवं प्रशा.)
छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी

# सेवा सुगंधम सामाजिक संस्था के सम्मान का अनोखा पहल सराहनीय : विधायक अनुज शर्मा



### अस्पताल से बचपन का नाता है

सामाजिक संस्था सेवा सुगंधम जनकल्याण समिति कि और से टिकेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि धरसींवा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से हमारा 50 साल पुराना नाता है जब मेरे पिता दमा के मरीज थे तो लेकर आने पर यहां के डाक्टर निस्वार्थ भाव से सेवा मे तत्पर हो जाते थे ऐसे मे जो 24 घंटे सेवारत रहते है दीपावली के अवसर पर यह सम्मान करना हमारा नैतिक दायित्व बनता है जो कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अनुज शर्मा के हाथों से हुआ।

### सेवारत संस्थानों को चाय काफी का मशीन सप्रेम भेट

सेवा सुगंधम सामाजिक जनकल्याण समिति रायपुर के द्वारा सम्मानित संस्था पुलिस थाना व सामुदायिक स्वास्थ्य धरसींवा को यादगार स्वरूप चाय काफी मशीन विधायक अनुज शर्मा के करकमलों से भेंट किया गया।

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com

सेवा सुगंध म सामाजिक जन कल्याण समिति द्वारा आयोजित सतत सतत सेवारत सम्मान समारोह 2024 आत्मीय, समस्त डॉक्टर एवं स्टाफगण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धरसीवां मे आयोजित हुआ। जिसे सतत मानव सेवा जिसकी पहचान है। 24*7 घंटे अनवरत विभिन्न परिस्थितियों में जो सभी जन सेवा और मानव कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत भर के मुख्य त्यौहार दीपावली में, जहां लोग देश-विदेश से अपने घरों को लौटकर परिवार के साथ लक्ष्मी पूजा और दीपावली को आनंद मनाते हैं। ऐसे त्यौहार में भी ये लोग परिवार से दूर रहकर अपना चुनौतीपूर्ण दायित्व मुस्तैदी से करते हैं। जनसेवा, समाज सेवा एवं राष्ट्र सेवा का यह सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। उक्त आशय के परिपेक्ष्य मे ही इस सेवा सुगंधम सामाजिक जनकल्याण समिति रायपुर के द्वारा इस दीप पर्व को समस्त पुलिस व सामुदायिक स्वास्थ्य के डाक्टर व समस्त स्टाफ का सम्मान धरसींवा क्षेत्र के विधायक अनुज शर्मा के करकमलों से प्रशस्ति पत्र भेट कर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पदमश्री अनुज शर्मा, विधायक धरसीवां विशेष अतिथि आशीष नचरानी, समाज सेवी रायपुर, धरसींवा टीआई राजेंद्र दीवान व्यास परमार विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉं विकास तिवारी डॉ. एस.आर.बघेल डॉ. बी.के एक्का. डॉ. विकास अग्रवाल सौरभ शर्मा वहीं पत्रकारिता जगत से धरसींवा क्षेत्र के स्थानीय पत्रकार व भाटापारा क्षेत्र से प्रेस क्लब सचिव श्याम पुरोहित सहसचिव द्वय शंकर लाल सोनी व आयशा खान व ललित तिवारी एवं स्थानीय जन मे जितेंद्र पान्डे सुरेश दीवान राकेश वर्मा आदि लोग मुख्य रुप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के उदबोधन मे विधायक अनुज शर्मा ने कहा सतत् सेवारत सम्मान समारोह के अंतर्गत डॉंक्टर, पुलिस व पत्रकारों का सम्मान को दीपावली के उपलक्ष्य को लेकर सराहनीय पहल है जो कि एक अच्छा उदाहरण है इस सामाजिक कार्य से हम सबको प्रेरणा मिलता है। पुलिस व स्वास्थ्य विभाग का कार्य सकारात्मक संतुलन बनाये रखने को लेकर बडा जटिल कार्य होता है, ऐसे स्थिति मे निरंतर सेवारत होकर कार्य करने वाले संस्थान बधाई के पात्र होते है व हमारे ओर से शुभकामनाएं है कि आगे भी इसी तरहा जन सेवा के क्षेत्र मे लगे जिससे सम्मान मिलता रहे।

## ग्राम निपनिया में हुआ दीपावली मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन



पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत भवन निपनिया में दीपावली मिलन एवं सम्मान समारोह कार्य क्रम रखा गया। छ.ग पेंशनधारी कल्याण संघ का दीपावली मिलन समारोह एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनरों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष सुमित्रा परमेश्वर वर्मा, अध्यक्षता जनपद सदस्य शैल कुमारी नेताम, विशिष्ट अतिथि सरपंच कामता प्रसाद रावत, नव भारत पत्रकार निपनिया किशोर गुप्ता सम्मान समारोह में रंगीलाल रावत, सभाजीत सिंह ठाकुर, श्याम सुन्दर तिवारी निपनिया, रामखिलावन ध्रुव कड़ार, सेवक दास मानिकपुरी, राधाचरण शुक्ला रोहरा सभी का 80 वर्ष से अधिक उम्र होने पर अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संघ के तहसील अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल, प्रांतीय अध्यक्ष दिलीप सिंह बिसेन, प्रांतीय संयुक्त सचिव कमल नारायण, प्रांतीय संगठन सचिव आशा राम अनंत, अध्यक्ष दीपक मिश्रा, आर के वर्मा, प्रकाश जाधव, रामलोचन शर्मा ने संबोधित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन दीपक मिश्रा एवं आभार संयुक्त प्रकाश जाधव जिला उपाअध्यक्ष पेंशनधारी कल्याण संघ बलौदा बाजार भाटापारा किया गया।

## शेष नारायण को मिला उत्कृष्ट स्काउटर का सम्मान



पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

भारत स्काउट एवं गाइड्स जिला धमतरी द्वारा राज्य पुरस्कार से सम्मानित, उत्कृष्ट सेवा करने वाले रोवर स्काउटर शेष नारायण गजेंद्र रोवर लीडर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरेंगा को उत्कृष्ट स्काउटर के सम्मान से कलेक्टर धमतरी नम्रता गांधी, जिला पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय, जिला शिक्षा अधिकारी धमतरी टी आर जगदले एवं जिलाध्यक्ष गणेश प्रसाद साहू एवं सदस्यों के द्वारा सम्मानित किया गया। बधाई देने वालों में सर्वप्रथम अमित तिवारी, अमित महोबे, मोहित राम बनपेला, नेमलाल गंगेले, धर्मेंद्र साहू, देवेश साहू, हरीश सिन्हा, ममता खालसा, प्राचार्य ए वैध एवं समस्त स्टाफ, सुभाष साहू, हिरेंद्र साहू, शाला प्रबंधन विकास समिति खरेंगा, अमेरिका ध्रुव सरपंच, आकाश गिरी गोस्वामी, अमन गिरी गोस्वामी, लोकेश साहू, भूपेंद्र दास मानिकपुरी, दानवीर गजेंद्र, कर्मवीर गजेंद्र, अन्नपूर्णा, शैल सिन्हा, हुमन चंद्राकर, देवेश कुमार साहू, रोशन सिन्हा, वाल्मीकि सागर, भुवनेश्वर प्रसाद साहू, योगेश देवांगन, सरस सिंह, राजेश साहू, मनोज साहू, घनश्याम साहू, राजकुमार क्षत्रिय, जेपी देव, कामेश भारती, योगेश परिवारजनों इष्ट मित्रों आदि ने बधाई दी।

# उगते सूर्य भगवान को अर्ध्य व पूजन करने के बाद व्रतियों ने घाट पर पारण कर पर्व का किया समापन

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com



लोक आस्था के छठ महापर्व का चौथे दिन छठवर्तियों के उगते सूर्य भगवान को अर्घ्य देने के साथ समापन हो गया। इसके बाद सभी छठ व्रतियों ने व्रत का पारण किया। मान्यता है कि सूर्योदय के समय अर्घ्य देने से सुख-समृद्धि, सौभाग्य, संतान प्राप्ति की मनोकामना और संतान की रक्षा का वरदान मिलता है। छठ महापर्व के आखिरी दिन सूर्योदय के दौरान अर्घ्य देते समय मंत्र जाप किया गया। महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान मंगलवार को नहाय-खाय के साथ आरंभ हुआ था। पहले दिन व्रतियों ने यहां स्नान के साथ सूर्यदेव को जल से अर्घ्य दिया। इसके बाद पूरी पवित्रता के साथ अरवा चावल, चना दाल, कद्दू की सब्जी और आंवले की चटनी आदि का भोग लगाकर प्रसाद तैयार किया। बुधवार को खरना पूजन के दिन व्रतियों ने पूरे दिन उपवास कर शाम में भगवान का भोग लगाकर प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हुआ। व्रतियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। उदीयमान सूर्य को नदी-तालाब या अन्य जल स्त्रोतों के बीच खड़े होकर अर्घ्य देने के साथ ही छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान पूरा हो गया। छठ व्रतियों ने अनुष्ठान के समापन की पूर्व संध्या पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। इस दिन षष्ठी तिथि को छठी मैया का पूजन विधि-विधान के साथ हुआ। सात नवंबर को धृति व रवि योग का संयोग बना रहा। व्रतियों ने जल में खड़े होकर पवित्रता के साथ फल, मिष्ठान, नारियल, पान-सुपारी, फूल, अर्कपात से भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार की कुशलता के लिए प्रार्थना की।

# एशियाई देशों में भारत के प्राचीन राजयोग का बहुत क्रेज है : बी.के.रजनी

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय धमतरी के आत्म अनुभूति तपोवन में ब्रह्माकुमारी संस्था के जापान एवं फिलिपीन्स की डायरेक्टर रजनी दीदी का आगमन हुआ। आपने 1982 में जापान में और 1983 में फिलीपींस, हांगकांग और कोरिया जैसे एशियाई देशों में ब्रह्माकुमारीज की आध्यात्मिक सेवाएं शुरू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जापान में ब्रह्माकुमारीज की सेवाओं का अनुभव सुनाते हुए रजनी दीदी ने कहा कि वहां के लोगों को भारत के प्राचीन राजयोग का बहुत क्रेज है। वहां धर्म का प्रचार नहीं कर सकते लेकिन ईश्वरीय ज्ञान देने के लिए मेडिटेशन केफै बने हुए हैं। वहां के लोग बहुत इमानदार, नम्रचित होते हैं। भारत के लोग धर्म के प्रति बहुत श्रद्धालु, आस्थावान होते हैं। द्वितीय विश्व युद्ध में जापान की स्थिति बहुत खराब हो गई थी। लेकिन उसके बाद वहां के लोगो ने 16-17 घंटे काम करके पहले से अच्छी स्थिति बनाई। भौतिक रीति से सम्पन्न होने के बाद भी वहां जीवन में सुकून, शांति नहीं है। भाग दौड़ की जिंदगी है। वहां के लोग ब्रह्माकुमारी बहनो को बहुत रिसपेक्ट देते हैं। दीदी जी के स्वागत में मगरलोड की कुमारीयो ने सुवा नृत्य प्रस्तुत किया जो दीदी को बहुत ही पसंद आया। दीदी ने उनके साथ फोटो भी खींचाया। धमतरी के बच्चों ने नृत्य नाटिका के माध्यम से दीदी को धमतरी जिले की विशेषताओं से अवगत कराया। इस अवसर पर इंदौर जोन की डायरेक्टर हेमलता दीदी जी ज्ञान सरोवर माउंट आबू से संगीता बहन भी उपस्थित थे। ब्रह्माकुमारीज की धमतरी जिले की प्रभारी सरिता दीदी ने जापान से आई रजनी दीदी का स्वागत किया और पुनः आने का निमंत्रण भी दिया। कार्यक्रम में धमतरी शहर के अनेक लोगों के साथ जिले के कुरूद, मगरलोड, भखारा, आमदी, नगरी, बीरगुड़ी, बेलर सहित पुरुर, गुरूर से हजार से भी अधिक लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम के अंत में दीदी ने सभी को ईश्वरीय प्रसाद भी दिया।

# बच्चों के बीच केक काटकर कलेक्टर जिला सीईओ ने मनाया जन्म दिन



पायनियर संवाददाता गरियाबंद
www.dailypioneer.com

अपने सादगी के नाम जिला भर में प्रसिद्द कलेक्टर दीपक अग्रवाल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रीता यादव ने अपना जन्मदिन स्कूली बच्चों के बीच न्यौता भोज कार्यक्रम आयोजित करते काफी सादगी पूर्वक तरीके से मनाया कलेक्टर अग्रवाल एवं सीईओ यादव ने दोपहर जिला मुख्यालय स्थित शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला डाकबंगला स्कूल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नन्हें-मुन्ने स्कूली बच्चों के हाथों केक काटा एवं बच्चों को केक खिलाये, साथ ही उन्हें चॉकलेट भी बांटा। बच्चों ने कलेक्टर एवं सीईओ को गुलदस्ता भेंट कर एवं जन्मदिन की शुभकानाएं गीत गाकर बधाईयां दी। उसके बाद कलेक्टर एवं सीईओ ने बच्चों को पंगत में बैठाया और उन्हें पूडी, सब्जी, दाल, चावल और खीर परोसा। वे बच्चों के पास जाते रहे और उनकी पसंद पूछकर व्यंजन को परोसा। उसके उपरांत कलेक्टर एवं सीईओ ने बच्चों के बीच पंगत में बैठकर उनके साथ तिथि न्यौता भोजन किया। स्कूली बच्चों ने कलेक्टर एवं सीईओ को अपने बीच भोजन करते समय उनके चेहरे पर खुशियां साफझलक रही थी और वे बेहद प्रसन्न लग रहे थे। इस दौरान कलेक्टर ने बच्चों को पढ़ाई-लिखाई, खेलकूद, व्यावहारिक, सांस्कारिक जानकारी सहित विभिन्न गतिविधियां करने की समझाईश दी।

## मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज को मिली नई प्राचार्य



पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

शासकीय मिनीमाता डिग्री गर्ल्स कॉलेज में डॉ. वासु वर्मा ने राज्य शासन के आदेशों के परिपालन में प्राचार्य के पद पर कार्य भार ग्रहण किया है। शासकीय नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़, शासकीय कमला देवी महिला महाविद्यालय राजनांदगांव और शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर तक 38 वर्षो की शैक्षणिक यात्रा पूर्ण कर डा. वासु वर्मा ने आज़ प्राचार्य का पद प्राप्त किया है। डॉ वासु वर्मा पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में गृह विज्ञान संकाय की डीन थीं।आप कार्य परिषद एवं बोर्ड ऑफ स्टडीज की मेंबर के रूप में भी कार्य की हैं। उनके निर्देशन में 19 शोधार्थियों ने अपना शोध कार्य पूर्ण कर पी.एच.डी. उपाधि प्राप्त की है। उनके उत्कृष्ट शिक्षण प्रणाली एवं सेवा कार्यों से विद्यार्थियों के जीवन में न केवल शैक्षणिक अपितु नैतिक मूल्यों का भी संचार किया है। लगभग 18 वर्षो तक राष्ट्रीय सेवा योजना में कार्यक्रम अधिकारी के रूप में कार्य किया है। डॉक्टर वासु वर्मा को नई प्राचार्य के रूप में पाकर मिनीमाता महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर कल्पना उपाध्याय ,समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी गण, जनभागीदारी समिति के सदस्यों एवं छात्राओं ने गर्मजोशी से उनका आत्मीय स्वागत करते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

# अतिक्रमण मामले में भखारा तहसीलदार को बसपा ने सौंपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

भखारा, बहुजन समाज पार्टी जिला धमतरी व्दारा ग्राम पंचायत मडाईभाटा में अतिक्रमण के नाम पर राजनीति ईर्ष्या व्देश के कारण कुछ व्यक्ति व्दारा फर्जी शिकायत किया गया था जिसे लेकर भखारा तहसीलदार कार्यालय से अतिक्रमण तोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दिया गया था जबकि पीड़ित लोग लंबे समय से निवास कर रहे थे। बसपा जिलाध्यक्ष आशीष रात्रे ने कहा कि अतिक्रमण के नाम पर गरीब बेबस लोगों को प्रशासन व्दारा परेशान करना बंद करे और तत्काल आदेश कार्रवाई निरस्त करें। ग्राम पंचायत मडाईभाटा के सरपंच सचिव व्दारा लिखित में किसी प्रकार का कोई कार्रवाई नहीं करने भी लिखित में भखारा तहसीलदार को आवेदन दिया गया है। अगर प्रशासन व्दारा किसी प्रकार का कोई कार्रवाई किया जाता है तो बसपा द्वारा उग्र प्रदर्शन किया जायेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से बसपा के जिला प्रभारी आर पी संभाकर, जिलाध्यक्ष आशीष रात्रे, कल्याण सिंह निर्मलकर उपाध्यक्ष, जिला कोषाध्यक्ष प्रेमलाल कुर्रे, जिला सचिव हन्नु ताड़ी, विधानसभा प्रभारी किसन चांद, लुकेश देवांगन, ताम्रध्वज मारकंडेय, दीपक कोषरे, दुलार कोषरे, कमलेश छेकर, अजय निषाद, अजय साहू सहित पीड़ित परिवार के लोग मौजूद थे।

# छठ व्रत रखने वालों के साथ रंजना साहू ने की विधिवत पूजा अर्चना, दी बधाई



पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

महानदी की पावन तट रुद्रेश्वर महादेव घाट रुद्री धमतरी में छठ व्रत पूजा में पहुँच कर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू ने उपस्थित समाजजनो के साथ विधिवत सूर्य देव को अर्घ्य एवं छठी माता की पूजा कर उत्तम स्वास्थ्य, सुखी जीवन, यश कीर्ति की कामना कर सभी को छठ पर्व की बधाई, शुभकामनाएं दिए। रंजना साहू ने बताया कि कार्तिक शुक्ल पक्ष के षष्ठी को मनाया जाने वाला एक हिन्दू पर्व है। यह हमारी सनातन संस्कृति है, जिसमें वैदिक आर्य संस्कृति की एक छोटी सी झलक दिखाई देती हैं। यह पर्व ऋग्वेद में वर्णित सूर्य पूजन एवं उषा पूजन तथा आर्य परंपरा के अनुसार मनाया जाने वाला महत्वपूर्ण पर्व हैं। पार्वती का छठा रूप भगवान सूर्य की बहन छठी मैया त्योंहार की देवी के रूप में पूजा अर्चना की जाती है। यह पर्व चंद्र के छठे दिन काली पूजा के छह दिन बाद छठ व्रत पूजा मनाया जाता है जिसमें नदियों या तालाबों में डुबकी लगाकर, पानी में खड़े होकर ईश्वर से प्रार्थना करना, सूर्य को लंबे समय तक देखना और सूर्य को सूर्योदय और सूर्यास्त के दौरान प्रसाद चढ़ाया जाना इसकी रीति में शामिल हैं। रंजना साहू के साथ छठ व्रत पूजा में बधाई देने झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक महेंद्र पंडित, रितिका यादव, लता सोनी, लता अवनेंद्र साहू, लीना साहू पहुंचे।

# शिवसेना जिला बलौदाबाजार ईकाई की बैठक प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति में हुआ सम्पन्न

पायनियर संवाददाता भाटापारा
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ शिवसेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के निर्देशन पर भाटापारा शहर के वृंदावन होटल में रखा गया। जिसमें प्रदेश महासचिव रेशमलाल जांगड़े विषेश रूप से शामिल हुए। इस बैठक में सभी पदाधिकारीयों का समीक्षा लिया गया साथ ही आगामी नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों पर चर्चा किया गया। नये पदाधिकारियों की नियुक्ति कर सभी को नई जिम्मेदारी सौंपी गई जिसमें जिला कार्यकारिणी सदस्य दिलीप चतुरे, सिमगा शहर उपाध्यक्ष तुलसीराम गायकवाड़, ब्लाक उपाध्यक्ष नान्हे घृतलहरे को नियुक्त किया गया। इस बैठक में प्रदेश महासचिव रेशमलाल जांगड़े, प्रदेश प्रचार प्रसार सचिव कमलाकर यादव, जिलाध्यक्ष ईश्वर प्रसाद निषाद, ग्रामीण जिलाध्यक्ष कृष्णा यादव, प्रवक्ता शिवा निषाद, भाटापारा विधानसभा सचिव आत्माराम नेताम, मिडिया प्रभारी सुरेन्द्र यदु, बलौदाबाजार विधानसभा उपाध्यक्ष दिलीप चतुरे, कामगार सेना जिलाध्यक्ष योगेश्वर वैष्णव, उपाध्यक्ष केशवराम साहू, ब्लाक अध्यक्ष टिकाराम पाल, शहर महासचिव सनत देवांगन, रुप नारायण वैष्णव, दिनेश यादव, कृपालु निर्मलकर, हेमू चेलक, धीरेन्द्र घृतलहरे, चैनदास जांगड़े, राजा, छोटु, विकास मंडावी, चंद्रेश, साहिल आदि शिव सैनिक उपस्थित थे।

# राज्योत्सव में उत्कृष्ट कार्य के लिए जानकी गुप्ता का सम्मान



पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर स्थानीय डॉ शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के जिला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक विधानसभा कुरूद, पूर्व विधायक रंजना साहू, सीईओ रोमा श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक अंजनेय वार्ष्णेय, अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, मंडलाधिकारी कृष्ण जाधव, एसडीएम धमतरी पवन कुमार प्रेमी के द्वारा छत्तीसगढ़ी फिल्म एक्टर एवं सिंगर प्रकाश अवस्थी, हर्षद मेहता, प्रकाश बैश, चंद्रकला पटेल, नरेंद्र रोहरा, विजय मोटवानी, उमेश साहू, विजय साहू, हेमंत माला के साथ अन्य गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पर्यावरण संरक्षण, समाजसेवा, कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए जानकी गुप्ता को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया जिसके लिए जानकी गुप्ता ने धमतरी कलेक्ट नम्रता गांधी सभी अतिथिगणों, जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# आयुक्त सुमित अग्रवाल ने शहर में चल रहे राजस्व वसूली का आकस्मिक लिया जायजा

पायनियर संवाददाता दुर्ग
www.dailypioneer.com





नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने राजस्व बेसूली में तेजी लाने सहायक राजस्व निरीक्षकों का वार्ड में निरन्तर टैक्स वसूली के निर्देश दिए। वार्डों में राजस्व वसूली में तेजी से कार्य करने का निर्देश दिया गया है।साथ ही आयुक्त ने आकस्मिक रूप से शहर के वाडों में चल रहे राजस्व वसूली का निरीक्षण कर लोगों से चर्चा कर वसूली का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान आयुक्त सुमित अग्रवाल ने अधिकारियों के साथ वार्ड 56 स्थित लक्ष्मी पेट्रोल पंप पहुचे।उन्होंने लक्ष्मी पेट्रोल पंप से वर्ष 2017-18 से 2023-24 तक राशि रुपए 181000/- टैक्स स्वंय लिया।आयुक्त सुमित अग्रवाल के द्वारा राजस्व वसूली एवं जलकर वसूली को लेकर लगातार समीक्षा कर वसूली में तेजी लाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है. जिसके तहत आयुक्त सुमित अग्रवाल ने अचानक शहर में चल रहे राजस्व वसूली का आकस्मिक रूप से जायजा लेकर संबंधित कर्मचारी एवं वार्ड के लोगों से समेकित एवं संपत्तिकर के संबंध में चर्चा किया। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने राजस्व वसूली एवं जलकर वसूली में तेजी लाने संबंधी निर्देश राजस्व विभाग को दिया गया है. जिसके तहत आयुक्त राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए बकायदारों से वसूली एवं करो की वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिए हैं। वहीं आयुक्त ने बड़े बकायादारों की सूची बनाने के साथ ही उन बकायदारों से वसूली का निर्देश देते हुए राजस्व विभाग की टीम बनाने का भी निर्देश दिया है। उक्त गठित टीम के द्वारा बड़े बकायादारों से वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया गया है। निरीक्षण के दौरान राजस्व अधिकारी मनीष कुमार, सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर, योगेश सूरे, सिद्धार्थ शर्मा,उपस्थित थे।राजस्व वसूली में तेजी लाने सहायक राजस्व निरीक्षकों का वार्ड बदला है। संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षकों को तत्काल प्रभाव से सौंपे गये नवीन वाडाँ में राजस्व वसूली में तेजी से कार्य करने का निर्देश दिया है।

# मनरेगा श्रमिकों को निर्माण कार्य की मांग, मजदूरों के आधार सिडिंग, कार्य व शिकायत संबंधित दी गई जानकारी

पायनियर संवाददाता दुर्ग
www.dailypioneer.com






कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मनरेगा के निर्माण कार्य की मांग, मजदूरों के आधार सिडिंग व कार्य से संबंधित शिकायत करने एवं जन-जागरूकता अभियान के माध्यम से अधिनियम की जानकारी दी गई। साथ ही कार्य स्थल पर ही ग्राम पंचायतों में गुड गवर्नेंस के लिए निर्धारित मानकों पर कार्यवाही के बारे में बताया गया। प्रत्येक ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत गुड गवर्नेंस को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर लागू किया जा रहा है। गौरतलब है कि महात्मा गांधी नरेगा के वृक्षारोपण कार्य, नाली निर्माण, डबरी निर्माण, तालाब निर्माण, तालाब गहरीकरण, नवीन पंचायत भवन, आंगनबाड़ी, उचित मूल्य की दुकान, निर्माण इत्यादि कार्य निरंतर चल रहे है। वहीं मनरेगा के तहत किसानों के हित के तहत वर्षा की बूंद-बूंद सहेजने हेतु जन-जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। रिचार्ज पिट व सोक पिट निर्माण कार्य बड़ी संख्या में स्वीकृति किये गये तथा नल जल योजना के तहत सभी घरों में पानी की सुविधा दी जा रही है। बहते पानी की रोकने हेतु जागरूकता अभियान चला कर स्वच्छ व शुद्ध जल की जानकारी भी दी जा रही है। ग्रामीण कृषकों को कच्ची एवं पक्की नाली डबरी व कुऑ निर्माण की महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि महात्मा गांधी नरेगा के तहत पारदर्शिता को बनाये रखने हेतु माह की 07 तरीख को रोजगार दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जनपद पंचायत दुर्ग ग्राम जेवरा, कोलिहापुरी, उमरपोटी, चिंगरी, चिरपोटी, जनपद पंचायत पाटन में ग्राम पंचायत मानिकचौरी, तर्रा, संतरा, गब्दी, जनपद पंचायत धमधा ठेगाभाटा, अहेरी, खजरी, नंदवाय, अरसी ग्राम पंचायतों रोजगार दिवस का आयोजन किया गया।

# छठ त्योहार समापन पश्चात सफाई अभियान जारी

पायनियर संवाददाता भिलाई
www.dailypioneer.com





नगर निगम भिलाई क्षेत्र में बड़े श्रद्धा एवं भक्ति के साथ छठ पर्व मनाया गया। त्योहार के पूर्व नगर निगम भिलाई द्वारा सभी तालाबो की साफ -सफाई, रंगरोगन के साथ प्रकाश व्यवस्था बेहतर किया गया था। सभी जगहो पर नगर निगम की सुरक्षा टीम मुस्तैद रही, जिससे किसी प्रकार का दुर्घटना न होने पाये।

श्रद्वालूओ को समझाते भी रहे कि ज्यादा गहरे पानी के अंदर न जाये, जहां तक बेरीकेट लगा हुआ है। त्योहार के पश्चात नगर निगम भिलाई का स्वास्थ्य विभाग का दल जोन अनुसार फिर से सफाई व्यवस्था हेतु लग गये।

सभी घाटो पर विशेष दल के माध्यम से सफाई करवाया जा रहा है। इस बात का भी ध्यान रखा जा रहा है जो भी पूॅजा सामग्री तालाबो पर एकत्रित हुए है उसे गड्ढा करके मिटटी में डाल दिया जा रहा है। जिससे वह खाद बन जाए, एक निश्चित रासायनिक प्रक्रिया के बाद पूॅजा सामग्री खाद बन जाता है। उसको उपयोग नगर निगम भिलाई के विभिन्न उद्यानों किया जाता है।

# गिरदावरी कार्य में पारदर्शिता लाने के लिए ही गिरदावरी का किया जा रहा सत्यापन : कलेक्टर शर्मा

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



खरीफ फसल 2024-25 में किसानों द्वारा लगाए धान फसल की वास्तविक गिरदावरी संबंधित पटवारियों के माध्यम से किया। अब छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में अधिकारियों द्वारा गिरदावरी सत्यापन का कार्य सक्रियता से किया जा रहा है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बेमेतरा जिले के विकासखंड बेरला के ग्राम आनंदगांव में किसान सुखू एवं अन्न के खेत में लगायी गयी धान फसल का गिरदावरी का सत्यापन किया। उन्होंने कहा कि गिरदावरी कार्य में पारदर्शिता लाने के लिए ही गिरदावरी सत्यापन किया जा रहा है। इसके बाद राज्य से आने वाले अधिकारियों द्वारा भी द्वारा गिरदावरी के 2 प्रतिशत गिरदावरी सत्यापन किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि पटवारियों द्वारा संपादित वास्तविक गिरदावरी कार्यों को शत-प्रतिशत शुद्ध करने के लिए गिरदावरी का सत्यापन के लिए जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों को अधिकृत किया गया है। ताकि किसी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश ना रहे। फसल गिरदावरी व फसल सत्यापन का कार्य जीपी एस आधारित मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से किया जा रहा है। गिरदावरी सत्यापन की इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य फसल की स्थिति का वास्तविक आकलन करना है, ताकि किसानों को उचित समर्थन उपलब्ध कराया जा सके। कलेक्टर शर्मा ने कहा कि गिरदावरी सत्यापन के तहत अधिकारियों द्वारा खेतों का दौरा किया जा रहा है, जहां वे फसल की गुणवत्ता, भूमि की स्थिति और उत्पादन की संभावनाओं का मूल्यांकन कर रहे हैं। इस सत्यापन प्रक्रिया से सरकार को वास्तविक डेटा प्राप्त होगा, जिससे कृषि नीतियों को सही दिशा में क्रियान्वित किया जा सकेगा। इस मौक़े पर अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व) बेरला पिंकी मन हर, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण निर्मल सिंह, सहित खाद्य विभाग के अधिकारी, तहसीदार और कॉपरेटिव सोसायटी के अधिकारी उपस्थित थे ।

# हिन्दी साहित्य भारती का विमोचन समारोह 10 को

पायनियर संवाददाता दुर्ग
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय संस्था हिन्दी साहित्य भारती दुर्ग' के तत्वावधान में काव्य कृति विमोचन समारोह 10 नवंबर रविवार को सुबह श्रीजी माखन मिश्री बैंक्वेट हॉल महाराजा चौक आदर्श नगर दुर्ग में सुबह 11:30 बजे से किया गया है। इस दौरान राकेश गुप्ता, 'रूसिया' की काव्य कृति धरोहर-इक ग़ज़ल नामा का विमोचन किया जाएगा। जिसमें अतिविशिष्ट अतिथि गजेन्द्र यादव विधायक दुर्ग शहर और डॉ. परदेशी राम वर्मा वरिष्ठ साहित्यकार उपन्यासकार, दुर्ग होंगे। वहीं अध्यक्षता आचार्य डॉ. महेशचन्द्र शर्मा शिक्षाविद् साहित्यकार एवं पूर्व प्राचार्य उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन करेंगे। विशेष अतिथि बृजेश बिचपुरिया वरिष्ठ समाज सेवी भिलाई, डॉ. विजय गुप्ता ÷मुन्ना÷ कवि, समाजसेवी दुर्ग डॉ. हंसा शुक्ला प्राचार्य, स्वरूपानंद शंकराचार्य कॉलेज भिलाई होंगे। इस दौरान समीक्षा आलेख डॉ. नौशाद सिद्दीकी 'सब' एवं चन्द्रकांत साहू प्रस्तुत करेंगे। मंच संचालन कर्ता मिर्जा इसराईल वेग 'शाद' होंगे।

## मुड़ागांव में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर 11 नवम्बर को

**गरियाबंद।** जिले के छुरा विकासखण्ड के ग्राम मुड़ागांव में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन सोमवार 11 नवम्बर को प्रातः 10 बजे से किया जायेगा। शिविर में ग्राम मुड़ागांव सहित आसपास के गांवों के लोगों के मांग एवं समस्याओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जायेगा। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को शिविर में स्टॉल लगाकर विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देने एवं आम लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये हैं।

# जिले के सुप्रसिद्ध तर्रा मड़ई मेला का 10 नवंबर को आयोजन, तैयारियों में जुटे ग्रामीण




पायनियर संवाददाता पाटन
www.dailypioneer.com

दुर्ग जिला अंतर्गत पाटन ब्लॉक के ग्राम तर्रा के मंडई मिलन समारोह दीपावली त्योहार के तुरंत बाद होने वाले सुप्रसिद्ध मंडई है। जिसका आयोजन 10 नवंबर को किया गया जा रहा है। जिसकी तैयारी ग्राम पंचायत के द्वारा की जा रही है। ग्राम पंचायत तर्रा के युवा सरपंच डॉ योगेश चंद्राकर ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम में वर्षो से मंडई मिलन समारोह का आयोजन दीपावली त्योहार के बाद होता है। गांव में घर-घर मेहमानों का आगमन होता है। ग्राम तर्रा पुराने जमाने से ही व्यापार का केंद्र रहा है। मंडई मिलन का आयोजन वर्षो से किया जा रहा है।इस बार 10 नवंबर को मंडई का आयोजन किया जा रहा है। रात्रि कालीन कार्यक्रम छत्तीसगढ़ लोक संस्कृतिक कला मंच धरोहर की भव्य प्रस्तुति होगी बाजार में अभी से व्यापारी अपना स्थान सुरक्षित करने पहुंच रहे हैं। झूला का सेटअप भी तैयार किया जा रहा है। जिसका आनंद आसपास के क्षेत्र के लोग और ग्रामीण लेंगे। चंद्राकर ने आगे कहा कि मंडई मिलन समारोह में शामिल होने क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी पहुंचते है और लोगों से भेंट मुलाकात करते है।

# शासकीय सांस्कृतिक आयोजनों में भागीदारी मांगी मानिकपुरी दंपति ने

- राज्योत्सव में अवसर नहीं दिए जाने पर जताया रोष, आरटीआई को बताई वजह

पायनियर संवाददाता भिलाई
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ी फिल्मों के गीतकार, संगीतकार, अभिनेता और राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कबीर भजन गायक नवलदास मानिकपुरी एवं वरिष्ठ लोक गायिका अनुसुईया मानिकपुरी ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस राज्योत्सव समारोह में अपनी कला का प्रदर्शन करने के लिए अवसर नही दिये जाने पर रोष जताया है। पांच दशक से भी अधिक समय से संगीत कला की साधना व छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति का प्रचार प्रसार व समाज सेवा के क्षेत्र में योगदान देते आ रहे मानिकपुरी दंपति ने कहा है कि लगातार उपेक्षा से उन्हें पीड़ा महसूस हो रही है। खुर्सीपार भिलाई निवासी मानिकपुरी दंपति ने कहा कि देश भर में उनकी कला प्रतिभा को आम जन मानस के बीच मिलने वाला सम्मान सर्व विदित है। छॉलीबुड और बॉलीवुड के नामचीन गायक गायिकाओं को अपनी खुद उनकी की गीत रचना को स्वयं संगीत बद्ध कर गवाने एवं आडियो-वीडियो फिल्मों में अब तक दो हजार से भी अधिक गीत गाने के बावजूद शासन द्वारा अनदेखी की जा रही है। नवलदास मानिकपुरी ने जारी बयान में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के राज्य स्थापना दिवस राज्योत्सव समारोह में बड़ी ही उम्मीद के साथ कबीर भजन गायन व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने अवसर देने मुख्यमंत्री व संस्कृति विभाग के संचालक को आवेदन सौंप कर निवेदन किया था लेकिन कार्यक्रम प्रस्तुत करने का अवसर नही दिया गया। उन्होंने कहा कि करीब छह साल पहले छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग में छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों को कार्यक्रम प्रस्तुति के लिए अवसर देने के नाम से अनियमितता का खुलासा करने उन्होंने सूचना का अधिकार अधिनियम का सहारा लिया था। लेकिन संबंधित अधिकारियों द्वारा गलत जानकारी दिए जाने के कारण आपत्ति की गई। जिसके बाद सूचना आयोग की तरफसे संस्कृति विभाग के उन अधिकारियों के उपर 10-10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया था। नवल दास मानिकपुरी ने आशंका जताई है कि इस प्रकरण की वजह से संभव है कि उनके साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि उनके योगदान को देखते हुए उन्हें भी आयोजनों में प्रस्तुति का अवसर दिया जाए।

# बौद्ध धर्मगुरुओं और ग्रामीणों की चिकित्सा सेवा की इस्पात नगरी के चिकित्सकों ने 'समाज को लौटाने और समाज की ओर लौटने' की भावना के साथ लगाया गया चिकित्सा शिविर

पायनियर संवाददाता भिलाई
www.dailypioneer.com



बौद्ध धर्मगुरु भंते धम्म तप द्वारा राजनांदगांव की तपोभूमि मोहारा में आयोजित राज्य स्तरीय बौद्ध सम्मेलन में डॉ आंबेडकर स्वास्थ्य मिशन और इंडियन अंबेडकराइट डॉक्टर्स फेडरेशन छत्तीसगढ़ की ओर से निःशुल्क चिकित्सा शिविर 7 नवंबर को रखा गया। जिसमें दुर्ग-भिलाई से प्रमुख चिकित्सकों ने अपनी भागीदारी दी और यहां लगभग 1000 से ज्यादा मरीजों का चिकित्सीय परीक्षण कर दवाई वितरित की। चिकित्सकों ने यहां पहुंचे तमाम ग्रामीणों के बीच स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वच्छता संबंधी जानकारी भी साझा की। इस दौरान संपूर्ण भारत तथा म्यांमार, बर्मा, चीन और थाईलैंड से आए बौद्ध धर्म गुरुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक ब्लड टेस्ट किया गया और दवाइयां वितरित की गई। छत्तीसगढ़ तथा महाराष्ट्र के दूर दराज से आए गांवों के लोगों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा की गई इस सेवाओं की सराहना की और खुशी जाहिर करते हुए कहा कि डॉक्टरों द्वारा समाज के बीच में आकर अपनी सेवाएं देना एक जनहित आंदोलन है जिसमें मेडिकल स्पेशलिस्ट लोगों को ,हम अपने बीच में पाते हैं और उनसे खुलकर हर क्षेत्र में मार्गदर्शन ले सकते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि केवल पैसा दान कर देना या व्हाट्सएप पर ज्ञान देने से भी ज्यादा धरातल पर जाकर धर्म गुरुओं की और समाज के लोगों की सेवा करना चिकित्सकों की एक बड़ी पहल है। इस शिविर में डॉक्टर दिवाकर रंगारी, डॉक्टर उदय धाबर्डे, डॉक्टर अरविंद चौधरी, डॉक्टर भूषण भोईर और डॉ अभिलाषा मिश्रा के साथ अन्य डॉक्टरों ने सेवाएं दी। 'समाज को लौटाने और समाज की ओर लौटने' की भावना के साथ लगाए गए इस चिकित्सा शिविर की संयोजक प्रेरणा धाबर्डे एवं अर्चना रंगारी थी। अनिल जोग ने शिविर की संपूर्ण व्यवस्था संभाली। वहीं एसएमएस मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, मेडिसिटी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल और भारत डायग्नोस्टिक सेंटर की पूरी टीम ने भी अपनी सेवाएं दी। आकस्मिक परिस्थितियों के लिए एंबुलेंस व्यवस्था भी की गई थी।

## लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी दी,बस स्टैंड में बेतरतीब खड़ी बसों को हटाने कहा

# आयुक्त सुमित अग्रवाल ने किया नये बस स्टैंड का निरीक्षण, अव्यस्थित खड़े वाहनों पर कार्रवाई करने के दिए निर्देश







पायनियर संवाददाता दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने शहर के नये बस स्टैंड सहित आसपास के क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने बस स्टैंड के मुख्य मार्ग एव निगम पीछे मार्ग पर अव्यस्थित खड़ी बसों व वाहनों पर भी कार्रवाई को कहा। कार्रवाही की बात सुनते ही बस स्टैंड में हड़कम मच गया. वाहन चालक वाहनों को हटाते दिखे। उन्होंने बस स्टैंड में खड़े बेतरतीब वाहनों को हटाने के निर्देश दिए साथ ही दुकानों के सामने खादी वाहनों को भी सही तरीके से लगाने के दुकानदारों को निर्देशित किया, आयुक्त ने बस स्टैंड में होटल,पान ठेले व अन्य दुकानदार द्वारा लगाए जा रहे पिकअप वाहनों को भी हटाने के सख्त निर्देश दिए साथ ही कपड़ा दुकान के सामने खड़े करने वाले वाहन को भी हटाने को कहा इस दौरान उन्होंने बस के कंडक्टरों एजेंटो को भी हिदायत देते हुए बसों को सही तरीके से लगाने के भी निर्देशित किया।उन्होंने कहा कि बस स्टेंण्ड पर लोगों को असुविधाएं न हों। आयुक्त ने अधिकारियों के साथ न्यू बस स्टेंण्ड का जायजा लेते हुए नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत नये बस स्टैंड की व्याप्त अव्यवस्थाओं को सुधारने सुबह आयुक्त सुमित अग्रवाल ने यातायात डीएसपी सतीश ठाकुर, निगम के स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता,बाजार अधिकारी थानसिंह यादव सहित अमला के साथ नये बस स्टैंड का निरीक्षण किया और समस्याओं को देखा।आयुक्त सुमित अग्रवाल ने मौके पर निगम अधिकारियों को नये बस स्टैंड की समस्याओं के त्वरित निदान के निर्देश दिये।उन्होंने कहा कि सड़क किनारे सीमा से अधिक क्षेत्र में पोस्टर व साइन बोर्ड को जब्त करें। आयुक्त द्वारा रैन बसेरा भवन का भी मुआयना अधिकारियों के साथ किया। वहाँ रहने वाले लोगों से बातचीत कर व्यवस्था की जानकारी भी ली। पूरे नये बस स्टैंड को साफ सुधरा रखने कहा गया. लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गयी है।बस स्टैंड में बेतरतीब खड़ी बसों को बस मालिकों से हटाने के लिए कहा गया। उन्होंने कार्रवाही के दौरान कहा कि बस खड़ी कर बसों की धुलाई कर बस स्टैंड में गंदगी न फैलाएं।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, कबीरधाम (छ.ग.)**

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

ऑनलाईन निविदायें नीचे उल्लेखित कार्य हेतु प्रपत्र ''सी'' में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में अधिकृत फर्मों, प्रदायकर्ताओं से जिन्हें इस निविदा सूचना में वर्णित सामग्री प्रदाय करने में कुशलता प्राप्ति हो से ठेकेदारों से स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| सिस्टम क्रमांक | निविदा सूचना क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की लागत राशि (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|
| 160865 | 08 05-11-2024 | (1) Supply Of Chemical/CRM/Buffer/ Standard/Other Sub Division Lab Bodla, Pandriya & District Lab KABIRDHAM (C.G.) (2) Calibration of instrument Equipment/ Glasswares Sub Division Lab Bodla, Pandriya & District Lab KABIRDHAM (C.G.) | 14.79/- |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 05.11.2024 से देखी जा सकती है।

**निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि :- 14.11.2024**

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
कबीरधाम (छ.ग.)

G-242503674/2

## संपादकीय

# ट्रंप की जीत सनसनीखेज वापसी

**अमेरिकी** राष्ट्रपति चुनाव दुनिया भर में सबसे प्रभावशाली राजनीतिक घटनाओं में से एक है, जिसका न केवल घरेलू नीति बल्कि अंतर्राष्ट्रीय संबंधों, आर्थिक स्थिरता और वैश्विक सुरक्षा पर भी बड़ा प्रभाव पड़ता है। 2024 में, चुनाव विशेष रूप से महत्वपूर्ण मुद्दों के साथ चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हालाँकि मतगणना अभी भी जारी है और विजेता की आधिकारिक घोषणा होनी बाकी है, लेकिन रुझानों के अनुसार, ट्रम्प जीत गए हैं और उन्होंने पहले ही जीत का दावा कर दिया है। कमला हैरिस स्विंग राज्यों में प्रदर्शन करने में विफल रहीं, जिसके कारण उनकी हार हुई। ट्रम्प की जीत कई प्रमुख क्षेत्रों में निरंतरता और आमूलचूल बदलाव का मिश्रण लेकर आई है। 2024 का अमेरिकी चुनाव कई महत्वपूर्ण मुद्दों के इर्द-गिर्द घूमता रहा है, जो न केवल अमेरिकियों के लिए बल्कि दुनिया भर के लोगों के लिए महत्वपूर्ण थे। उच्च मुद्रास्फीति दर और महामारी के बाद आर्थिक सुधार को लेकर चिंताएँ सबसे आगे रहीं। मतदाताओं का ध्यान नौकरी की सुरक्षा, जीवन यापन की बढ़ती लागत और किफायती स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच पर केंद्रित था। ट्रम्प के रुख में कम करों, सरकारी खर्च को कम करने और विकास को बढ़ावा देने के लिए विनियमन को बढ़ावा देना शामिल था, जिसके बारे में उनका दावा है कि इससे मुद्रास्फीति को संबोधित किया जाएगा और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा। एक अन्य प्रमुख मुद्दा जिस पर व्यापक रूप से बहस हुई वह था अप्रवास। आव्रजन पर बहस तेज हो गई है, ट्रम्प ने सीमा पर सख्त नियंत्रण और अवैध आव्रजन को कम करने के उद्देश्य से नीतियों की वकालत की है। उनका ध्यान अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर मजबूत भौतिक अवरोधों का निर्माण और प्रवर्तन को बढ़ाना, आव्रजन को राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता के मामले के रूप में प्रस्तुत करना है। इसके अलावा, स्वास्थ्य सेवा की पहुंच और लागत विवादास्पद विषय बने हुए हैं। ट्रम्प ने अपने अभियान में स्वास्थ्य सेवा की लागत को कम करने और किफायती देखभाल अधिनियम पर फिर से विचार करने पर जोर दिया। उनके दृष्टिकोण में कर क्रेडिट प्रदान करना और प्रदाताओं के बीच प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना शामिल था, लेकिन इसने कुछ नागरिकों के लिए किफायती देखभाल तक पहुंच को कम करने के लिए आलोचना भी की। दिलचस्प बात यह है कि ट्रम्प ने जलवायु विनियमन पर एक महत्वपूर्ण रुख अपनाया है, विस्तारित तेल और प्राकृतिक गैस उत्पादन के माध्यम से ऊर्जा स्वतंत्रता की वकालत की है।




उनका रुख मजबूत जलवायु कार्रवाई का आह्वान करने वालों के विपरीत है, क्योंकि उनका तर्क है कि आर्थिक स्थिरता और विकास के लिए विनियमन आवश्यक है। हालाँकि, दुनिया के लिए सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा अमेरिकी विदेश नीति है। विदेश नीति एक निर्णायक कारक के रूप में उभरी है, विशेष रूप से चीन और रूस के संबंध में। ट्रंप की अमेरिका फर्स्ट रणनीति अमेरिकी हितों की रक्षा के लिए विदेशी सैन्य प्रतिबद्धताओं को कम करने और व्यापार समझौतों पर फिर से बातचीत करने पर केंद्रित है। यह रुख राष्ट्रीय संप्रभुता के बारे में चिंतित कुछ मतदाताओं के साथ प्रतिध्वनित होता है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों और अधिक सहयोगी वैश्विक दृष्टिकोण की वकालत करने वालों को चिंतित करता है। हालाँकि, ट्रम्प की जीत को नई दिल्ली में अच्छी तरह से लिया जा सकता है क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनकी अच्छी केमिस्ट्री है और उन्होंने भारत के रुख का समर्थन किया है। यह देखना दिलचस्प होगा कि इस बार ट्रम्प अंतरराष्ट्रीय उथल-पुथल वाले पानी को कैसे आगे बढ़ाएंगे क्योंकि यूक्रेन युद्ध और फिलिस्तीन मुद्दा दो प्रमुख मुद्दे हैं जिन्हें उन्हें पद संभालने के तुरंत बाद निपटाना होगा।

# कॉप-29 में जलवायु संकट पर जोर

अज़रबैजान में आगामी कॉप-29 शिखर सम्मेलन के साथ, विश्व नेताओं पर जलवायु वित्त और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने के लिए किए गए वादों को पूरा करने का दबाव बढ़ रहा है।



**बीके सिंह**
(लेखक, भारतीय वन सेना के वरिष्ठ पदाधिकारी हैं)




मैक्सिको की खाड़ी से आने वाले लगातार दो तूफ़ान हेलेन और मिल्टन ने संयुक्त राज्य अमेरिका में फ्लोरिडा के पश्चिमी तट को तबाह कर दिया है, जिससे अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले राजनीतिक बहस और आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। रिपब्लिकन टीम ने लोगों की जान बचाने और बिजली बहाल करने के लिए पर्याप्त कदम न उठाने के लिए बिडेन-हैरिस की जोड़ी पर निशाना साधा है। प्रत्येक तूफ़ान में 200 से ज़्यादा लोग मारे गए हैं और लोग 24 घंटे से ज़्यादा समय तक बिना बिजली के रहे हैं। दक्षिण चीन सागर के ऊपर आए उष्णकटिबंधीय तूफ़ान ट्रामी ने फिलीपींस में 150 से ज़्यादा लोगों की जान ले ली और वियतनाम में 10 लोगों की जान ले ली, हज़ारों लोग घायल हुए और दोनों देशों में संपत्ति और बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा।

इसके अलावा, स्पेन में 50 साल में आई सबसे घातक बाढ़ ने भी 250 से ज़्यादा लोगों की जान ले ली है। इसके विपरीत, चक्रवातों के दौरान भारत की आपदा प्रबंधन प्रतिक्रिया सराहनीय रही है। चाहे वह 2020 में हमारे पश्चिमी तट पर चक्रवात निसर्ग हो, 2019 में पश्चिम बंगाल में चक्रवात फानी हो, या हाल ही में ओडिशा और पश्चिम बंगाल में आया दाना हो, हमने हर बार 24 से 48 घंटे के रिकॉर्ड समय में लाखों लोगों को निकाला है और इसके परिणामस्वरूप, शायद ही कोई जान का नुकसान हुआ है।

वालेंसिया और स्पेन के अन्य क्षेत्रों की हाल की तस्वीरें, पिछले महीने इटली की तस्वीर जहां सड़कें नदियों में बदल गईं और वाहन बह गए, और उससे पहले फ्रांस, पोलैंड, ऑस्ट्रिया और चेक में इसी तरह की बाढ़ लोगों के लिए लगातार बाढ़ और उससे जुड़ी तकलीफों की याद दिलाती है। जीवाश्म ईंधन के वैश्विक भौतिकी ने दुनिया को अस्थिर कर दिया है। वातावरण जितना गर्म होता है, उतनी ही अधिक नमी यह धारण कर सकता है। इसका मतलब होगा अधिक तीव्र बारिश और लंबा सूखा पड़ना। स्पेन में एक साल की बारिश आधे दिन में बरस गई दुनिया भर में कोयला, तेल और प्राकृतिक गैस की खपत बढ़ रही है, जबकि नेता जानते हैं कि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में वृद्धि से ग्रह का तापमान बढ़ता है और हमें अधिक विनाशकारी और लगातार जलवायु आपदाओं का सामना करना पड़ता है। वन कार्बन के लिए सबसे अच्छे सिंक हैं और जीडीपी के लिए उनका बलिदान केवल अधिक लगातार आपदाओं को आमंत्रित करना है। पृथ्वी पहले से ही 1.2 डिग्री सेल्सियस गर्म हो चुकी है। वर्ष 2023 औद्योगीकरण के बाद के इतिहास में सबसे गर्म वर्ष रहा है।

2024 से जुलाई तक के रुझान से पता चलता है कि हम 2023 के तापमान रिकॉर्ड को तोड़ने की राह पर हैं। अब तक की गर्मी के लिए विकसित देश जिम्मेदार हैं। वैज्ञानिक लगातार भविष्यवाणी कर रहे हैं कि 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान बढ़ने पर, कई देशों का हिस्सा, खासकर द्वीप राष्ट्र, समुद्र में डूब जाएंगे। जलवायु परिवर्तन के लिए संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन ने विश्व नेताओं को सालाना मिलने और तापमान को 1.5 डिग्री के भीतर रखने के लिए उठाए जाने वाले कदमों पर निर्णय लेने के लिए एक मंच प्रदान किया है। 2015 में पेरिस में वार्षिक सम्मेलन (कॉप 25) में देशों ने जीवाश्म ईंधन की खपत में कटौती करने और 2030 तक तेजी और पैमाने पर अक्षय ऊर्जा विकसित करने के लिए अपने राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान का संकल्प लिया था। जी-20 देशों में भारत एकमात्र ऐसा देश है, जो इस संकल्प को पूरा करने की राह पर है। 2017 में अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रम्प ने पेरिस समझौते के साथ तालमेल बिठाने से इनकार कर दिया और कहा कि जलवायु एक धोखा है।

उनके पद पर रहने तक कोई छ्ह्क्क मीटिंग नहीं हुई। बिडेन के सत्ता संभालने के बाद भी कोरोना महामारी ने इसमें और देरी की और नवंबर 2021 में ग्लासगो में कॉप-26 का आयोजन किया गया।

यहां भी नेताओं ने पेरिस में अपनी प्रतिज्ञा दोहराई और 100 बिलियन डॉलर के जलवायु वित्त को पुनर्जीवित किया, जिसे विकसित देश सालाना विकासशील दुनिया में जलवायु अनुकूलन की लागत में योगदान देंगे। शर्म अल शेख में कॉप-27 के दौरान एक और बयानबाजी शुरू हुई कि विकसित और चीन जैसे कुछ विकासशील देश वैश्विक दक्षिण देशों में नुकसान और क्षति का भुगतान करेंगे। इसका फिर से पालन नहीं किया गया। 2009 में कोपेनहेगन सीओपी में सालाना 100 बिलियन डॉलर के जलवायु वित्त पर सहमति बनी थी, लेकिन अभी तक इसका अनुपालन नहीं किया गया है। अफ्रीकी देश और द्वीप राष्ट्र सूखे और बाढ़ जैसी चरम जलवायु घटनाओं के साथ-साथ पश्चिम एशिया और यूक्रेन में भू-राजनीतिक तनाव के कारण आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों से पीड़ित हैं।

नामीबिया और जिम्बाब्वे जैसे देशों ने भोजन के लिए हजारों जंगली हाथियों (एक संकटग्रस्त प्रजाति) को मारने का आदेश दिया है। यदि जलवायु वित्त और हानि और क्षति निधि उपलब्ध कराई जाती, तो संकटग्रस्त प्रजातियों को मारने और क्षेत्र की पारिस्थितिक सुरक्षा को और अधिक खतरे में डालने की कोई आवश्यकता नहीं होती। जीवाश्म ईंधन की खपत में कटौती और विशेष रूप से पश्चिमी देशों और चीन द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा में परिवर्तन के बारे में प्रतिज्ञा की अनदेखी की गई है। अमेरिका में तेल और गैस ड्रिलिंग और चीन में कोयला उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है।

बाइडेन और अन्य यूरोपीय नेता 2030 तक जीवाश्म ईंधन की खपत को कम करने और 2050 तक शुद्ध शून्य प्राप्त करने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में नहीं बढ़ रहे हैं। चीन ने 2060 तक और भारत ने 2070 तक शुद्ध शून्य का संकल्प लिया है। वैज्ञानिक हमें तापमान को 1.5 डिग्री के भीतर रखने के लिए कह रहे हैं, अन्यथा हमें इसके परिणाम भुगतने होंगे। 2050 और 2060 बहुत दूर हैं और सवाल यह है कि क्या हम तब तक आपदाओं को झेल पाएंगे।

विस्कॉन्सिन के मिल्वौकी में रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में नामांकन के दौरान, ट्रम्प ने अपने संबोधन में जलवायु परिवर्तन को त्यागने की बात कही थी - ड्रिल बेबी ड्रिल। उन्होंने अपनी चुनावी रैलियों में मज़ाक उड़ाते हुए कहा कि अगर गर्मी के कारण समुद्र का स्तर बढ़ता है, तो लोगों के पास समुद्र के सामने ज़्यादा इमारतें होंगी। विकसित देशों से विकासशील और तीसरी दुनिया के देशों में तेज़ी और पैमाने पर अक्षय ऊर्जा में बदलाव के लिए प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण जलवायु शमन की एक और कुंजी है। भारत, चीन और पश्चिमी देश काफी आगे बढ़ चुके हैं, फिर भी उन्हें अपने प्रयासों को बढ़ाने की ज़रूरत है।

अक्षय ऊर्जा में बदलाव ऐसी गति से होना चाहिए कि हम जीवाश्म ईंधन की खपत में अपने आप कटौती कर सकें। ग्लासगो सीओपी 26 में जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से खत्म करने की देशों की मांग को पूरी तरह से स्वीकार नहीं किया गया और चीन के आग्रह और भारत के समर्थन पर इसे चरणबद्ध तरीके से खत्म करने में बदल दिया गया। इसके अलावा दुबई सीओपी 28 में एक और वाक्यांश जीवाश्म ईंधन से दूर संक्रमण पर सहमति बनी। सीओपी प्रस्तावों में इस्तेमाल किए गए वाक्यांशों के बावजूद, नेता केवल विकास और जीडीपी के बारे में चिंतित हैं और जीवाश्म ईंधन की खपत को कम करने के लिए इच्छुक नहीं हैं।

सीओपी 29 13 नवंबर को बाकू, अजरबैजान में शुरू होने वाला है, जब विश्व नेता फिर से स्थिति का जायजा लेंगे और आगे की कार्रवाई शुरू करेंगे। दुर्भाग्य से, मेजबान देश अपने पड़ोसियों आर्मेनिया और जॉर्जिया के साथ वैश्विक औसत की तुलना में अपेक्षाकृत अधिक गर्मी का सामना कर रहा है। जबकि हर देश को उत्सर्जन में कटौती करने के लिए अपने प्रयास करने चाहिए, भारत को प्राकृतिक वनों की बलि की आवश्यकता वाली परियोजनाओं पर फिर से विचार करना चाहिए, चाहे वह हिमालय में रैखिक बुनियादी ढांचे के लिए हो, पश्चिमी घाट में हो या महान निकोबार विकास परियोजनाओं के लिए 130.75 वर्ग किलोमीटर के जंगलों की कटाई हो।

खोए हुए पेड़ों के लिए प्रतिपूरक वनीकरण बढ़ाने का भारत का ट्रैक रिकॉर्ड बहुत खराब है। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में परियोजना में खोए गए पेड़ों की तुलना में दस गुना अधिक पेड़ नहीं लगाने के लिए एजेंसियों के खिलाफ अवमानना ??की धमकी दी। एनएच 123 भरतपुर धौलपुर मार्ग के चौड़ीकरण के लिए 2015 में 3700 पेड़ों की बलि दी गई और 37000 पेड़ लगाने की सुप्रीम कोर्ट की शर्त अभी तक पूरी नहीं हुई है।

# बिजनेस स्कूलों पर कृत्रिम बुद्धि का प्रभाव

"निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में एआई को एकीकृत करने से लेकर वैश्विक दृष्टिकोण जोड़ने तक, बी-स्कूल पारंपरिक शिक्षा को नवीन तकनीक के साथ मिला रहे हैं।"

**प्रभु अग्रवाल**
(लेखक, बीएमएस हैदराबाद में डीन हैं)



वर्ष 2024 में, प्रौद्योगिकी जीवन के हर पहलू को प्रभावित कर रही है, जिस तरह से हम संवाद करते हैं, सीखते हैं और व्यवसाय चलाते हैं, उसे बदल रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, आईओटी, बिग डेटा, ब्लॉकचेन और अन्य डिजिटल तकनीकों में प्रगति के साथ, हम वर्तमान में उद्योग क्रांति की चौथी लहर को नेविगेट कर रहे हैं।

व्यवसाय मुख्य रूप से कार्यबल संचालन को बढ़ाने के लिए स्वचालन और मशीनरी को प्राथमिकता देते हैं, एक अनमुडल अध्ययन के अनुसार, 88 प्रतिशत छोटे व्यवसाय के मालिक अपने कार्यबल की दक्षता बढ़ाने के लिए स्वचालन का उपयोग करते हैं। यह बदलाव उद्योग में डिजिटल रूप से साक्षर और तकनीक-प्रेमी पेशेवरों की मांग को बढ़ा रहा है, जो बिजनेस स्कूलों को अपने शैक्षणिक पाठ्यक्रम को फिर से डिजाइन करने के लिए प्रेरित कर रहा है। निम्नलिखित क्रांतिकारी तरीके हैं जिनसे प्रौद्योगिकी व्यवसाय उद्योग को नया रूप दे रही है।

फ्यूचर ऑफ़ जॉब्स सर्वे के अनुसार, 75 प्रतिशत कंपनियाँ आने वाले वर्षों में कृत्रिम बुद्धि तकनीकों को अपनाने की योजना बना रही हैं। यह व्यावसायिक शिक्षा में प्रौद्योगिकी द्वारा लाए गए एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत देता है, एआई और एमएल का एकीकरण। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग पारंपरिक शिक्षण मॉडल को बाधित करते हुए भविष्य के व्यावसायिक नेताओं के सोचने और निर्णय लेने के तरीके में क्रांति ला रहे हैं। जनरेटिव एआई जैसी उभरती हुई तकनीकें वास्तविक समय की प्रतिक्रिया और उच्च-स्तरीय अन्तरक्रियाशीलता प्रदान करती हैं, जो बिजनेस स्कूलों को छात्रों में एआई कौशल विकसित करने के लिए सीखने के तरीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करती हैं, इस प्रकार, उन्हें तेजी से विकसित हो रहे व्यावसायिक परिदृश्य की मांगों को पूरा करने के लिए तैयार करती हैं। डेटा व्यावसायिक बुद्धिमत्ता में प्राथमिक मुद्रा बन गया है, जो व्यवसायों को उनके विकास को बढ़ाने के लिए सूचित निर्णय लेने में मदद करता है। सांख्यिकीय तकनीक, भविष्य कहनेवाला विश्लेषण, मशीन लर्निंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे तकनीकी रुझान व्यवसायों को अग्रणी पैटर्न की पहचान करने और अपनी पेशकशों को अनुकूलित करने की अनुमति देते हैं।

जैसा कि एज डेल्टा द्वारा हाल ही में किए गए अध्ययनों से पता चलता है, अधिक कंपनियां बड़े डेटा और तकनीक को अपनाएँगी, जिससे रोज़गार दर में 58 प्रतिशत की वृद्धि होगी। छात्रों को प्रतिस्पर्धी बने रहने में मदद करने के लिए, बिजनेस-स्कूल सक्रिय रूप से अपने प्रस्तावित पाठ्यक्रम में डेटा विश्लेषण को शामिल करते हैं, जिससे छात्रों की डेटा दक्षता में सुधार होता है। उच्च शिक्षा पाठ्यक्रम में डेटा एनालिटिक्स को शामिल करना, विशेष रूप से पीजीडीएम और एमबीए कार्यक्रमों में, छात्रों के बीच नवाचार और समाधान-उन्मुख सोच को बढ़ावा देगा।

व्यवसाय में प्रौद्योगिकी के तेजी से समावेश के साथ, प्रमुख नियोक्ता उद्योग-तैयार तकनीकी और सॉफ्ट कौशल वाले पेशेवरों को अत्यधिक प्राथमिकता दे रहे हैं। व्यावसायिक शिक्षा की तकनीकी रूप से एकीकृत पद्धति पारंपरिक शिक्षण पद्धति का पूरक है, जो छात्रों को वास्तविक दुनिया की चुनौतियों से निपटने और भविष्य के समाधान प्रदान करने के लिए तैयार करती है। उद्योग इंटर्नशिप, परामर्श परियोजनाओं, केस स्टडी और व्यावसायिक सिमुलेशन के माध्यम से, बी-स्कूल के छात्र आज के प्रतिस्पर्धी नौकरी बाजार में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक व्यावहारिक अनुभव और व्यावहारिक कौशल प्राप्त करते हैं। जबकि एक व्यावसायिक डिग्री महत्वपूर्ण महत्व रखती है, व्यावहारिक अनुभव छात्रों को अपनी सीख को कार्रवाई योग्य समाधानों में बदलने की अनुमति देता है।

व्यक्तिगत शिक्षण दृष्टिकोण- प्रौद्योगिकी और शिक्षा के समामेलन ने शिक्षा को व्यक्तिगत बना दिया है। पारंपरिक शिक्षण मॉडल एक-आकार-फिट-सभी दृष्टिकोण को नियोजित करता है, व्यक्तिगत सीखने की जरूरतों को अनदेखा करता है। दूसरी ओर, आधुनिक शिक्षण मॉडल व्यक्तिगत मांगों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है, जिससे हर छात्र के लिए सीखना सहज हो जाता है। तकनीक-एकीकृत व्यक्तिगत शिक्षा के माध्यम से, छात्र सीखने की सामग्री को अनुकूलित कर सकते हैं और अपनी गति से समझ सकते हैं।

यह बदलाव विशेष रूप से व्यावसायिक शिक्षा में प्रभावशाली है, जहां व्यक्तिगत शिक्षा छात्रों को उद्योग के रुझानों के साथ बने रहने, कौशल अंतर को पाटने और उनकी दक्षता के आधार पर सीखने में मदद करती है। मानवीय रचनात्मकता और स्वचालन के बीच संतुलन- जबकि कई लोग वर्तमान युग को उद्योग 4.0 के रूप में देखते हैं, अन्य लोग तर्क देते हैं कि हम तेज़ी से उद्योग 5.0 की ओर बढ़ रहे हैं। अपने पूर्ववर्ती के विपरीत, उद्योग 5.0 पेशेवरों की भलाई पर जोर देता है, नौकरियों से परे समृद्धि को बढ़ावा देता है और पारिस्थितिक रूप से संतुलित आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है। आने वाला औद्योगिकीकरण युग मनुष्यों और ﾠड्ड उपकरणों के बीच घनिष्ठ सहयोग की कल्पना करता है, जो परिचालन दक्षता और लागत-प्रभावशीलता को बढ़ाता है। इसने शीर्ष बी-स्कूलों को मानव-केंद्रितता, स्थिरता और स्वचालन को एकीकृत करते हुए मुख्य प्रबंधन पाठ्यक्रमों को सोच-समझकर तैयार करने के लिए प्रेरित किया है।

आज की व्यावसायिक चुनौतियां स्वाभाविक रूप से वैश्विक प्रकृति की हैं, जैसे स्थिरता के मुद्दे, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, विदेशी विनियम और सांस्कृतिक विविधता। व्यावसायिक शिक्षा में वैश्विक दृष्टिकोण को शामिल करके, बी-स्कूल छात्रों को इन समस्याओं को प्रभावी ढंग से संबोधित करने के लिए आवश्यक उपकरण प्रदान करते हैं। आभासी तरीकों के माध्यम से वैश्विक उद्योग सहयोग की सुविधा और विविध संस्कृतियों के साथियों को जोड़ना छात्रों में गहरी व्यावसायिक समझ को बढ़ावा देता है, जिससे वे सकारात्मक बदलाव लाने में सक्षम होते हैं।

## आप की बात

### सोशल मीडिया और बच्चे

**क्या** सोशल मीडिया एवं इंटरनेट का बेतहाशा उपयोग से दुनिये भर के बच्चों पर इसका विपरीत असर पड़ रहा है ? इसका उत्तर है हाँ ऐसा ही हो रहा है। पढाई में मन नहीं लगना। अवसाद का शिकार होना। बच्चों में ख़राब शारीरिक छवि एवं अकेलेपन का शिकार बना सकता है। रात में सयन कक्ष में इसका इस्तेमाल से नींद की कमी के कारण अन्य शारीरिक एवं मानसिक विकार को जन्म दे सकता है। सामाजिक संपर्क में कमी आना। शारीरिक खेलखूद से दूर होना। ऑनलाइन शिकारियों के जाल में फंस कर कई बच्चे यौन शोषण का भी शिकार बन जाते हैं। सोशल मीडिया बच्चों को पक्षपातपूर्ण या गलत जानकारी के संपर्क में ला सकता है। बहुत अधिक व्यक्तिगत जानकारी साझा करने के वजह से वे आगे चलकर भयादोहन का शिकार हो सकते हैं। शायद इसी के कारण ऑस्ट्रेलिया दुनिया का पहला देश बनने जा रहा है जो 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने की योजना बना रहा है- प्रस्तावित कानून ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनिसि ने घोषणा की कि सरकार 2024 के अंत तक सोशल मीडिया से बच्चों पर प्रतिबंध लगाने के लिए कानून पेश करेगी इस कानून के तहत सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म को 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को अपनी साइट तक पहुंचने से रोकने के लिए आवश्यक उचित कदम उठने होंगे।

- **जंगबहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### वक्फ कानून में कमियां

**वक्फ** संपत्तियों पर अनियंत्रित दावों को रोकने और संपत्ति मालिकों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए पारदर्शी और संतुलित कानून की आवश्यकता है। वक्फ संपत्तियों पर अनियंत्रित अधिकारों और इनके अधिग्रहण में अपारदर्शिता को लेकर लंबे समय से विवाद रहा है। यह एक गंभीर चिंता का विषय है कि वक्फ बोर्ड किसी संपत्ति पर अधिकार जताने के लिए बिना किसी साक्ष्य के दावे कर सकता है। इस तरह की स्थितियां केवल संपत्ति मालिकों के अधिकारों का हनन नहीं करतीं, बल्कि न्याय व्यवस्था की विश्वसनीयता को भी कमजोर करती हैं। वर्तमान व्यवस्था में वक्फ बोर्ड के पास किसी भी संपत्ति को वक्फ संपत्ति घोषित करने का लगभग असीमित अधिकार है। यह न केवल निजी संपत्ति मालिकों के लिए बल्कि सार्वजनिक संपत्तियों और धरोहरों के लिए भी खतरे की घंटी है। कई उदाहरणों में देखा गया है कि ऐतिहासिक धरोहरों और मंदिरों जैसी सार्वजनिक संपत्तियों पर भी वक्फ का दावा किया गया है, जिससे समाज में असंतोष और धार्मिक असंतुलन की भावना उत्पन्न होती है। यह स्पष्ट है कि संपत्ति विवादों में वक्फ बोर्ड को दिए गए विशेषाधिकारों में एक संतुलन की आवश्यकता है। सरकार को चाहिए कि वह इस मुद्दे पर विचार करते हुए संपत्तियों पर वक्फ बोर्ड के दावों की प्रक्रिया को पारदर्शी और न्यायसंगत बनाए। इसके लिए स्वतंत्र जांच समिति का गठन किया जाना चाहिए।

- **अवनीश गुप्ता**, आजमगढ़

### युवाओं का मानसिक स्वास्थ्य

**वर्तमान** समय में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं निरंतर गंभीर होती जा रही हैं। सबसे अधिक चिंताजनक यह है कि युवाओं में अवसाद व व्याग्रता बढ़ रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़े बताते हैं कि मैं 2020 में 18 से 24 साल की आयु के 9.3 प्रतिशत लोगों ने अवसाद और व्यग्रता के लक्षणों को महसूस किया था। मार्च 2022 आते-आते यह आंकड़ा लगभग दुगुना होकर 16.8 प्रतिशत हो गया। स्थिति इतनी विकट होती जा रही है इसका अनुमान इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि पिछले साल इस आयु वर्ग के लगभग 25 प्रतिशत युवाओं में अवसाद के लक्षण पाए गए तथा करीब 30 प्रतिशत व्यग्रता से ग्रस्त हैं। आत्महत्या से युवाओं की मौतों की संख्या भी साल दर साल बढ़ रही है। भारत की जनसंख्या का बहुत बड़ा हिस्सा युवा है और इसी पर देश का वर्तमान एवं भविष्य टिका हुआ है। पढ़ाई लिखाई से लेकर कामकाज तक लगातार बढ़ते दबाव के साथ सामंजस्य स्थापित करना युवाओं के लिए चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। सोशल मीडिया, ऑनलाइन गतिविधियों तथा सूचनाओं के अंतहीन अंबार ने स्थिति को जटिल बना दिया है। मानसिक स्वास्थ्य का मसला अब व्यक्ति तक सीमित नहीं है, इसके व्यापक प्रभाव को देखते हुए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। सबसे पहले तो समस्या के मूल कारण की पहचान और पड़ताल करना जरूरी है।

- **भूपेंद्र सिंह**, दिल्ली

### मेधा संपन्न भारत

**देश** मे मेधा की कमी नही है।भारत की मेधा का डंका सारी दुनियां मे बज रहा है। माइक्रोसॉफ्ट के डेवलपर गिटहब के सीईओ ने भारत की तकनीकी दक्षता की प्रशंसा करते हुए कहा कि वैश्विक प्रौद्योगिकी दिग्गज के रूप में भारत के उदय को कोई रोक नही सकता। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती डेवलपर आबादी है। इसके जवाब में प्रधानमंत्री में ने एक सोशल मीडिया पर कहा। भारत के युवा नवाचार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बेहतर है। सारी दुनिया भारत की प्रतिभाओं का उपयोग अपने देश के विकास और मानव कल्याण के लिए कर रहे है। भारत मे प्रतिभाओं का उपयोग नही हो रहा है। प्रतिभाओं को मौके नही मिलते। वे मजबूर होकर विदेशों में जाते है। प्रधानमंत्री जी ध्यान दीजिए। भारत सूचना प्रौद्योगिकी में सारी दुनियां अग्रणी था। उसी देश मे सरकारी बैंकों में सर्वर न होने के कारण लोग सुबह से शाम तक इंतजार करते है।उनको बैंकों में जमा धन नही मिलता।वे सरकार को कोसते जाते है। डिजिटल इंडिया के लिए योग्य लोगों की जरूरत है। तभी हम विकास और आमजन को हर क्षेत्र में बेहतर सुविधाएं दे सकते हैं।

- **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# छठ पर्व स्वच्छता के साथ प्रकृति को संरक्षित करने का संदेश देता है : ललित चंद्राकर

## छठ पूजा में शामिल हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर

पायनियर संवाददाता ∢ उतई
www.dailypioneer.com





लोक आस्था के महापर्व छठ पर शीतला कल्याणी मंदिर, नेवई डैम, रिसाली क्षेत्र के वीआईपी नगर तालाब, हिन्दनगर, शीलता तलाब मरोदा, रुआबांधा के घाट में छठ पूजा पर भगवान भूवन भास्कर को प्रथम और सुबह दूसरा अर्घ्य दिया गया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने छठ घाट पहुंचकर छठी मईया की पूजा अर्चना कर प्रदेश वासियों की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की और वहा उपस्थित जन समुदाय को छठ पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित किया। इस अवसर पर ललित चंद्राकर ने छठ पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि छठ पर्व का सिर्फ धार्मिक महत्व ही नहीं है। इसका वैज्ञानिक महत्व भी है। यह पर्व स्वच्छता के साथ प्रकृति को संरक्षित करने का संदेश देता है। अदरक, मूली, गाजर, हल्दी जैसी गुणकारी सब्जियों से अर्ध दिया जाता है, जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। साथ ही साफ-सफाई पर भी ध्यान दिया जाता है, जो हमें विभिन्न बीमारियों से बचाता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि कमर तक पानी में डूबकर सूर्य की ओर देखना स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। आगे चंद्राकर ने कहा कि प्रकृति के संरक्षण के साथ-साथ यह पर्व आंवला, मकोई, मूंगफ्ली जैसे फ्लों का महत्व बताते हुए इनके संरक्षण का संदेश देता है। छठ पर्व में होने वाला 36 घंटे का निर्जला उपवास शरीर के लिए बहुत फायदेमंद है। इससे शरीर शुद्ध होता है। इतना ही नहीं, यह विटामिन डी की कमी को भी पूरा करता है। कार्तिक माह में सूर्य की किरणों में प्रचुर मात्र में विटामिन डी का समावेश होता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रिसाली महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, रिसाली भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे, महामंत्री राजू जंघेल, राकेश त्रिपाठी, अनुपम साहू, कंचन सिंह, पुरेन्द्र साहू, नरेन्द्र निर्मलकर, रंजन सिन्हा, अजीत चौधरी , रिसाली नगर निगम महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, पार्षद टीकम साहू, जग्गू यादव, संतोष साव, शरद जैन, दीपक चौहान, अजीत सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, राजेन्द्र रजक, काजू यादव, जगदीश सिंह,पवन जैन, मोती बुंदेला, कंबलजीत सिंह, वेदप्रकाश साहू,सालिक गणवीर, रघुनाथ, विजय प्रधान, शिवमूरत यादव, देवीसिंग् साहू, काकू यादव, सुनील जैन, संजय सोनी, अभय जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन उपस्थित थे।

# छठ घाट पर कांग्रेसजनो ने उपासकों को छठ पर्व की शुभकामनाएं दी



पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा के पावन अवसर पर नगर के मध्य पर स्थित छठ घाट पर जाकर संध्याकालीन एवं प्रातः कालीन अर्ध्य के दौरान कांग्रेसजनो ने छठ उपासकों व उपस्थित नगर वासियों को छठ पर्व की शुभकामनाएं दी और छठी मैया से नगर के सुख समृद्धि के आशीर्वाद की कामना की। साथ ही ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुरेश ठाकुर के निमंत्रण पर उनके परिवार जनों के साथ छठ आरती में सम्मिलित हुए।

### छठी मईया नगरवासियों की मनोकामना को पूर्ण करें

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक बांबेश्वर, नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर, मंडल अध्यक्ष विवेक मसीह व संतोष पाण्डेय, जिला संयुक्त महामंत्री विजय जोगदंड, रामजतन भारद्वाज, जिला सचिव रवि जायसवाल, जिला अध्यक्ष झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ प्रदीप बबलू, रामू शर्मा, पुर्व एल्डरमैन प्रमोद तिवारी, पार्षद स्वप्निल तिवारी, सुरेश ठाकुर, जोगेंद्र ठाकुर, श्रीनिवास राव, घनश्याम शर्मा सहित कांग्रेसियों ने छठ पर्व की बधाई दी। छत्तीसगढ़ यूपी बिहार सांस्कृतिक समिति से राजकिशोर सिंह, अभय सिंह, प्रमोद तिवारी, वशिष्ठ प्रसाद रस्तोगी, अश्विनी कुशवाहा, संतोष बरनवाल, बिरसपति सिंह, वी डी सिंह, भीम सिंह, रामजीत भारद्वाज, अशोक ठाकुर, सुरेश ठाकुर, राजेश ठाकुर, अमित ठाकुर, राकेश ठाकुर, संस्कार ठाकुर, समर्पित ठाकुर, निक्कू, बॉबी, मोहन सिंह, अशोक श्रीवास्तव, आकाश सिंह, उपेन्द्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, रघुनंदन सिंह सहित सदस्यों से मुलाकात कर छठ पर्व की बधाई देते हुए सफल आयोजन की प्रशंसा की।

# उदीयमान आदित्य नारायण को अर्घ्य देकर महापर्व छठ व्रत हुआ संपन्न



पायनियर संवाददाता ∢ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

सम्पूर्ण भारत वर्ष में पूर्ण श्रद्धा भक्ति भाव से भगवान सूर्यदेव की उपासना किए जाने वाले महापर्व छठ पर व्रतियों ने नगर के विभिन्न भागों में स्थित छठ घाटों में भगवान उदित नारायण को प्रातः अर्घ्य समर्पित कर इस व्रत को सम्पन्न किया । मुख्य रूप से बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखण्ड में वृहद स्तर पर मनाए जाने वाले महापर्व छठ पूजा भारत ही नहीं वरन संपूर्ण विश्व में जहां भी इन प्रदेशों के वासी हैं वहां पर यह पर्व मनाया जाता है । अटूट श्रद्धा, भक्ति भाव और आस्था के प्रतीक प्रज्ज्वलित दीपों से जगमगा उठे छठ घाट में अपने पति और बच्चों की उन्नति, सुख, समृद्धि की कामना पूर्ण करने हेतु निर्जला उपवास रखकर किए गए चार दिन के इस कठिन व्रत का समापन प्रातः कालीन उदित होते हुए सूर्यदेव को अर्घ्य देकर किया, तत्पश्चात छठ व्रतियों द्वारा पारण किया गया । इस शुभ अवसर पर राजनीति से परे धार्मिक पर्व में स्थानीय जनप्रतिनिधि, नगर पालिका पार्षद महेश सोनकर ने सभी व्रतधारियों को हार्दिक शुभकामनायें और हार्दिक बधाइयाँ दी । भाजपा मण्डल अध्यक्ष कुम्हारी राजू निषाद, आशीष शुक्ला, सौरभ पाण्डेय, नगर के वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश पाण्डेय अपने समर्थकों के साथ बड़े तरिया के छठ घाट पहुंच कर समस्त छठ व्रतियों, नागरिकों को सूर्योपासना के महापर्व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नगर और प्रदेश के समस्त नागरिक स्वस्थ हों, सभी की सुख समृद्धि में वृद्धि हो ऐसी मंगलकामना करता हूं ।

# श्रीमद भागवत सुनने से भय दूर हो जाते है : गोपेश्वरी





### दशहरा मैदान रिसाली मे कथा का तीसरा दिन

पायनियर संवाददाता ∢ उतई
www.dailypioneer.com

दशहरा मैदान रिसाली में आयोजित श्री मद भागवत कथा के तृतीय दिवस पर कथाकार गोपेश्वरी ने शुकदेव जी और परीक्षित के प्रसंग से कथा सुनाई ।उन्होंने कथा के माध्यम से बताया की शुकदेव जी से परीक्षित जी प्रश्न करते हैं कि संसार में जीव सर्वदा सदा अपने कल्याण के लिए क्या करे और जो जीव मरने वाला उसको अपने कल्याण के लिए क्या करना चाहिए इसका उत्तर देते हुए शुकदेव जी ने बताया कि केवल भक्त वत्सल श्री कृष्ण की श्रवण कीर्तन स्मरण भक्ति करने से जीव अपना कल्याण कर सकता है। कैसे भी साधन से श्रीकृष्ण चरणों में मन अनुरक्त हो, भगवान प्रसन्न हो। क्योंकि वेदों का तात्पर्य श्री कृष्ण में ही है। यज्ञों के उद्देश्य श्रीकृष्ण ही हैं। योग श्रीकृष्ण के लिए ही किये जाते हैं और समस्त कर्मों की परिसमाप्ति भी श्रीकृष्ण में ही है। ज्ञान से ब्रह्मस्वरूप श्रीकृष्ण की ही प्राप्ति होती है। तपस्या श्रीकृष्ण की प्रसन्नता के लिए ही की जाती है। श्रीकृष्ण के लिए ही धर्मों का अनुष्ठान होता है और सब गतियॉ श्रीकृष्ण में ही समा जाती हैं। गोपेस्वरी ने कथा में आगे बताया की अनर्थों की शान्ति का साक्षात् साधन है। केवल भगवान् का भक्तियोग। परन्तु संसार के लोग इस बात को नहीं जानते । यही समझकर श्री वेदव्यास जी ने परमहंसों की संहिता श्रीमद्भागवत की रचना की जिसको श्रवण मात्र से श्रीकृष्ण के प्रति परम प्रेममयी भक्ति हो जाती है, जिससे जीव के शोक, मोह और भय नष्ट हो जाते हैं शुकदेव जी ने कहा परीक्षित में तुम्हें यही श्रीमद्भागवत कथा करवाऊंगा। इसका लाभ यह होगा कि मृत्यु के समय भगवान की स्मृति अवश्य बनी रहे। आगे कथा में परीक्षित जी पूछने पर श्रृष्टि का विस्तार कैसे हुआ ये बताया गया। फिर मनु जी महाराज और महारानी शतरूपा की संतानों की कथा बताई। जिसमें ध्रुव जी का चरित्र और जड़ भरत जी की कथा भी बताई गई।

# संकुल नया बाजार राजहरा मे शासन की एनएएस प्रशिक्षण के तहत परख हेतु मॉक टेस्ट का आयोजन



पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

संकुल नया बाजार राजहरा मे शासन की एन ए एस प्रशिक्षण के तहत परख हेतु मॉक टेस्ट का आयोजन कक्षा 3,6 एवं 9 में आयोजित किया जाना है द्य जिसके तहत प्रथम मॉक टेस्ट का आयोजन 9 नवम्बर को किया जाना है. इस हेतु समग्र शिक्षा बालोद के जिला मिशन समन्वयक अनुराग त्रिवेदी के द्वारा राजहरा की सभी शासकीय संस्थाओं एवं अशासकीय संस्थाओं निर्मला इंग्लिश मीडियम स्कूल, डीएवी स्कूल, लिटिल बड्र्स स्कूल आदि में परख के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी एवं टेस्ट के बारे मे आवश्यक तैयारी की समीक्षा किया गया द्य उनके द्वारा माक टेस्ट चार चरणों में होगा, की जानकारी दिया गया द्य चार चरण 9, 16, 23, 30 नवम्बर को आयोजित होंगे. उसके बाद दिसम्बर में एनएएस परख का टेस्ट होगा। त्रिवेदी के द्वारा मॉक टेस्ट का आयोजन बच्चों के स्तर को जानने एवं कमजोर क्षेत्र में सपोर्ट करते हुए पूर्ण अभ्यास कराने हेतु किया जाना है। साथ ही राज्य एवं जिला कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गए मॉडल प्रश्नों एवं प्रश्न पत्रों का ओ.एम. आर. शीट में बच्चों को उत्तर देना का अभ्यास कराने से सम्बंधित है बताया गया।

# छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर कबीरधाम को मिली बड़ी पहचान

## अदिति, छोटी और शिवकुमार चंद्रवंशी राज्य अलंकरण पुरस्कार से सम्मानित

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के 24वी वर्षगांठ पर कबीरधाम जिले के अलग-अलग क्षत्रों में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले तीन विभूतियों को उत्कृष्ठ कार्य के लिए राज्य अलंकरण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नवा रायपुर में आयोजित राज्योत्सव में भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा ग्राम पालीगुढ़ा निवासी मती अदिति कश्यप को महिलाओं में वीरता, शौर्य, साहस तथा आत्मबल को सशक्त बनाने के लिए वीरांगना अवंतिबाई लोधी स्मृति पुरूस्कार, पंडरिया निवासी सु छोटी मेहरा को पैरा एथलेटिक्स खेल क्षेत्र में गुण्डाधुर सम्मान और ग्राम कोको निवासी शिवकुमार चंद्रंवशी को कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य के लिए खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरूस्कार से नवाजा गया है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया है। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि जिले के तीनों नागरिकों को राज्य के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया, जो जिले के लिए गर्व का विषय है। इनकी उपलब्धियां दूसरों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेंगी और राज्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि आपकी उपलब्धियां न केवल जिले के लिए गर्व का विषय हैं, बल्कि अन्य लोगों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत भी हैं। आपके कार्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के साथ-साथ जिले की पहचान को और मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि आप सभी की मेहनत, लगन और समर्पण ने कबीरधाम जिले को एक नई पहचान दिलाई है। आपके योगदान से अन्य लोगों को भी अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। प्रशासन आपकी हर संभव मदद के लिए हमेशा तैयार है। यह सफलता आपकी नहीं, पूरे जिले की सफलता है।

### उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दी दूरभाष पर बधाई शुभकामनाएं

राज्य अलंकरण पुरस्कार प्राप्त करने पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दूरभाष पर



अदिति कश्यप, छोटी मेहरा और शिवकुमार चंद्रवंशी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आप सभी ने अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कबीरधाम जिले को गौरवान्वित किया है। यह पूरे जिले के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि मैं वर्तमान में झारखंड प्रवास पर हूं, लेकिन कवर्धा लौटते ही आपसे व्यक्ति गत रूप से भेंट करूंगा। आपकी इस सफलता से अन्य लोग भी प्रेरित होंगे और जिले का नाम रोशन करेंगे।

# कवर्धा में पावर लिफ्टिंग चैंपियन शीप का आयोजन 10 नवंबर को




पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़, कवर्धा पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन और भारत हेल्थ क्लब जीम के तत्वाधान में 10 नवंबर को एक दिवसीय पावर लिफ्टिंग चैंपियन शीप का आयोजन किया जाएगा। पावर लिफ्टिंग चैंपियन शीप के शुभारंभ में नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभापति उमंग पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि कृष्णा साहू, राकेश वैष्णव, मुरली मनोहर वैष्णव, हरिशचंद डड़सेना, शशिकांत शुक्ला करेगे। समापन समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में कलेक्टर गोपाल वर्मा, अध्यक्षता पावर लिफ्टिंग एशोशिएशन के अध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी, विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह और डीएफ्ओं शशिकुमार सिंह शामिल हांगे। पावर लिफ्टिंग चैंपियन शीप में पंडरिया, बोड़ला, लोहारा, रेंगाखार, पिपरिया सहित जिले के लगभग 100 से अधिक खिलाड़ी शामिल होंगे।

# पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा तिर्की ने ली पुलिस जवानों का जनरल परेड



पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा मनोज तिर्की के द्वारा रक्षित केन्द्र बेमेतरा परिसर पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित पुलिस अधि./कर्म. के जनरल परेड़ का निरीक्षण किया गया। एसडीओपी द्वारा परेड निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों का मनोबल बढाये जाने के साथ ही कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में निर्देश दिया गया। तथा परेड निरीक्षण के दौरान पुलिस जवानो को हमेशा खुश रहने एवं प्रति-दिन अपने कार्य के अनुसार अपने दैनिक दिनचर्या से समय निकाल कर खेल, योगा, व्यायाम एवं अन्य एक्टिविटी करने को कहा। जनरल परेड़ के दौरान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा मनोज तिर्की के साथ ही साथ रक्षित निरीक्षक कृष्ण कांत सिंह एवं रक्षित केन्द्र, पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्टाफ एवं थाना/चौकी के अधिकारी/कर्मचारी परेड़ में सरिक हुये।

# खम्हरिया में सोना चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम चोरी के आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



खमरिया में सोना चांदी के जेवर एवं नगदी रकम चोरी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है इस संबंध में पुलिस के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 06.11.2024 को प्रार्थी विजय कुमार भोई पिता रामखिलावन भोई निवासी थानखम्हरिया का रिपोर्ट दर्ज कराया कि 31/10/24 को घर में दिपावली पुजा के दिन पुजा कमरे मे नगदी रकम 26,000 / रूपये एवं सोने का मंगल सुत्र, अंगुठी, कान का झुमका, तथा टाप, तथा चांदी का करधन पायल चांदी का सिक्का रख कर पुजा किये फिर रात्रि करीब 11:00 बजे खाना खा कर सो गये थे जेवर नगदी रकम ‘को कोई अज्ञात चोर घर अन्दर घुस कर चोरी कर ले गया है। कि रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 331 (3), 305 (ए) बीएनएस पंजीबंद्ध कर विवेचना लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने तत्काल आरोपी के विरूध्द्ध आवश्यक कार्यवाही करने निर्देश दिये। जिसके तहत अति. पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह एवं उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) कमल नारायण शर्मा के मार्गदर्शन में थाना खम्हरिया प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार साहू को अपराध विवेचना हेतु थाना स्टाफ के साथ लगाया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान जरिये मुखबीर की सूचना से ज्ञात हुआ कि वार्ड नम्बर 01 थानखम्हरिया निवासी चंदन माण्डले अत्यधिक शराब पी रहा है एवं पैसा रखा है कि सूचना पर तत्काल घेराबंदी कर चंदन माण्डले को पकड कर पुछताछ किया गया । चन्दन माण्डले के कब्जे से चोरी किये सोने का मंगल सुत्र, दो नग कान का झुमका, टाप, 02 जोडी, चांदी का करधन, पायल, सिक्का जुमला कीमती करीबन 1,20,000/- रूपये को जप्त कर बरामद किया गया।आरोपी चंदन माण्डले पिता संजय माण्डले उम्र 20 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 01 थानखम्हरिया जिला बेमेतरा को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना खम्हरिया प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार साहू, आरक्षक तोरण डहरिया, सुनील यादव, गोकरण मरावी, लोकेश्वर साहू, सहित थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# सेजेस बेमेतरा मे युवा संसद शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भारतवर्ष युवा सम्मलेन 2024 (युवा संसद एवं प्रतिरुप संयुक्त राष्ट्र) की टीम द्वारा पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बेमेतरा मे युवा संसद कार्यशाला का आयोजन किया गया। भारतवर्ष युवा सम्मलेन की टीम द्वारा युवा संसद जैसे शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन बड़े स्तर पर पहली बार जिले स्तर में समाधान महाविद्यालय बेमेतरा में 23 एवं 24 नवंबर को होने जा रहा है संसद के प्रतिरूप के आधार पर रहेगा जो बेमेतरा के युवाओं के लिए एक बड़ा सुनहरा अवसर होगा जहां वे संसदीय प्रक्रिया के बारे में सीखेंगे विभिन्न कलाओं जैसे वाद-विवाद सामूहिक चर्चा रिसर्च पब्लिक स्पीकिंग आदि कलाओं के साथ- साथ अपना सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास कर सकेंगे। इसी क्रम में इस आयोजन से पहले बेमेतरा के युवाओं को प्रशिक्षण देने के लिए युवा संसद कार्यशाला का आयोजन पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम वि?द्यालय बेमेतरा में किया गया। इस कार्यशाला में छत्तीसगढ़ विधानसभा का आयोजन किया गया जिसमें युवाओं ने मिलकर सतत् विकास नशा भ्रष्टाचारी पर्यावरण इत्यादि विषयों पर चर्चा किया। कार्यशाला में अतिथि के रूप में विद्यालय की प्राचार्य सुदेशा चैटर्जी शेषनारायण स उत्तम साहू स्वर्णलता द्विवेदी एवं अन्य अध्यापकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम आयोजन समिति में आयुष वर्मा अनुराग वर्मा प्रज्ज्वल वर्मा अमन सोनी राजेश यादव हिमांशु वर्मा अन्नपुर्णा साहू हिमांशु वर्मा यशवंत साहू कबीर वर्मा रेश्मी वर्मा चंचल साहू आदि सहित सभी छात्र उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने धान उपार्जन केंद्र में तैयारियों का लिया जायजा

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने खरीफ फसल 2024-25 के दौरान धान उपार्जन केंद्र बीजाभाट का दौरा कर तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने उपार्जन केंद्र पर पहुँचकर डमी किसान के माध्यम से धान उपार्जन की कम्प्यूटर प्रक्रिया को समझा और उसकी बारीकियों की जानकारी ली। कलेक्टर शर्मा ने किसानों की सुविधा के लिए धान खरीदी केंद्र पर छाया, पानी, और बैठने की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पाया कि शौचालय की सफ़ाई की स्थिति संतोषजनक नहीं थी, जिस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए तत्काल बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि धान बेचने आने वाले किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर ने यह भी कहा कि किसानों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि उन्हें किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके बाद उन्होंने बेरला के धान संग्रहण केंद्र का भी अवलोकन किया।

# फर्जी निवास प्रमाण पत्र की आरोपों से घिरी पूजा ने दिया इस्तीफा

## चाम्पा नगर पालिका अंतर्गत संचालित वार्ड नंबर 12 के केंद्र क्रमांक 4 का फर्ज़ीवाड़ा का मामला




परियोजना कार्यालय बम्हनीडीह बना आंगनबाड़ी नियुक्त में घोटालों का गढ़, आये दिन उजागर हो रहे नये नये कारनामे

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

पूजा सारथी ने पूरे मामले का आरोपी फर्ज़ी दस्तावेज बनाने वाले चॉइस सेंटर के संचालक को बता कर स्वयं ही किया था शिकायत, अब खुद ही पारिवारिक समस्या बता कर दिया इस्तीफा पूजा सारथी पति चूड़ामणि सारथी आंगनबाड़ी के सहायिका के लिए नियुक्त हुई फर्जी दस्तावेज की शिकायत के बाद तहसीलदार की सक्रिय जांच में यह बात सामने आया था कि पूजा सारथी के द्वारा फर्जी निवास प्रमाण पत्र पूरी तरह से फर्जी है जिसको नौकरी मैं आवेदन करने के समय पूजा सारथी के द्वारा लगाया गया है फर्जी दस्तावेज किशन ऑनलाइन जो तहसील कार्यालय के सामने संचालित है के द्वारा बनाया गया है, इस मामले में पूजा सारथी ने स्वयं ही थाने में शिकायत किया कि उसका निवास प्रमाण पत्र फर्जी है जो किशन ऑनलाइन किए द्वारा बनाया गया है ।

मामले का भनक लगते ही चॉइस सेंटर का संचालक फरार है वहीं पुलिस ने बी एन एस के तहत 318(2), 336, 338, 340(1) और 461 के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी की छानबीन कर रही है। तहसीलदार पुलकित साहू और प्रशिक्षु आईएएस दुर्गा प्रसाद अधिकारी के द्वारा विकासखंड परियोजना अधिकारी को बुलाकर सामने में यह दिखाया गया था कि निवास प्रमाण पत्र फर्जी है अधिकारी द्वय के द्वारा फर्जी निवास प्रमाण पत्र को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया लेकिन महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा बहाना कभी प्रतिवेदन ना मिलने, कभी जानकारी ना होने, शिकायत ना होने, तहसीलदार की गलती होने, चॉइस सेंटर वाले का गलती होना बता कर विभाग के अधिकारी टालमटोल कर रहे थे। लेकिन लगातार खबर प्रकाशित होने के बाद ऐसा क्या हुआ कि पूजा सारथी को स्वयं ही त्याग पत्र देना पड़ा। शासकीय अवकाश के दिन भी खुला था कार्यालय, कार्यालय में नजर आया था पूजा सारथी का परिवार 7 नवम्बर को शासन के द्वारा छठ पर्व का अवकाश घोषित किया गया था लेकिन छुट्टी वाले दिन पूजा सारथी और उसका पूरा परिवार वि ख प अधिकारी के दफ्तर के सामने बैठे दिखाई दिए इस बारे में परियोजना अधिकारी ने इस बात का खंडन किया है और कहा है की मुझसे कोई मिलने नहीं आया है, और ना मैंने किसी को बुलाया हैं लेकिन सूत्रों से प्राप्त फोटो में साफदिख रहा है कि पूजा सारथी व उनका परिवार ऑफिस मिलने गए थे। ऐसे में ये सवाल उठना लाजमी हैं कि छुट्टी के दिन उनका ऑफिस में क्या काम क्या कल छुट्टी वाले दिन बैक डेट में इस्तीफा लिया गया है।

# समाजसेविका रीना गेवाडीन ने छठ पूजा के तृतीय दिवस डूबते सूर्य को दिया अर्ध्य

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com





नगर पालिका शक्ति की पूर्व उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाज सेविका रीना नरेश गेवाडीन ने पूरे शक्ति जिले वासियों को छठ पूजा की शुभकामनाएं देते हुए छठ पूजा के तृतीय दिवस डूबते सूर्य को अर्ध्य देकर क्षेत्र की सुख, शांति एवम खुशहाली की कामना की है, तथा रीना गेवाडीन ने कहा कि छठ मैय्या के आशीर्वाद एवं उनकी कृपा से सदैव पूरे क्षेत्र में खुशहाली बनी रहेगी, शक्ति में भी छठ पूजा का महापर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है, चार दिनों तक चलने वाले छठ व्रत की शुरुआत मंगलवार से नहाए खाए के साथ हो गई है। छठ का तीसरा दिन है, इस दिन को अस्थलगामी सूर्य को अर्ध्य दिया जाता है, छठवती खरना के बाद 36 घंटे का निर्जला उपवास रखते हैं, और तीसरे दिन शाम को डूबते सूर्य को अर्ध्य देने के लिए जल स्रोतों से पोखर तालाब नदी या फिर वैकल्पिक इंतजाम करके पानी में डूबते सूर्य की ओर मुंह करके खड़े हो जाते हैं, घुटने तक पानी में खड़े होकर सभी की सुख, समृद्धि के लिए वरदान मांगते हैं, जब तक सूर्य डूब नहीं जाता, श्रद्धालु उपासना में लीन रहता है, सूर्य के दिन डूबने के बाद लोग घरों की ओर वापस जाते हैं फिर चौथे दिन उगते सूर्य को अर्ध्य देकर सूर्य उपासना का महापर्व छठ का समापन हो जाता है, शक्ति क्षेत्र में भी महिलाओं के द्वारा छठ महापर्व मनाया जाता है, पूजा के इस मौके पर रीना नरेश गेवाडीन, रिंकी अग्रवाल, सोनल अग्रवाल, उषा अग्रवाल, राजू पिंकी अग्रवाल, ममता मीना अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, सीमा गोयल, अंजू अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल एवम् बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

# मारवाड़ी युवा मंच शक्ति ने कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर हेतु जिले के कलेक्टर- एसपी को दिया अतिथि का निमंत्रण





पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

मारवाड़ी युवा मंच की शक्ति शाखा द्वारा 8 नवंबर को शक्ति जिले के आईएएस कलेक्टर अमृत विकास टोपनो एवं जिले की पुलिस अधीक्षक आईपीएस अंकिता शर्मा से मुलाकात कर उन्हें आगामी 11, 12 एवं 13 नवंबर को शक्ति शहर की हटरी धर्मशाला मे स्व. सेठ मांगेराम अग्रवाल जी की पुण्य स्मृति में मारवाड़ी युवा मंच की शक्ति शाखा द्वारा आयोजित निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर के उद्घाटन एवं समापन समारोह में अतिथि के रूप में शामिल होने का निमंत्रण दिया, तथा मारवाड़ी युवा मंच की शक्ति शाखा के प्रतिनिधिमंडल ने तीन दिवसीय कार्यक्रम के संबंध में जिले के प्रशासनिक मुखिया एवं पुलिस मुखिया को भी विस्तार पूर्वक अवगत कराते हुए इसे शक्ति जिले में विकलांगता के क्षेत्र में एक बड़ा रचनात्मक कार्य बताया, इस दौरान मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा के संरक्षक हरिओम अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल राजू, पूर्व अध्यक्ष मनीष कथुरिया, शक्ति शाखा के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल (साइ कंप्यूटर) एवं प्रकाश अग्रवाल शक्ति क्लाथ स्टोर प्रमुख रूप से मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री के प्रयास से 21 बिजली सखी को मिला रोजगार का अवसर

## जिले में 300 बिजली सखी बनाने का लक्ष्य





पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विगत दिवस बगिया सीएम कैम्प कार्यालय में बगीचा विकास खंड की स्व-सहायता समूहों की 21 महिलाओं को बिजली सखी योजना के तहत बिजली कीट प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री के प्रयास से स्व सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार का बेहतर अवसर भी मिला है। उल्लेखनीय है कि जशपुर जिले की स्व-सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार देकर उनके आय में वृद्धि करने के लिए सार्थक पहल की जा रही है। यह योजना पायलट प्रोजेक्ट के तहत जिला प्रशासन और जनपद पंचायत बगीचा के संयुक्त प्रयास से लागू किया जा रहा है। बिजली सखी की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। बिजली विभाग के पास मीटर रीडर की कमी के कारण उपभोक्ताओं के बिजली मीटर का नियमित रीडिंग नहीं हो पाता है। इससे उपभोक्ताओं को अधिक बिजली बिल देना पड़ता है। जिला प्रशासन ने स्व सहायता समूह की महिलाओं को मीटर रीडिंग का प्रशिक्षण देकर उन्हें बिजली सखी बनाया गया है। बिजली सखी के द्वारा नियमित रूप से मीटर रीडिंग किया जा रहा है इसका फायदा यह हो रहा है कि बिजली बिल नियमित एवं कम आ रहा है साथ ही एक घर में मीटर रीडिंग करने से बिजली सखी को 12 रूपए बिजली विभाग के द्वारा भुगतान किया जा रहा है जिसमें 21 महिलाओं को प्रतिमाह लगभग 6000 हजार की आमदनी भी हो रही है। बिजली सखी जशपुर में पायलट प्रोजेक्ट के तहत 21 महिलाओं को बिजली सखी बनाया गया है। जिला में 300 महिलाओं को बिजली सखी बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

# भोलाशंकर तिवारी के सानिध्य में पंडित कृष्णा तिवारी करा रहे कथा का रसपान

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com




शक्ति शहर के नवधा चौक निवासी सास बहू साड़ी के संचालक तुलसी देवांगन एवं मनेद्र कुमार देवांगन द्वारा 7 नवंबर से श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन कराया जा रहा है, इस कार्यक्रम में परम पूज्य आचार्य पंडित भोलाशंकर तिवारी के सानिध्य में व्यास पीठ पर पंडित श्री कृष्णा तिवारी जी (तागा वाले) अपनी अमृतमय वाणी से कथा का रसपान करा रहे हैं, तो वहीं 7 नवंबर को सुबह भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें आयोजक परिवार सहित शहर वासियों ने शामिल होकर इसे सफल बनाया। तथा उपरोक्त श्रीमद् भागवत कथा का कार्यक्रम प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे से प्रारंभ होकर होगा एवं 7 नवंबर को शोभा यात्रा के साथ ही बेदी पूजन एवं गोकर्ण कथा संपन्न हुई तो वहीं 8 नवंबर को कपिल अवतार, शिव सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, 9 नवंबर को जड़ भरत एवं अजामिल चरित्र, नर्सिंग अवतार, 10 नवंबर को गजेंद्र मोक्ष, वामन अवतार श्री राम श्री कृष्णा प्राकट्य, 11 नवंबर को बाल लीला, माखन चोरी, गोवर्धन पूजा एवं छप्पन भोग, 12 नवंबर को महारास, कंस वध, रुक्मणी विवाह, तुलसी विवाह,13 नवंबर को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, चढ़होत्तरी एवं अंतिम दिवस 14 नवंबर को तुलसी वर्षा, पूर्णाहुति, सहस्त्र धारा एवं महाप्रसाद कार्यक्रम संपन्न होगा। 7 नवंबर से प्रारंभ हुए इस श्रीमद् भागवत कथा के उत्सव को लेकर जहां आयोजक देवांगन परिवार द्वारा भव्य पंडाल का निर्माण किया गया है, तो वही प्रथम दिवस भी कथा श्रवण करने सैकड़ो की संख्या में धर्म प्रेमी पहुंचे एवं आयोजक परिवार ने शहर सहित पूरे क्षेत्र के धर्म प्रेमियों से इस श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कर पुण्य का भागी बनने की अपील की है।

# सीएम कैंप कार्यालय की पहल से परिजन को मिली मुआवजा राशि, परिजनों ने मांगी थी मदद

- परिजनों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जताया आभार

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



आशा का केंद्र बने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के बगिया स्थित सीएम कैंप कार्यालय लोगों की मांगों, उनकी समस्याएं और संकटों के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सीएम कैंप कार्यालय बगिया में सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं, मुआवजे, और अन्य सहायता कार्यक्रमों का लाभ लोगों तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। विशेष रूप से, ऐसे परिवार जो बीमारी के इलाज से आर्थिक तंगी या किसी आपातकालीन स्थिति का सामना कर रहे हैं, उन्हें यहां से तुरंत सहायता मिलती है। हाल ही में,जिले के बागबहार तहसील क्षेत्र के बुलडेगा निवासी सुकरी बाई की दुखद मृत्यु के बाद उनके परिवार को मुआवजा देने के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय से मदद का उदाहरण सामने आया है। सुकरी बाई के परिवार ने यहां आकर अपनी आपबीती सुनाई। सीएम कैंप कार्यालय के निर्देश पर आरबीसी 6-4 प्रकरण के तहत मृतिका के दोनों बेटों नंदलाल और चेरगु को 4 लाख रुपए की सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। आर्थिक सहायता मिलने के बाद परिजनों ने सीएम साय का आभार जताया है। लोगों का कहना है कि इस तरह के प्रयासों से उन्हें सुकून मिलता है और वे महसूस करते हैं कि उनकी समस्याओं को समाधान देने के लिए सरकार हमेशा उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की योजनाओं के अंतर्गत इस कैंप कार्यालय ने समय-समय पर लोगों की मदद कर, उन्हें न केवल आर्थिक, बल्कि मानसिक रूप से भी सहारा दिया है।

# करडेगा की गुम महिला को जशपुर पुलिस ने पंजाब के जालंधर से सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



करडेगा क्षेत्र का एक 37 वर्षीय व्यक्ति ने चौकी में आकर सूचना दिया कि इसकी 30 वर्षीय पत्नी 2 अप्रेल की रात्रि से घर में बिना किसी को बताये कहीं चली गई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर गुम इंसान पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। सायबर सेल की सहायता से उक्त गुम इंसान महिला का पंजाब राज्य के जालंधर में होने पाये जाने पर पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह द्वारा एक विशेष टीम का गठन कर हरगोविन्द कालोनी जालंधर (पंजाब) के लिये रवाना किया गया। टीम द्वारा मौके पर जाकर उक्त महिला को सकुशल बरामद कर लाया गया, पूछताछ में महिला ने पति की प्रताड़ना से तंग आकर जालंधर जाना बताया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी करडेगा स.उ.नि. उमेश प्रभाकर, प्र.आर. 177 जगदीश कुमार, आर. 514 राजकुमार यादव, म.आर. 163 हेमलता एक्का, सायबर सेल से उ.नि. नसरूद्दीन अंसारी, स.उ.नि. हरिषंकर राम इत्यादि का योगदान रहा है।

## अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई में सकती को मिली नई जिम्मेदारियां

**सक्ती।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ईश्वर प्रसाद अग्रवाल रायपुर की अनुशंसा पर सम्मेलन के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल किशन ने अपनी प्रदेश कार्यकारिणी का गठन करते हुए शक्ति शहर के समाजसेवी श्यामसुंदर अग्रवाल को प्रदेश उपाध्यक्ष, मनीष कथुरिया को प्रदेश मंत्री, महेंद्र जिंदल को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं राजेश मंगल मालखरौदा को प्रदेश कार्य समिति सदस्य नियुक्त किया है, साथ ही अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन शक्ति जिला इकाई के अध्यक्ष पद पर राजकुमार अग्रवाल राजू को एवं जिला महामंत्री मुकेश अग्रवाल को बनाया गया है,उपरोक्त नियुक्ति यों पर शक्ति शहर के अग्रवाल समाज के बंधुओ ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## मंदिर के पुजारी ने मंदिर परिसर में प्रसाद ग्रहण करने सभी नागरिकों को दिया न्योता

# गोपाष्टमी के अवसर पर भगवान श्री शिवरीनारायण मंदिर में होगा महा भंडारा का आयोजन


पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



टेम्पल सिटी शिवरीनारायण भगवान श्री जगन्नाथ जी का मूल स्थान, गुप्त तीर्थ धाम एवं धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में गोपाष्टमी का महापर्व धूमधाम से श्रद्धा भक्ति के साथ 9 अक्टूबर को मुख्य मंदिर श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर में गोपाष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर के मुख्य पुजारी पं. हरीश तिवारी ने बताया कि कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को भगवान श्री कृष्ण जी ने गऊ माता की सेवा करने और गायों के संवर्धन के लिए सर्वप्रथम गाय चराने की शुरुवात किया था भगवान के द्वारा किसी भी समय जो भी कार्य शुरू करे वही समय शुभ मुहूर्त बन जाता है श्री कृष्ण जी ने जब गो चरण की शुरुवात किया वह शुभ तिथि था कार्तिक माह शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि जो गोपाष्टमी के नाम से प्रसिद्ध हुआ। श्रीमद् भागवत महापुराण में भी सुनने को मिलता है की भगवान श्रीकृष्ण जी गायों से आत्मिक लगाव रखते थे श्री कृष्ण जी गायों, बछड़ों के साथ खेला करते थे और उन्हें गायों से बड़ा प्रेम था। धार्मिक मान्यता है कि गोपाष्टमी के दिन गायों की विधि विधान से पूजापाठ और सेवा किया जाता है तो सभी देवी देवताओं का आशिर्वाद प्राप्त होता हैं साथ ही श्री कृष्ण जी गायों की सेवा करने से बहुत प्रसन्न होते हैं और अपने भक्तो के ऊपर कृपा बरसाते है। ऐसा भी कहा जाता है कि कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शुक्ल पक्ष सप्तमी तक भगवान श्री कृष्ण जी अपनी उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठाए हुए थे और आठवें दिन जब इंद्र का अहंकार टूटा तो इंद्र भगवान श्रीकृष्ण जी से क्षमा मांगने आए तभी से कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को गोपाष्टमी का उत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाता है। पं. हरीश तिवारी भोगहा ने बताया कि गोपाष्टमी के पावन अवसर पर 9/11/2024 दिन शनिवार को दोपहर ठीक 12बजे से श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर परिसर में भोग प्रसाद महाभंडारा का आयोजन किया गया है जिसमें सभी श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। गोपाष्टमी के शुभ अवसर पर श्री शिवरीनारायण भगवान जी का नवीन वस्त्रों से मनमोहक श्रृंगार किया जाएगा। रंग बिरंगे फूलों की माला भगवान श्री को धारण कराया जाएगा। श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर परिसर में भगवान श्री कृष्ण जी बाल लीलाओं की आकर्षक मनमोहक झांकी सजाई गई है । श्री कृष्ण जी की झाकियों की महाआरती दोपहर ठीक 11बजे घण्टे घड़ियाल और शंख की मधुर ध्वनि के मध्य किया जाएगा भगवान श्री कृष्ण जी को विभिन्न मिष्ठानो का भोग प्रसाद लगाया जाएगा साथ ही गऊ माता की आरती कर घास हरी सब्जियां और मिष्ठान खिलाया जाएगा तदपश्चात सभी श्रद्धालुओं के लिए महाभंडारा का आयोजन किया गया है जिसमें श्रद्धालु भगवान श्री शिवरीनारायण जी और श्री कृष्ण जी का भोग प्रसाद ग्रहण करेंगे। भोग प्रसाद महाभंडारा के अयोजन को सफल बनाने में श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर के मुख्य पुजारी पं. हरीश तिवारी भोगहा,पं. हर्षवर्धन तिवारी, शशांक तिवारी, अंकित तिवारी,अभिनव तिवारी, दिनेश शर्मा, प्रतिक शुक्ला, अभिषेक तिवारी छोटा, अभिजीत पांडेय, राजेश केशरवानी, अश्वनि केशरवानी, संतोष आदित्य, आशीष दुबे, राजेंद्र राजू, केशरवानी, सुखनंदन आदित्य, आनंद केशरवानी, गोतम शर्मा, अक्षय यादव, मिथेश केशरवानी,रक्षवीर तिवारी, आयु केशरवानी के साथ श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर प्रबंधन से जुड़े हुए लोग भोग प्रसाद महाभंडारा समिति के सभी सदस्यगण श्रद्धालु भक्तजन तत्परतापूर्वक जुटे हुए है।

# सक्ती में 11 एवं 12 नवंबर को होगा दो दिवसीय श्री श्याम जन्मोत्सव का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



शहर में आगामी 11 एवं 12 नवंबर को 2 दिवसीय श्री श्याम जन्मोत्सव कार्यक्रम का भाव आयोजन किया गया है, उपरोक्त कार्यक्रम का आयोजन श्री श्याम परिवार, श्री राधा कृष्ण मंदिर सेवा समिति एवं शक्ति शहर की समस्त महिला मंडलों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है, उपरोक्त जानकारी देते हुए श्री श्याम परिवार शक्ति के संयोजक श्याम प्रेमी अशोक बंसल ने बताया कि 11 नवंबर 2024 को दोपहर 3:00 बजे से श्री श्याम नाम की मेहंदी कार्यक्रम का आयोजन मंदिर परिसर में होगा. तथा 12 नवंबर को सुबह 9:00 भव्य निशान यात्रा श्री राम मंदिर शक्ति से प्रारंभ होकर श्री राधा कृष्ण मंदिर पहुंचेगी एवं इस निशान यात्रा में एक प्रेमी एक निशान निशुल्क प्रदान किया जाएगा, तथा अतिरिक्त निशान लेने पर श्याम परिवार के सदस्यों से संपर्क कर निशान प्राप्त किया जा सकता है, साथ ही वापसी में श्री राधा कृष्ण मंदिर से आने के लिए निशुल्क वाहन की व्यवस्था भी की गई है, श्री श्याम परिवार शक्ति के सदस्यों ने बताया कि 12 नवंबर को रात्रि 7:00 से श्री राधा कृष्ण मंदिर में पावन ज्योत एवं भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

# विधायक रायमुनि भगत ने जिले में अन्वेषण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

## जिले के विद्यार्थी रिसर्च और साइंस में बढ़ सकते हैं आगे : कलेक्टर व्यास

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




जशपुर विधायक रायमुनि भगत ने शुक्रवार को संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर से अन्वेषण कार्यक्रम का शुभारंभ किया है। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में यह जिला प्रशासन की अभिनव पहल है। कलेक्टर रोहित व्यास के द्वारा जिले के विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान को लेकर जागरूक और शिक्षित करने के लिए ''अन्वेषण'' के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कराया जा रहा है। कार्यक्रम में विधायक रायमुनि भगत ने कहा कि भारत प्राचीन समय से विज्ञान के क्षेत्र में आगे रहा है। हमारे पूर्वज खगोल शास्त्र और चिकित्सा शास्त्र में निपुण रहे हैं, वे चांद-तारों को देख कर तिथियों का निर्धारण कर लेते थे। हमारी प्राचीन किताबों में भी विज्ञान की जानकारियों के भंडार है। वर्तमान में देश में टेक्नोलॉजी आगे बढ़ी है। एपीजे अब्दुल कलाम और कल्पना चावला जैसे वैज्ञानिकों का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जिले के विद्यार्थी भी प्रौद्योगिकी और अनुसंधान में रुचि लेकर वैज्ञानिक बने। जशपुर जिले के मेधावी विद्यार्थीयो के इसरो भ्रमण को लेकर उन्होंने खुशी जाहिर की। इसी वर्ष फरवरी माह में जिला प्रशासन द्वारा जिले के 50 मेधावी विद्यार्थियों को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन हरिकोटा का भ्रमण कराया गया था। सभी को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि मनोबल से अपने सपने पूरे किए जा सकते हैं। उन्होंने जरूरत केवल लक्ष्य पर फोकस करने की होती है। विद्यार्थियों को अध्ययन के साथ संस्कार भी याद रखने की बात कही। कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा कि स्पेस साइंस में करियर की अपार संभावनाएं हैं। देश की स्पेस एजेंसी इसरो लगातार सफलता के नए आयाम गढ़ रही है। वे चाहते हैं कि जिले के विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में भी एक्सपोज़र मिले। उनमें विज्ञान और प्रौद्योगिकी को बेहतर जानने की उत्सुकता बढ़े और जशपुर से भी ऐसी प्रतिभाएं निकलें जो स्पेस साइंस के क्षेत्र में भारत को विश्व में पहले नंबर पर लाने में अपनी भूमिका निभाएं। विद्यार्थियों को अंतरिक्ष ज्ञान और अनुसंधान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। अन्वेषण कार्यक्रम के अन्तर्गत 07 नवम्बर से अंतरिक्ष विज्ञान की प्रारंभिक जानकारी के साथ ही चंद्रमा, शनि व वृहस्पति ग्रह के खगोलीय दूरबीन से अवलोकन करने के कार्यक्रम की शुरूवात संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर से की गई। अन्वेषण के तहत स्टार गेजिंग व खगोल विज्ञान से संबंधित मूलभूत आवश्यक जानकारी जिले के आठो विकासखण्ड मुख्यालय के विद्यालयों के विद्यार्थियों को दी जायेगी। अन्वेषण के तहत ही दूसरा महत्वपूर्ण कार्यक्रम ''अन्तरिक्ष ज्ञान अभियान'' की शुरूवात 18 नवम्बर से होगी। जिले के 45 हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के लगभग 12 हजार से अधिक विद्यार्थी ''अन्तरिक्ष ज्ञान अभियान'' का लाभ ले सकेंगे। ''अंतरिक्ष ज्ञान अभियान'' के तहत विशेष रूप से तैयार तथा विभिन्न उपकरणों एवं मॉडल से सुसज्जित चलित वैन विशेषज्ञों की टीम के साथ सभी विद्यालय में भ्रमण करेंगे और विद्यार्थियों को अन्तरिक्ष ज्ञान से शिक्षित करेंगे। अन्वेषण के तहत तीसरा सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम 3 डी प्लनेटोरियम शो का आयोजन किया जाना है, जिसे जिले के आठो विकासखण्ड मुख्यालय में आयोजित किया जायेगा। 3 डी-प्लेनेटोरिया में अंतरिक्ष की अद्भुत व्यवस्था को बहुत ही प्रभावी ढंग से दिखाया जाता है तथा यह सुविधा केवल महानगरों में स्थित है, परन्तु नई तकनीक के विकास से अब जिले के आठ बड़े स्कूलों में अस्थाई रूप से वातानुकुलित 77 वर्ग मीटर का डोम निर्माण कर उसके अन्दर 4 के वीडियो गुणवत्ता का शो आयोजित किया जायेगा। इस डोम में विद्यार्थियों को ऐसा अनुभव होगा मानो वे अंतरिक्ष में विभिन्न ग्रहों व तारों के बीच सैर कर रहे हैं। यह कार्यक्रम नई शिक्षा नीति 2020 के तहत विद्यार्थियों में अन्तरिक्ष ज्ञान के प्रति जिज्ञासा बढ़ाने की दिशा में सहायक होगा ताकि भविष्य में ये विद्यार्थी अपनी अभिरूचि बढ़ा कर वैज्ञानिक-शोधार्थी के रूप में अपना कैरियर भी बना सकें। प्रत्येक दिवस 3 प्लेनेटोरियम शो में लगभग 600 विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे। शुभारंभ कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के प्रभारी अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर विश्वासराव मस्के, जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद भटनागर, संकल्प प्राचार्य विनोद गुप्ता, जशपुर के संजीव शर्मा, अवनीश पांडेय सहित संकल्प के सभी शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनरतले टीबी मुक्त भारत की बातें




पायनियर संवाददाता ◄ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

भारत सरकार की महत्वपूर्ण एवं बहुआयामी कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं तथा छात्र-छात्राओं में समाजसेवा के गुण विकसित करने और चरित्र निर्माण में अहम् भूमिका रखती है। महाविद्यालयों में इसकी अलग-अलग ईकाइयां है। पिरामल फाऊंडेशन भी युवाओं के समग्र विकास के लिए तरह तरह के कार्यक्रम तैयार कर समाजसेवा से जोड़ती है। पिरामल फाऊंडेशन द्वारा क्रियान्वित ट्राईबल टीबी प्रोग्राम के तहत महाविद्यालय डुमरिया भटगांव में कार्यशाला का आयोजन कर टीबी मुक्त समाज का संदेश दिया गया। जिसमें टीबी के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर परिचर्चा और सामान्य जानकारीयां दी गई। टीबी के लक्षण, जांच और जिला और ब्लॉक स्तर पर उपलब्ध सुविधाएं तथा सेवाएं, टीबी मुक्त पंचायत के निर्माण में युवाओं और छात्र छात्राओं की भूमिका आदि पर जिला कार्यक्रम समन्वयक राज नारायण द्विवेदी ने दी। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के आर.एच.ओ. संजय गुप्ता ने कहा कि टीबी मुक्त समाज के निर्माण से स्वयं और समाज दोनों के लिए लाभकारी है। टीबी की बिमारी हवा के माध्यम से फैलती है। संक्रमण का भय सबको है टीबी मुक्त समाज का निर्माण होने से संक्रमण का भय से मुक्ति मिलेगी। राज नारायण द्विवेदी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय शिविर का आयोजन गांवों में किया जाता है। जिस गांव में शिविर लगेगा उस पंचायत को राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राएं टीबी मुक्त बना सकते हैं। यह कार्य कठीन भी नहीं है। आभार व्यक्त करता हुऐ राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी ने कहा कि पिरामल फाऊंडेशन का यह प्रयास सराहनीय और प्रशंसनीय है। टीबी मुक्त भारत के निर्माण में हमारे सभी छात्र छात्राएं सहभागी बनेंगे। टीबी भारत के निर्माण में सबकी सहभागिता हो। यह जनकल्याण के लिए सर्वोत्तम कार्य है। कार्यक्रम में नेहा सिंह सीएच ओ, रिता मानीकपुरी आदि उपस्थित रहे।

# परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र में कोचिंग हेतु 25 नवम्बर तक कर सकते हैं आवेदन

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

जगदलपुर स्थित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र में कोचिंग के लिए 25 नवम्बर तक आवेदन किया जा सकता है। अपर संचालक परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र ने बताया कि आदिवासी विकास विभाग द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छत्तीसगढ़ के मूल निवासी, स्नातक तथा वार्षिक आय 03 लाख से कम अभ्यर्थियों के लिए राजीव युवा उत्थान योजना 2019 के अंतर्गत आयोजित सत्र 2024-25 में जगदलपुर स्थित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण की सुविधा दी जा रही है। प्रशिक्षण केंद्र में प्रवेश लेकर एसएससी, रेल्वे, व्यापम, बैंकिंग के परीक्षाओं की तैयारी करने के इच्छुक अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया हैं। आवेदन पत्र परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र जगदलपुर के नाम पर सभी जिले में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, कलेक्ट्रेट कार्यालय या संस्था के ईमेल आईडी ptcdharampurajdp@gmail.com में स्कैन कर अंतिम तिथि तक जमा किया जा सकता है। अधिक जानकारी हेतु विभाग की वेबसाईट httpsÑ//tribal.cg.gov.in/ से राजीव युवा उत्थान योजना 2019 विस्तृत जानकारी का अवलोकन कर एवं निर्धारित पत्र का प्रारूप डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र में कोचिंग हेतु चयनित अभ्यर्थियों को जगदलपुर स्थित हॉस्टल में आवास, लाइब्रेरी, समाचार, पत्र-पत्रिकाएं आदि सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। कुल 100 स्वीकृत सीट में अनुसूचित जनजाति के 50, अनुसूचित जाति के 30 और अन्य पिछड़ा वर्ग के 20 सीट और महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीट आरक्षित है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 25 नवंबर, प्राक्कयन परीक्षा की संभावित तिथि 01 दिसंबर, परीक्षा परिणाम जारी करने की संभावित तिथि 03 दिसंबर, काउंसलिंग-दस्तावेज परीक्षण की संभावित तिथि 05 दिसंबर से 08 दिसंबर और प्रशिक्षण सत्र प्रारंभ करने की संभावित तिथि 16 दिसंबर को है, अंतिम चयन सूची जारी करने की संभावित तिथि 10 दिसम्बर को और नवीन सत्र प्रारंभ होने की संभावित तिथि 16 दिसम्बर 2024 है आवेदन पत्र परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र जगदलपुर के नाम पर सभी जिले में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, कलेक्ट्रेट कार्यालय या संस्था के ईमेल आईडी ptcdharampurajdp@gmail.com में स्कैन पर पीडीएफ फार्मेट में अंतिम तिथि तक जमा कर सकते हैं।

# हमारा मन एक बैलून की तरह है : डॉ प्रीति



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

बीसीएस पीजी कॉलेज धमतरी के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार पाठक के निर्देशन पर तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई दो के कार्यक्रम अधिकारी आकांक्षा मरकाम के मार्गदर्शन में सात दिवसीय विशेष शिविर मथुराडीह में तृतीय दिवस पर प्रातः काल 6 बजे प्रभातफेरी शिविर स्थल से प्रारम्भ कर, महार पारा से होते हुए गोंड पार, कुआं पारा और स्कूल पारा से पुनः शिविर स्थल किया गया। फिर स्वयंसेवकों को क्रीड़ा प्रभारी के द्वारा समस्त प्रभारियों और स्वयंसेवकों को 7 बजे व्यायाम, योग व जुंबा डांस करवाया गया। साथ ही बताया गया प्रतिदिन योग करने के फायदे, उनसे प्राप्त होते हैं। ग्राम के विकास कार्यो में सहयोग करने के उद्देश्य से स्वयंसेवकों ने परियोजना कार्य में ग्राम के विभिन्न स्थानों की साफसफाई की साथ ही ग्रामीण बच्चों को स्वच्छता व साक्षरता के महत्वों की जानकारी, स्वच्छता संबंधित नारे की जानकारी प्रदान की गई। बौद्धिक परिचर्चा के प्रथम सत्र में मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सक डॉ प्रीति चाण्डक ने मानसिक मरीजों की स्थितियों, मानसिक तनाव के कारणों से अवगत कराया। साथ ही कहा कि हमारा मन एक बैलून की तरह होता है जिसमें लगातार हवा भरने से एक समय बाद वह फट जाता है। उसी प्रकार हमारे मन में अनेक प्रकार के कार्यों का बोझ बढ़ने से हमारा मन तनाव में आ जाता है और मानसिक समस्याएं उत्पन्न होती है। द्वितीय सत्र में प्रो कोमल प्रसाद यादव ने कानूनों को संचालित करने के लिए संविधान के गठन की आवश्यकताए उसमें उल्लिखित धाराओं की जानकारी दी।

## आईसीटीसी लैब टेकनिशियन पद हेतु आवेदन आमंत्रित

**कोण्डागांव।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा दिए गये जानकारी अनुसार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग कोण्डागांव के राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत आईसीटीसी लैब टैकनिशियन के पद हेतु वॉल्क इन इंटरव्यु के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया गया है। अधिक जानकारी के लिए जिले के वेबसाइट www.kondagoan.gov.in एवं कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सूचना पटल पर उपलब्ध है। उपरोक्त पद हेतु अर्हता रखने वाले आवेदक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोण्डागांव में 15 नवम्बर 2024 को स्वयं उपस्थित होकर वॉल्क इन इंटरव्यु में भाग ले सकते हैं।

## सारंगढ़ में 9 नवंबर को होगा दिव्यांग मेडिकल कैंप

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** स्वास्थ्य और समाज कल्याण विभाग के पहल पर सिविल अस्पताल सारंगढ़ में द्वितीय शनिवार 9 नवंबर को दिव्यांगों के लिए विशेष मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस कैंप में शामिल होने के लिए दिव्यांगों को आधार कार्ड, राशनकार्ड और 2 पासपोर्ट फोटो लाना अनिवार्य है। इसके अलावा विशेषज्ञ डॉक्टरों से सामान्य बीमार का चेकअप कोई भी नागरिक करा सकता है।

# सप्रे स्कूल में 15 कंप्यूटरों से सुज्जित कक्ष तैयार, बच्चे होंगे लाभान्वित

## शाला विकास समिति की पहल पर सन एंड सन ग्रुप ने किया सहयोग



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

सप्रे स्कूल में 15 कंप्यूटरों से सुजज्जित कक्ष तैयार हो गया है, इससे यहां पढ़ने वाले बच्चे लाभान्वित होंगे। शाला विकास समिति के अध्यक्ष हरख मालू व कंप्यूटर लैब के संयोजक प्रमित नियोगी के अथक प्रयासों से यह कक्ष तैयार हुआ है। चुनाव आचार संहिता हटते ही इसका विधिवत शुभारंभ होगा। शाला विकास समिति के अध्यक्ष हरख मालू ने बताया कि शाला परिवार की ओर से इसकी जरूरत बतायी गई थी। सामाजिक व शैक्षणिक सरोकार से जुड़े कई कार्यों में सहयोग करने वाली शहर की प्रतिष्ठित संस्थान सन एंड सन ग्रुप के शर्मा परिवार की ओर से इस पुनीत कार्य के लिए सहयोग मिला। स्वर्गीय लक्ष्मीकांत, स्वर्गीय कैलाश चंद्र, स्वर्गीय बृजमोहन शर्मा की स्मृति में उन्होने सर्वसुविधायुक्त कंप्यूटर कक्ष निर्माण के लिए यह सहयोग किया है। इस कक्ष में 15 कंप्यूटर लगाये गए हैं। 30 छात्र-छात्राएं एक साथ बैठ सकें इसलिए 30 कुर्सियां लगाई गई है। हाईस्कूल के बच्चों को कंप्यूटर संचालन की जानकारी भी प्रशिक्षित टीचर देंगे। ग्रेनाइट टेबल के साथ कंप्यूटर की सुरक्षा के लिए एसी भी लगाए गए हैं। खुशी की बात ये हैं कि कंप्यूटर कक्ष मात्र दस दिन में तैयार हो गया। शाला विकास समिति के सदस्य नायक एवं सतीश सोनी ने बताया कि स्कूल के अंग्रेजी हिंदी माध्यम छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए कंप्यूटर कक्ष का निर्माण किया गया है। शाला विकास समिति की सचिव एवं प्राचार्य डॉ. अन्नपूर्णा श्रीवास्तव ने बताया कि छात्र-छात्राओं के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा सन एंड सन ग्रुप के शर्मा परिवार के सौजन्य से शाला को प्राप्त हुआ है।

# महाविद्यालय में जनजातीय कार्यशाला का आयोजन






पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव में उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार एवं प्राचार्य डॉ चेतन राम पटेल के निर्देशन में जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्यअतिथि के रूप में कोंडागांव विधानसभा की विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष लता उसेंडी उपस्थित रहीं। इस कार्यशाला में जनजातीय समाज के विभिन्न नायकों के ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर गहन विमर्श श्रोताओं के समक्ष रखा गया। कार्यक्रम के स्वागत उद्बोधन में संस्था के प्राचार्य डॉ. चेतन राम पटेल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. किरण नूरूटी ने कार्यक्रम की प्रस्तावना एवं उद्देश्य के बारे में बताया। लता उसेंडी ने अपने वक्तव्य में आज के समय में अपने समाज को अच्छे से समझने, अपने इतिहास को समझने और इतिहास के विभिन्न नायकों के योगदान को पढ़ने और उनके पदचिन्हों पर चलने के लिए छात्र छात्राओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम के स्रोत वक्ता के रूप में रायपुर से सामाजिक कार्यकर्ता रामनाथ कश्यप उपस्थित रहें। जिन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि, आदिवासी समाज के कुछ ही नायकों को हम सब जानते हैं वो भी सिर्फ उन्हें जिन्होंने कोई क्रांतिकारी कार्य किया है। उन्होंने आदिवासी समाज के लोगों के सांस्कृतिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान पे चर्चा की। कार्यक्रम के एक अन्य विशिष्ट अतिथि जिला कार्यक्रम संयोजक एवं युवा प्रकोष्ठ कोंडागांव से बलिराम नेताम ने आदिवासी समाज की विभिन्न प्रथाओं जैसे गोटूल, टोटम, पेन इत्यादि को बताते हुए अन्य भूले बिसरे नायकों को याद किया। अन्य अतिथियों के रूप में मुरिया समाज कोंडागांव के जिलाध्यक्ष धनीराम सोरी, नारायणपुर से सामाजिक कार्यकर्ता मंगऊ राम कावड़े, जिला पंचायत सदस्य खेमचंद नेताम, सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व पार्षद ननकी वैष्णव उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाषण, रंगोली तथा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय जनजातीय समाज का ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान रहा। भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागी विद्यार्थियों ने विभिन्न जनजातीय नायक तथा नायिकाओं शहीद वीर नारायण सिंह, चेंदरू मंडावी, वीर गुण्डाधुर, वीरांगना रमौतीन माड़िया, कांकेर के कंडरा राजा धरमन (धर्मदेव), तिलका मांझी इत्यादि के ऐतिहासिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान के के साथ ही गोटूल के बारे में विस्तार से व्याख्या की। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भूपेंद्र धुर्वा, द्वितीय स्थान रुद्र प्रकाश पोयाम एवं तृतीय स्थान सत्यवती वड्डे ने प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में अंजू बोस, कशिश, भूमिका एवं गुपेश्वरी बघेल ने प्रथम स्थान, चंदा देवांगन, आफरीन जहां एवं काजल ने द्वितीय स्थान तथा यामिनी नेताम, सुनीता कोर्राम एवं भूमिका नेताम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में भूपेंद्र धुर्वा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

**Bangur Public School**
SCL Township, Vill. Bharuwadih, PO Champa
Dt. Balodabazar- Bhatapara (CG) - 493332

**Public Notice**

This is to inform that Mr. Pranay Dattaraj Narnawre, S/o Mr. Dattaraj, resident of 120, Uday Nagar, Mananwada, Dist.- Nagpur (Maharashtra) PIN 440027, has Resigned on 24th Oct. 2024. He is no longer associated with Bangur Public School, Vill. Bharuwadih, PO Champa, Dt. Balodabazar-Bhatapara (Chhattisgarh).

Any individual or entity dealing with him on behalf of Bangur Public School will be doing so at their own risk. This notice is issued in the interest of safeguarding the school's rights and interests.

*Issued by*
**Rajesh Sarkar**
**(Director Education)**
**Bangur Public School**

**HDFC BANK**
We understand your world
पंजीकृत कार्यालयः एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुंबई - 400013 और जिसका एक कार्यालयः रिटेल पोर्टफोलियो प्रबंधन, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, पहली मंजिल, I-थिंक टेक्नो कैंपस, कांजुरमार्ग (पूर्व), मुंबई - 400042

**एचडीएफसी बैंक लिमिटेड को बंधक रखी गई प्रतिभूतियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना और सार्वजनिक सूचना**

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड ("बैंक") के नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं को प्रतिभूतियों के खिलाफ ऋण/ओवरड्राफ्ट की रूप में क्रेडिट सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए बैंक को बंधक रखी गई प्रतिभूतियों की बिक्री के संबंध में सूचित किया जाता है।
सहमत ऋण शर्तों के अनुसार बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में उधारकर्ताओं द्वारा लगातार चूक के कारण, नीचे दिए गए ऋण खाते बकाया की स्थिति में हैं। बैंक ने इन उधारकर्ताओं को कई नोटिस जारी किए हैं, जिसमें नीचे दी गई तारीख पर अंतिम बिक्री नोटिस भी शामिल है, जिसके तहत बैंक ने प्रतिज्ञा लागू की थी और उधारकर्ता को नीचे दिए गए खातों में संपूर्ण बकाया राशि चुकाने के लिए 7 दिनों का समय प्रदान किया था, ऐसा न करने पर, बैंक इस संबंध में कोई और नोटिस जारी किए बिना बंधक रखी गई प्रतिभूतियों को बेचने के लिए स्वतंत्र होगा।
उधारकर्ताओं ने उपेक्षा की है और उचित भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए, बैंक ने गिरवीदार के रूप में ऋण समझौते के तहत अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए उधारकर्ताओं द्वारा बैंक को दिए गए बकाया की वसूली के लिए 16 नवम्बर 2024 को या उसके बाद प्रतिभूतियों को बेचने/निपटाने का निर्णय लिया है। उधारकर्ताओं को यह भी सूचित किया जाता है कि, यदि किसी भी समय, शेयर बाजार में अस्थिरता के कारण मार्जिन आवश्यकता में और कमी पैदा करने के लिए बंधक रखी गई प्रतिभूतियों का मूल्य गिर जाता है, तो बैंक अपने विवेक से बंधक रखी गई सुरक्षा को इस संबंध में किसी भी नोटिस के बिना एक (1) कैलेंडर दिन के भीतर बेच देगा। बंधक प्रतिभूतियों की बिक्री से प्राप्त आय के समायोजन के बाद, उधारकर्ता किसी भी शेष बकाया राशि के पुनर्भुगतान के लिए बैंक के प्रति उत्तरदायी रहेगा।

| क्र. सं. | ऋण खाता नं. | कर्जदार का नाम | दिनांक 06.11.2024 तक कुल बकाया राशि | बिक्री सूचना की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | XXXX3232 | गोपी विजय | 16,942.33 | 06.11.2024 |

दिनांकः 09.11.2024
स्थानः छत्तीसगढ़
हस्ता/-
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

**आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड**
Aavas FINANCIERS LTD — SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA
(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

**सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न सूची के अनुसार ऋणी का खाता एन.पी.ए. होने के कारण निम्न तालिका के अनुसार ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूमिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13( 2 ) के अन्तर्गत 60 दिन का नोटिस दिया गया था। नोटिस के अनुसार यदि ऋणी/गारण्टर 60 दिवस के अंदर बकाया ऋण राशी जमा नहीं कराते हैं तो ऋण की वसूली बंधक सम्पत्ति को नीलाम करके की जायेगी। डिमाण्ड नोटिस की तामील ना होने के कारण नोटिस की छायाप्रति बंधक सम्पत्ति पर चस्पा की जा चुकी है। अतः आपको यह सूचित किया जाता है कि नोटिस प्रकाशित दिनांक से 60 दिन के अन्दर-अन्दर निम्न तालिका के अनुसार रुपया तथा भविष्य का ब्याज, वसूली में होने वाला खर्चा जमा करायें अन्यथा एक्ट की धारा 13( 4 ) एवं 14 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न सूचि के अनुसार साम्यिक बंधक सम्पत्ति का भौतिक कब्जा लेने एवं इसे नीलामी कर ऋण राशि की वसूली कराने के लिए प्राधिकृत अधिकारी स्वतंत्र होंगे।

| ऋणी का नाम | मांग सूचना की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| **रामधन सूर्यवंशी,** कमला बाई, प्रमिला सूर्यवंशी खाता सं. LNBIL16623-240288101 | 07 नवम्बर 2024 ₹ 269386/- 04 नवम्बर 2024 | सम्पत्ति केएच नं. 147/4, जय शंभ चौक व सामुदायिक भवन के पास स्थित मौजा बोदरी एम नं. 02, पीएच नं. 01, आरएनएम-बोदरी, विकास-खण्ड-बिल्हा, तहसील-बोदरी, जिला-बिलासपुर ( सी.जी. ) पिन-495220 **क्षेत्रफल 436 वर्ग फीट** |
| **रविशंकर विश्वकर्मा,** केसैया, राजकुमार विश्वकर्मा खाता सं. LNBIL17523-240326461 | 07 नवम्बर 2024 ₹ 1411147/- 04 नवम्बर 2024 | सर्वे नं. 1535/8, दया कम्प्यूटर के पास, स्थित मौजा-रसेडा, पीएच नं. 04, आर.आई, सी-बलौदा बाजार, तहसील-बलौदा बाजार, भट्टापारा, जिला-बलौदा बाजार, भट्टापारा ( सी.जी ) पिन-493332 **क्षेत्रफल 0.016 हैक्टेयर** |

स्थान : जयपुर दिनांक 09.11.2024 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

**केआईएफएस हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालयः 6वीं मंजिल, केआईएफएस कॉर्पोरेट हाउस, होटल प्लैनेट लैंडमार्क के बगल में, अशोक वाटिका बीआरटीएस के पास, इस्कॉन – अम्बली रोड, अम्बली, अहमदाबाद, गुजरात – 380054
कॉर्पोरेट कार्यालयः सी–902, लोटस पार्क, ग्राहम फर्थ कंपाउंड, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई – 400063, महाराष्ट्र, भारत,
फोन नं.: +91 22 61796400 ई–मेलः contact@kifshousing.com वेबसाइटः www.kifshousing.com
सीआईएनः U65922GJ2015PLC085079 आरबीआई सीओआरः डीओआर–00145

**परिशिष्ट IV सांकेतिक कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए)**

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रति भूति हित अधिनियम के प्रवर्तन के अधीन **केआईएफएस हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत शक्तियो के अंतर्गत कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्नलिखित कर्जदार/गांरटर्स को निम्नांकित दिनांको को मांग नोटिस जारी किया था जिसमें उल्लेखित राशि प्रत्येक खाते के आगे वर्णित है उक्त सूचना की तिथि से 60 दिनों के अंदर भुगतान करने को कहा गया था।
कर्जदार/गांरटर्स उक्त राशि का भुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतदद्वारा कर्जदार और गारंटर तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमे नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13(4), उक्त नियमो के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत सम्पत्ति का कब्जा नीचे प्रत्येक खाते के सामने अंकित के अनुसार लिया है। उधारकर्ता का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है। विशेष रूप से कर्जदार तथा जनसाधारण को एतदद्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन–देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन **केआईएफएस हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** के प्रभार वास्ते निम्नलिखित राशि और उपरोक्तानुसार राशि पर भविष्य का ब्याज इत्यादि सहित के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार/गारंटर का नाम और एनपीए की तारीख | मांग सूचना की तारीख/ बकाया राशि/शाखा/लैन | सिक्योर्ड आस्तियों का विवरण | कब्जा सूचना की तिथि / प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री संतोष कुमार अग्रहरि (आवेदक) श्रीमती मीनाक्षी देवी (सह–आवेदक) एनपीएः 09 जुलाई, 2024 | मांग सूचना की तारीख 22 अगस्त, 2024; बकाया रु. 16,09,176/–; शाखा/लैनः रायपुर / 2345/ LNHLRAI009117 | खसरा नं. 1727, 1728 और 1729 का हिस्सा पीएचएन 107/37/49 आर एन एम रायपुर, स्टेशन चौक के पास गुढ़ियारी अंडरब की ओर एनए लैंडमार्क एनए एनए गुढ़ियारी छत्तीसगढ़ छत्तीसगढ़ 492011, **बिक्री विलेख के अनुसारः** पूरब में – सड़क, पश्चिम में – रेलवे की बाउंड्रीवॉल, उत्तर में – सुरेंद्र होरा का गोदाम, दक्षिण में – प्रेम कुमार कटार का मकान, **साइट के अनुसारः–** पूरब में 1: रेलवे प्लॉट, पश्चिम में 1: फुटपाथ फिर नर्मदापारा के लिए अंडर ब्रिज, उत्तर में 1: सुरेंद्र होरा का मकान, दक्षिण में 1: प्रेम का मकान | सांकेतिक कब्जा 04, 2024 |

**उधारकर्ताओं/गारंटरों को वैधानिक सूचना**
उधारकर्ता/गारंटर को यह चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति को बाद में किसी भी समय सार्वजनिक नीलामी/निविदाओं के माध्यम से बेचा जा सकता है और इस प्रकार इसे प्रतिभूति (हित) प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 6, 8 और 9 के तहत नोटिस के रूप में भी माना जा सकता है। विस्तृत सूची और पंचनामा बाधाओं के कारण दर्ज नहीं किया जा सका क्योंकि ऐसी संपत्ति की तस्वीरें ली गई हैं।

दिनांकः 09.11.2024, स्थान : छत्तीसगढ़ प्राधिकृत अधिकारी, केआईएफएस हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

# कर्ज चढ़ा तो लूट का रास्ता अपनाया... छीनी गई रकम से आरोपियों ने पल्सर बाइक, आई-फोन खरीदे, दीवाली में भी उड़ाई रकम

## केसीजी जिले में लूट की वारदात के पांच आरोपी गिरफ्तार, इनमें एक नाबालिग भी शामिल

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



सरेराह 7 लाख 80 हजार की लूट के बड़े मामले में पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, इनमें एक नाबालिग भी शामिल है। केसीजी पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, कर्ज चुकाने दो आरोपियों ने लूट की योजना बनाई थी। उन्होंने तीन और साथियों के साथ मिलकर इसे अंजाम दिया। मामले की जांच में पुलिस ने एक हजार से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे खंगाले। आरोपियों ने लूट की रकम से पल्सर बाइक, आई-फोन, मोबाईल खरीदकर अपने शौक पूरे किए। एसपी त्रिलोक बंसल ने बताया कि, पुलिस ने मिथिलेश वर्मा, ईश्वर साहू, भुपेन्द्र वर्मा, सुनील वर्मा और एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। 25 अक्टूबर को लूट की सनसनीखेज वारदात की पड़ताल के लिए सायबर सेल और थाना ठेलकाडीह की संयुक्त टीम ने 2 सप्ताह के भीतर घटनास्थल से लेकर पीड़ित के पूरे रुट मैप पर एक हजार से ज्यादा सीसीटीवी की फुटेज खंगाले। आरोपियों ने वारदात के दौरान मोबाइल का इस्तेमाल नहीं किया था। इसके चलते उन्हें ट्रेक करने थोड़ा मुश्किल था। पुलिस जांच के दौरान संदेही मिथलेश वर्मा और ईश्वर साहू तक पहुंची। इन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो पूरा मामला खुल गया। मिथलेश और ईश्वर ही इस लूट के मास्टरमाईंड निकले। ईश्वर पहले सीमेंट व्यापारी के पास ड्राइवर का काम कर चुका था। उसे नगद वसूली की पूरी जानकारी थी। मिथलेश ने अपने रिश्तेदार भूपेंद्र वर्मा और एक नाबालिग को लूट के लिए तैयार किया। सुनील वर्मा भी इसमें शामिल था। दोनों ने पुलिस को बताया कि उन दोनों पर काफी कर्ज हो गया था जिससे वह परेशान थे। इससे छुटकारा पाने के लिए ही उन्होंने लूट की योजना तैयार की और तीन अन्य व्यक्तियों ने उनकी योजना पर इसे अंजाम दिया।

### रेकी की, दूसरे हफ्ते वारदात को अंजाम दिया

ईश्वर और मिलथेश ने वारदात से एक सप्ताह पहले नादिया से घिरघोली तक झूमर सिंह की रेकी की और फिर प्लान तैयार किया। घटना वाले दिन सभी नर्मदा में एक जगह पर जुटे। सभी दो बाइक से प्रार्थी का पीछा करते खैरागढ़ से दल्ली तक पहुंचे। दल्ली के पास मिथिलेश वर्मा और ईश्वर रुक गए। शाम लगभग 6 बजे भूपेन्द्र, सुनील और नाबालिग घटना स्थल में प्रार्थी के पास पहुंचे और सुनसान जगह देखकर मोबाईल और रूपये से भरा बैग छीन कर फरार हो गये।

### क्या हुआ था...

25 अक्टूबर को सीमेंट व्यवसायी के मुनीम झूमर सिंह ने लूट की शिकायत दर्ज कराई थी। गंडई से राजनांदगांव जाने के दौरान खैरागढ़ के करीब कलकसा चौक से पहले तीन बाइक सवार आरोपियों ने पीड़ित से रकम छीन ली थी। लूट के बाद आरोपी खैरागढ़ की ओर फरार हुए थे। झूमर सिंह ने बताया था कि वह कवर्धा और गंडई क्षेत्र के व्यापारियों से वसूली की रकम लेकर लौट रहा था। यह रकम 7 लाख 80 हजार रुपए थी।

### बंद फैक्ट्री के पास हुआ बंटवारा

वारदात के बाद तीनों आरोपियों ने सुनसान जगह पर रकम आपस में बांट लिया। भुपेन्द्र ने दो लाख, सुनील ने दो लाख और नाबालिग ने एक लाख अस्सी हजार रूपये अपने पास रखे। खैरागढ़ पहुंचकर मिथिलेश और ईश्वरसाहू को उनके हिस्से का एक-एक लाख रूपये दिये। आरोपी सुनील ने एक लाख पचास हजार का पल्सर बाइक खरीदी। नाबालिग ने साठ हजार रूपये का आई-फोन और मिथिलेश 26 हजार का मोबाईल खरीदा है। पुलिस ने आरोपियों से लूटी गई रकम में से 507380 रुपए, पल्सर, दो नग मोबाईल जप्त किया है। शेष 27000 की रकम आरोपियों ने दिवाली में खर्च कर दी।

# मानपुर के ढब्बा में शिविर, 86 आवेदन मिले

## ग्राम पंचायत मानपुर को ई-रिक्शा और ट्रैक्टर प्रदान किया गया



पायनियर संवाददाता ◀ मोहला
www.dailypioneer.com

विकासखंड मानपुर के ग्राम पंचायत ढब्बा में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर, प्रधानमंत्री आवास मेला व जागो वोटर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में 86 आवेदन प्राप्त हुये। डीएमएफ मद से ग्राम पंचायत मानपुर को दो साफ-सफाई ई-रिक्शा एवं एक ट्रैक्टर प्रदाय किया गया।

स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले स्वच्छता ग्राही दीदियों को स्वच्छता किट प्रदाय किया गया। साथ ही तीन हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड प्रदाय किया गया। शत प्रतिशत जाति प्रमाण पत्र बनाने वाले स्कूलों के शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। जनपद अध्यक्ष मानपुर दिनेश शाह मंडावी ने शिविर को संबोधित करते हुए आम नागरिकों से अपील की कि वे शिविर में स्थाई रूप से न बैठें, बल्कि अपनी समस्याओं को संबंधित विभागों में जाकर आवेदन के माध्यम से अधिकारियों को अवगत कराएं। जिला पंचायत सदस्य राधिका अंधारे ने कहा कि यह शिविर क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात है। इस अवसर पर शिविर में जनपद पंचायत सदस्य रेणुका टांडिया, सरपंच ग्राम पंचायत ढब्बा सनारो बाई, राजु लाटिया सरपंच मानपुर, प्रमिला तुलावी सरपंच कोराचा, परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, एसडीएम मानपुर अमित नाथ योगी, जनपद पंचायत मानपुर सीईओ मोहम्मद हनिश एवं अन्य जनप्रतिनिधि सहित सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं क्षेत्र के ग्रामवासी उपस्थित थे।

# फ्लाई ओवर में हादसा.. अज्ञात वाहन ने कुचला, एक की मौत

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



शहर से गुजरने वाले फ्लाईओवर पर शुक्रवार की सुबह एक हादसे में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। दुर्ग की ओर जा रहे दो बाइक सवारों को पीछे से अज्ञात वाहन ने चपेट में ले लिया। दुर्घटना में एक व्यक्ति पर पहिए चढ़ गए जिससे वह बुरी तरह कुचल गया। जबकि दूसरा बाइक सवार गंभीर रुप से घायल है जिसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल दाखिल किया गया है। मृतक और घायल दोनों सहकारी समितियों में विक्रेता हैं और हड़ताल में शामिल होने दुर्ग जा रहे थे। शहर के मध्य से गुजरने वाले फ्लाई ओवर में शुक्रवार सुबह लगभग 11 बजे एक मोटर साइकिल में सवार होकर डोंगरगढ़ के चारभांठा निवासी व चारभाठा स्थित सहकारी समिति के विक्रेता पिताम्बर सिन्हा और उसका साथी शिवचंद विश्वकर्मा सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर के आह्वान पर आयोजित अनिश्चितकालीन आंदोलन में शामिल होने दुर्ग जा रहे थे। बाइक सवार दोनों शहर के मध्य गुरूनानक चौक के समीप ही पहुंचे थे कि एक अज्ञात ट्रक चालक ने तेज और लापरवाहीपूर्वक उक्त बाइक को ठोकर मार दी। जिससे पिताम्बर अज्ञात ट्रक के पहिये की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका साथी शिवचंद विश्वकर्मा को भी चोंटे पहुंची। इधर सूचना के बाद हाईवे पेट्रोलिंग, एम्बुलेंस और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल ले जाया गया। वहीं मृतक पिताम्बर के शव को मरच्युरी भिजवाया गया। कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# मारपीट कर बाइक छीनी, गुमराह करने आरोपियों ने ही लिखवाई एफआईआर

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

युवक से बाइक छीनकर लूटपाट की झूठी रिपोर्ट लिखवाने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने जेल भेजा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि, 6 नवंबर को राजा सोलंकी और उसके साथी अमीन खान ने प्रार्थी ग्राम कलेवा निवासी सागर यादव से बाइक छीन ली थी और फरार हो गए थे। इसके बाद दोनों आरोपियों ने बाइक की लूटपाट की झूठी रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। प्रार्थी सागर यादव पिता डेरहाराम यादव ग्राम करेला भवानी में कबड्डी खेलने गया था। वापस लौटने के दौरान रात्रि करीब 08.00 बजे दल्ली पेट्रोल पंप के पास आरोपियों ने मारपीट कर उससे गाड़ी छीनकर फरार हो गए थे। मामले की रिपोर्ट थाना ठेलकाडीह में दर्ज कराई गई थी। विवेचना के दौरान आरोपी द्वारा पुलिस को गुमराह करने की मंशा से आवेदक के खिलाफ झुठी लुट का रिपोर्ट दर्ज कराई गई। थाना प्रभारी ठेलकाडीह टीम तैयार कर विवेचना में आये तथ्यों एवं सीसीटीव्ही फुटेज का बारीकी से अवलोकन करने पर पता चला कि आवेदक राजा सोलंकी एवं उसका साथी अमीन खान के द्वारा मारपीट व डरा धमका कर प्रार्थी का मो.सायकल छीन लिया गया और मो.सायकल को लेकर खैरागढ़ की ओर भाग गये। जानकारी के आधार पर 24 घंटे के भीतर पुलिस की मुस्तैदी से आरोपियों को लूटे गये बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया है।

# संत जलाराम बापा जयंती पर निकली शोभायात्रा

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



नगर में जलाराम जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। जलाराम बापा मंदिर से गुजराती समाज द्वारा शोभायात्रा निकाली गई जिसने पूरे नगर में भ्रमण किया। संत शिरोमणि जलाराम बापा की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ 08 नवंबर को मनाई गई। इस अवसर पर गुजराती समाज का उत्साह देखते ही बना।



# झारखंड के जमशेदपुर में दलेश्वर ने संभाली कमान

पायनियर संवाददाता ◀ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



झारखंड में विधानसभा चुनाव के लिए जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत 6 विधानसभा क्षेत्रों के लिए एआईसीसी द्वारा पर्यवेक्षक नियुक्त किये जाने के उपरांत डोंगरगांव छग के विधायक दलेश्वर साहू ने जमशेदपुर में चुनावी कमान संभाल ली है। वे इन दिनों जमशेदपुर में कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ.अंशुल अविजित, जिला कांग्रेस अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे एवं वरिष्ठनेता एके शास्त्री नईदिल्ली की मौजूदगी में चुनावी रणनीति बनाने बैठकें ले रहे हैं। उल्लेखनीय है कि विधायक दलेश्वर साहू को जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के 6 विधानसभा जमशेदपुर पूर्व, जमशेदपुर पश्चिम, जुगसलाई व पोटका विधानसभा सहित 2 अन्य क्षेत्रों में पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी प्रदान की गई है। दरअसल झारखंड में कांग्रेस की अगुवाई वाली इंडिया गठबंधन में कांग्रेस को जमशेदपुर पूर्व व पश्चिम सीट मिली है। जमशेदपुर पूर्व क्षेत्र से डॉ.अजय कुमार व पश्चिम क्षेत्र से बन्ना गुप्ता प्रत्याशी बनाये गए है। दोनों ही प्रत्याशी चुनावी रणनीति एवं प्रचार प्रसार में आगे बताए जा रहे हैं। उक्त दोनों ही कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए डोंगरगांव विधायक व जमशेदपुर पर्यवेक्षक दलेश्वर साहू स्थानीय नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ लगातार रणनीति बनाकर कार्य कर रहे हैं। बहरहाल विधायक दलेश्वर साहू के साथ छग से किसान नेता गुलाब वर्मा, डोंगरगढ़ जनपद पंचायत अध्यक्ष भावेश सिंह तथा डोंगरगांव जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश साहू भी मोर्चेबंद हैं।

# शराब बेचते धरा गया आरोपी

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




छुरिया पुलिस ने शराब बेचते एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 19 पौवा देशी शराब बरामद की गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि, ग्राम घोघरे तिराहा के पास पुलिस टीम द्वारा शराब रेड की कार्यवाही की गई। आरोपी घनश्याम साहू (28) को 19 पौवा शोले देशी प्लेन अवैध शराब कीमती 1900 रूपये एवं बिक्री रकम 500 रुपए के साथ पकड़ा गया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा -34(1) के तहत कार्यवाही की गई है। इस कार्रवाई को लेकर कुछ और पहलु भी सामने आए हैं। बताया जा रहा है कि, पुलिस ने यह शराब एक ढाबे से बरामद की है।

# कांग्रेस ने मनाई शहीद नंदकुमार पटेल की जयंती

पायनियर संवाददाता ◀ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर के मेनरोड स्थित कांग्रेस भवन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अगुवाई में शहीद नंदकुमार पटेल की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम कांग्रेस नेता एवं शहीद नंदकुमार पटेल के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान सभी ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। ब्लॉक कांग्रेस की विज्ञप्ति मुताबिक सभा में वक्ताओं ने शहीद उनके त्याग, साहस एवं निस्वार्थ सेवा के महत्व को समझाया। उनके पदचिन्हों पर चलने की प्रेरणा दी गई। सभा में उपस्थितजनों ने उनके द्वारा किए गए संघर्षों और बलिदान को याद करते हुए देशसेवा को याद किया। कार्यक्रम में सभी ने उनके आदर्शों को अपनाने की प्रेरणा ली। वहीं सर्वसमाज में एकता, समानता व भाईचारे के संदेश को आगे बढ़ाने की शपथ लेते हुए उनके आदर्शों को जीवंत बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चेतन साहू, वरिष्ठनेता सोनूराम साहू, डॉ. नरेंद्र साहू, लेखुराम देवांगन, प्रवक्ता रवि शुक्ला, प्रियंक जैन, बद्रीनारायण शुक्ला, वैशाली बोरकर, श्रुति शुक्ला, अमित ठाकुर, अब्दुल करीम सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अनेक कांग्रेसीजन शामिल हुए।

## अध्यक्ष की अगुवाई में कांग्रेसियों ने अस्पताल अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

# मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था सुधारने डॉ. रमन को जगाएगी कांग्रेस

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में 20 डॉक्टरों के सामूहिक इस्तीफे के मामले के बाद शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा ने शुक्रवार को अधीक्षक अतुल एम देशांकर को ज्ञापन सौंपकर जल्द निराकरण करने की मांग की है।

कुलबीर ने बताया कि शासकीय जिला चिकित्सालय के 20 डॉक्टरों के इस्तीफे, सिटी स्कैन मशीन, एमआईआर मशीन, एक्सरे मशीन व हॉस्पिटल में चल रही गतिविधियों को लेकर ज्ञापन सौंपकर उचित निराकरण कर जानकारी मांगी है। आगे बताया कि अस्पताल के डॉक्टरों से बैठक कर उनकी मांगों को समजस्य बनाकर मरीजों के इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करने तथा सिटी स्कैन मशीन में कांग्रेस सरकार के समय दी गई मशीन खरीदी की राशि में वर्तमान में हुई मूल्य वृद्धि के कारण सिटी स्कैन मशीन की खरीदी में अतिरिक्त होने वाले व्यय एवं हास्पिटल में एमआईआर मशीन, एक्सरे मशीन एवं अन्य अस्पताल में कमियों की पूर्ति को व्यवस्थित करने कहा है। यदि 48 घंटे के भीतर डॉक्टरों की व्यवस्था नहीं सुधरती है तो उस स्थिति में पत्रकारवार्ता में स्थानीय विधायक डॉ.रमन सिंह के पुतला दहन के लिए हमारे द्वारा 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया है।

अधीक्षक से जानकारी लिखित पत्र के माध्यम से मांग करते हुए कहा कि क्या आज की स्थिति में डॉक्टर वापस अपने कार्य पर लौट आएं है। सिटी स्कैन मशीन के खरीदी में होने वाले अतिरिक्त कितनी राशि की जरूरत है तथा एमआरआई मशीन तथा एक्सरे मशीन के लिए आपके अस्पताल में क्या व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग द्वारा करने हेतु कार्यवाही की गई है या की जा रही है। इस लिखित पत्र का जवाब नहीं आने की स्थिति में यह समझा जाएगा कि डॉक्टरों की सामूहिक हुए इस्तीफे के डॉक्टर वर्तमान में कार्यरत नहीं है तथा अन्य सुविधाओं की कमी के लिए स्वास्थ्य विभाग, सरकार द्वारा कोई पहल हेतु निर्देश जारी नहीं हुए है।

# साइबर क्राइम को रोकने जागरूक पहल जरूरी : कुसुम दुबे

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



बढ़ते साइबर क्राइम एवं अपरिचित मोबाइल के माध्यम से डरावनी एवं झूठे, अश्लील फोन कॉल्स से जनता को परेशान लूटने का खेल खेला जा रहा है। इसे एक प्रकार से अवैध उगाही का प्रमुख माध्यम बनाने का काम एक संगठित आपराधिक गुट/संस्था के लोगों के द्वारा किया जा रहा है। इसके लिए राजनांदगांव पुलिस लगातार अभियान चलाकर जन जागरूकता का कार्य निरंतर कर रही है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की सचिव अधिवक्ता कुसुम रूपेश दुबे ने कहा कि, आए दिन किसी के बेटे को गिरफ्तार कर लेने या एक्सीडेंट हो जाने या पुलिस में अपराध दर्ज होने आदि आदि प्रकार के फोन कॉल्स आना आम बात हो गई है। इससे जनता उनके चंगुल में फंस कर ठगी का शिकार हो रहे हैं। यहां तक कि ऐसे कॉल आने पर थोड़े समय के पश्चात उनके फोन नंबर भी मोबाइलों से डिलीट हो जाने की जानकारी मिल रही है। जिसके चलते उसे ट्रेस करना मुश्किल हो जा रहा है। उन्होंने कहा कि, ऐसी स्थिति में आम जनता को चाहिए कि इस प्रकार के फोन कॉल्स आने पर वह उन नंबरों का स्क्रीनशॉट लेकर उस नंबर के लिए तत्काल अपने नजदीकी थाने में लिखित शिकायत दर्ज करा दें। ताकि पूरे नंबरों की जांच कर उन पर समुचित कार्रवाई की जा सके। और तो और जिन मोबाइल कंपनियों से इस प्रकार के कॉल आते हैं उन मोबाइल कंपनियों पर भी नकेल कसना आवश्यक है। क्योंकि सिम आवंटित करते समय तमाम दस्तावेज प्राप्त करने के बाद सिम दिए जाते हैं। कई बार सिम विक्रेता दो-तीन बार अंगूठा लगवा लेते हैं और एक के नाम पर दो-तीन सिम एलाट करा एक सिम दे करके बाकी दो सिम अपने पास रखने की भी जानकारी से इनकार नहीं किया जा सकता।

# ग्राम अमोरा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन

## 363 आवेदन प्राप्त हुए, 45 का किया गया मौके पर निराकरण

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर के निर्देशानुसार पथरिया विकासखण्ड के ग्राम अमोरा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आमलोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा 55 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सदस्य जागेश्वरी वर्मा, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया। शिविर में मांगों एवं शिकायतों से संबंधित कुल 363 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 45 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया।

**'धान बेचने में किसी भी प्रकार की समस्या के लिए टोल फ्री नम्बर जारी'**- इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि शिविर का उद्देश्य सिर्फसमस्या का समाधान करना नही है, बल्कि इसके साथ योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना और आमजनों को लाभ उठाने के लिए प्रेरित करना भी है। उन्होंने कहा कि 14 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होने वाली है। धान बेचने में किसी भी प्रकार की समस्या के लिए टोल फ्री नम्बर 9406275514 पर कॉल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि शिविर में आवास योजना सहित जो भी आवेदन प्राप्त हुए है, उनका विभागीय अधिकारी द्वारा गंभीरतापूर्वक निराकरण किया जाएगा। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती वर्मा ने कहा कि शिविर में सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित हैं। आप सभी लोग अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन अवश्य दीजिए। आपकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने आमलोगों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया। जनपद सदस्य सत्या लहरे ने कहा शिविर में आम जनता बड़ी उम्मीद से आते हैं। उनकी समस्याओं का उचित समाधान होना चाहिए।

**'विभिन्न योजनाओं से 55 हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित'** -शिविर में मछली विभाग अंतर्गत 03 हितग्राहियों को मत्स्य जाल, खाद्य विभाग अंतर्गत 06 को राशनकार्ड, कृषि विभाग अंतर्गत 05 को मसूर किट, स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत 05 को आयुष्मान कार्ड, राजस्व विभाग अंतर्गत 03 को किसान-किताब, श्रम विभाग अंतर्गत 05 को श्रम कार्ड नवीनीकरण एवं कार्ड का वितरण, शिक्षा विभाग के अंतर्गत 12 बच्चों को जाति निवास प्रमाण पत्र, 07 को दिव्यांग उपकरण तथा 04 बच्चों को गणवेश का वितरण किया गया। इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत 05 बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया और सुपोषण किट का वितरण किया गया। शिविर में परिवहन विभाग द्वारा स्टाल लगाकर लर्निंग लाइसेंस भी बनाया गया। लोक कलाकार रेखा देवार और उनकी टीम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर पथरिया एसडीएम बी. आर. ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग

## मुख्यमंत्री व गृहमंत्री के नाम द्वारा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



सर्व ब्राह्मण परिषद के पदाधिकारियों व सदस्यों ने सिटी कोतवाली में ब्राह्मण समाज के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले मंगल एक्का के खिलाफ कार्यवाही करने पुलिस अधीक्षक के नाम तथा अधिकारियों की प्रताड़ना से परेशान होकर रायपुर में आत्महत्या करने वाले रायपुर तहसील कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक स्व प्रदीप उपाध्याय प्रकरण का निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग युक्त ज्ञापन मुख्यमंत्री व गृहमंत्री के नाम द्वारा पुलिस अधीक्षक मुंगेली सिटी कोतवाली के थाना प्रभारी संजय सिंह राजपूत को सौंपा गया। इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण परिषद मुंगेली के अध्यक्ष अवधेश शुक्ला, शैलेश पाठक, प्रभात तिवारी, प्रभाकांत शर्मा, सुनील पाठक,स्वतंत्र मिश्रा, रोहित शुक्ला, चंद्रशेखर शर्मा, गणेश बाजपेयी, मोहन उपाध्याय, आशीष मिश्रा, अरविंद पाण्डेय, मनोज मिश्रा, मनोज तिवारी, राहुल पाठक,आशु शुक्ला, सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित थे।

## विष्णु सरकार की योजनाओं को शत प्रतिशत क्रियान्वयन कराने धरातल में कलेक्टर अग्रवाल

**गरियाबंद।** जमीनी स्तर पर योजनाओ का क्रियान्वयन की हकीकत रिपोर्ट जानने के लिए कलेक्टर दीपक अग्रवाल आज मैनपुर विकासखंड के ग्राम कुचेंगा के उप स्वास्थ्य केंद्र और आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया जिलाधीश अग्रवाल आंगनबाड़ी केंद्र में पहुंचकर छोटे छोटे बच्चों के पढ़ने, खेलने और खाने की सुविधाओं का बारी बारी से अवगत हुए इस दौरान कलेक्टर ने स्नेहभाव से बच्चों से उनका नाम पुछा और आंगनबाड़ी में खाने और पढ़ने के लिए उपलब्ध चीजों के बारे में जानकारी ली बच्चों ने भी बड़ी ही मासूमियत और चहकते हुए कलेक्टर को अपना नाम बताया साथ ही प्रतिदिन उपलब्ध भोजन की जानकारी दी इस दौरान कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से वितरित किए जाने वाले पूरक पोषण आहारों के बारे में जानकारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से ली। उन्होंने बच्चों, गर्भवती - शिशुवती महिलाओं तथा कुपोषण स्तर की जानकारी लेकर नियमित पौष्टिक आहार का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश कार्यकर्ता को दिए। इसी प्रकार कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कुचेंगा में स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचकर स्वास्थ्य सुविधाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों के इलाज के लिए सुनिश्चित की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।



# धान खरीदी 14 नवंबर से, डाटा एंट्री आपरेटरों को दिया गया प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 14 नवंबर से शुरू की जाएगी। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के सभी उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी हेतु सभी आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी गई है। इसी कड़ी में जिला कलेक्टोरेट स्थित आगर संगोष्ठी कक्ष में आज डाटा एंट्री आपरेटरों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण में डाटा एंट्री आपरेटरों को धान खरीदी से संबंधित सभी तकनीकी जानकारी दी गई। साथ ही बायोमेट्रिक अथेंटिकेशन के आधार पर धान खरीदी करने के लिए सभी केन्द्रों को बायोमेट्रिक डिवाइस भी प्रदान किया गया। इस दैरान संबंधित अधिकारी और सभी उपार्जन केन्द्रों के डाटा एंट्री आपरेटर मौजूद रहे।

## खेलो इंडिया लघु केन्द्र में फुटबाल खिलाड़ियों का पंजीयन प्रारंभ

**मुंगेली।** कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा संचालित खेलो इंडिया लघु केन्द्र में फुटबाल खिलाड़ियों का पंजीयन प्रारम्भ हो गया है। खेल अधिकारी संजय पॉल ने बताया कि फुटबाल खेल के लिए 18 वर्ष से कम उम्र के 18 बालक और 18 बालिका सहित कुल 36 खिलाड़ियों का चयन किया जाना है। उन्होंने बताया कि पंजीकृत फुटबाल खिलाड़ियों को डे-बोर्डिंग की सुविधा के साथ-साथ खेल प्रशिक्षण किट, खेल सामाग्री, राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर आदि की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इच्छुक खिलाड़ी जिला मुख्यालय के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम स्थित खेलो इंडिया लघु केन्द्र में सुबह 06 से 09 बजे एवं शाम 04 से 07 बजे तक उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

# राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस : मॉ सरस्वती की पूजा वंदना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया

## बच्चों को मोबाईल के माध्यम से होने वाले अपराध के संबंध में जानकारी दी गई

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 09 नवम्बर 2024 को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया जाता है इस अवसर पर कंचन लता आचला सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली के द्वारा मॉ सरस्वती की पूजा वंदना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें उनके द्वारा शा.उ.मा. विद्यालय दाबो मुंगेली में उपस्थित छात्र-छात्राओं व शाला के समस्त शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 की संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराते हुए बताया गया कि समाज के पिछड़े एवं वंचित वर्ग को सुलभ एवं उत्तम न्याय प्रदान कराने में विधिक सेवा प्राधिकरण की अहम भूमिका होती है जो तालुका न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक सेवा प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त उनके द्वारा उपस्थित बच्चों को मोबाईल के माध्यम से होने वाले अपराध के संबंध में आई.टी. एक्ट 2000 के प्रावधानों की जानकारी के साथ-साथ पॉक्सो एक्ट की जानकारी उपलब्ध करायी गई एवं छोटे-छोटे बच्चों को गुड टच बैड टच की जानकारी भी उनके द्वारा उपलब्ध करायी गई।

# Lexlegis.ai प्रस्तुत करता है इंटरैक्ट, कानूनी दस्तावेजों के प्रबंधन के लिए एक परिवर्तनकारी ए.आई. समाधान

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



विधिक टेक्नोलॉजी और लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स (एल.एल.एम.) में सबसे आगे, Lexlegis.ai ने परिवर्तनकारी सुविधा, इंटरैक्ट के पेशकश की घोषणा कर दी है, जिसे कानूनी व्यावसायियों द्वारा दस्तावेज की कार्य-प्रणाली का प्रबंधन, विश्लेषण और उन्हें अनुकूलित करने के तरीके को बदलने के लिए तैयार किया गया है। एक शक्तिशाली लीगल सर्च टूल के रूप में Lexlegis.ai की प्रतिष्ठा पर आधारित, इंटरैक्ट कानूनी प्रक्रियाओं को और भी अधिक सुचारु, तेज़ और अधिक कुशल बनाने के लिए ए.आई.-आधारित क्षमताओं को एकीकृत करते हुए इस प्लैटफॉर्म के विकास को केस प्रबंधन के एक संपूर्ण समाधान के रूप में प्रदर्शित करता है। दस्तावेज़ों की तुलना, विश्लेषण और अंतर्दृष्टि के प्राप्तिकरण के लिए कुशल उपकरणों के साथ कानूनी व्यावसायियों को सशक्त बनाने की इसकी क्षमता इंटरैक्ट का मुख्य आधार है। एकल, इंट्यूइटिव इंटरफेस के साथ, इसका उपयोग करने वाले अब ये कार्य कर सकते हैं। कानूनी दस्तावेज़ों की तुलना करनाः अंतरों की पहचान करने और संगतता को सुनिश्चित करने के लिए अनुबंधों, करारों या केस की फाइलों की सहजता से तुलना करना। महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करनाः लंबे कानूनी दस्तावेज़ों से महत्वपूर्ण विवरण प्राप्त करने या पी.डी.एफ और चित्रों से लिखित सामग्री को स्कैन करने के लिए ए.आई. का लाभ उठाना, जिससे स्वयं ढूँढने के प्रयास न करने पड़ें। दस्तावेज़ों का अनुवादः कानूनी विषय-सामग्री को स्वचालित रूप से विभिन्न भाषाओं में अनुवाद करना, जिससे सीमा पार के मामलों और सहयोगों को सुविधाजनक बनाया जा सके।

# भारत का पहला वैश्विक भैरव अष्टमी महोत्सव 15 नवंबर से

■ 84,000 वर्ग फीट की रंगोली, 2024 प्रकार की मिठाईयों का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की दिशा में अखिल भारतीय बटुक भैरव भक्त मंडल, राष्ट्र संत डॉ. वसंत विजय महाराज, जो कि पार्श्व पद्मावती शक्ति पीठ धाम, कृष्णगिरि, तमिलनाडु के पीठाधीश्वर हैं, के नेतृत्व में 15 नवंबर से 23 नवंबर तक नौ दिवसीय भव्य भैरव अष्टमी महोत्सव का आयोजन कर रहा है। यह आयोजन मध्य प्रदेश के नीमच स्थित दशहरा मैदान में होगा और भक्ति तथा सांस्कृतिक धरोहर का अनूठा संगम प्रस्तुत करेगा। डॉ. वसंत विजय महाराज के अनुसार भैरव अष्टमी पर आयोजित कष्ट हरण महायज्ञ और कथा साधना का विशेष महत्व है। इसका उद्देश्य देश को संभावित आर्थिक संकट और महामारी से बचाना है। यह यज्ञ न केवल देश की सुख-समृद्धि और शांति के लिए किया जाएगा, बल्कि भक्तों के लिए भक्ति और आस्था का प्रकाश भी प्रसारित करेगा। 27 राज्यों और 12 देशों से आने वाले भक्तों की उपस्थिति में इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण 84,000 वर्ग फीट की रंगोली होगी, जो लगभग 2 एकड़ में फैली होगी। यह रंगोली प्रमुख आध्यात्मिक गुरुओं और राष्ट्रीय नायकों के चित्रों से सजी होगी, जो भारत की सामाजिक समरसता, एकता, और आतंकवाद के खिलाफ अडिग संकल्प का प्रतीक होगी। यह आयोजन भारतीय कला और संस्कृति की समृद्धि को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करेगा और 50 से अधिक प्रतिष्ठित विश्व रिकॉर्ड संस्थानों में दर्ज होने का प्रयास करेगा। इस महत्वाकांक्षी पहल का उद्देश्य भारत की सांस्कृतिक समृद्धि को उजागर करना और देश की वैश्विक पहचान को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाना है। इस कार्यक्रम की एक और विशेषता रहेगी, भैरव देव को अर्पित की जाने वाली 2024 प्रकार की दिव्य मिठाइयाँ। पूरे कार्यक्रम के दौरान अष्ट कुंडीय महायज्ञ, कथा, और भक्तों के लिए भोजन की निःशुल्क व्यवस्था की गई है।

# ब्लॉक स्तरीय शैक्षिक गुणवत्ता के संबंध में सभी प्रधान पाठकों का एक दिवसीय बैठक आयोजित किया गया

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



पीएम सेजेस दाऊपारा मुंगेली में ब्लॉक स्तरीय शैक्षिक गुणवत्ता के संबंध में सभी प्रधान पाठकों का एक दिवसीय बैठक आयोजित किया गया, सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजा अर्चना किया गया। तत्पश्चात पी एम सेजेस दाउपारा मुंगेली के प्राचार्य डॉ आई पी यादव के द्वारा प्रशिक्षण के सम्बंध में विस्तृत चर्चा करते हुए मार्गदर्शन दिया गया उसके बाद बी आर सी सूर्यकांत उपाध्याय के द्वारा बैठक का उद्देश्य व रूपरेखा के बारे में विस्तृत चर्चा कर दिशानिर्देश सभी संस्था प्रमुखों को दिया गया, पढ़ना लिखना, गणित संक्रिया, भौतिक परिवेश, शाला अवलोकन, पर चर्चा कर मार्गदर्शन दिया गया।तत्पश्चात चंद्रशेखर उपाध्याय सर के द्वारा बच्चों के शैक्षिक गुणवत्ता के सम्बंध में बताया गया व पी एल दिवाकर के द्वारा 6वी से 8वी तक के दक्षता व दक्षता चार्ट पर विस्तृत चर्चा किया गया व रामवतार पटेल के द्वारा परख के बारे में जानकारी दिया गया।' 'बैठक में शामिल संकुल दाऊपारा,कन्या मुंगेली, कन्या घुठेलि, करही, देवरी, नवागांव घु, प्रतापपुर, बी आर सॉ, कंटेली, धनगांव गो, बैहकापा, धरमपुरा, कोडवाबनी, के प्रधान पाठक उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किए'बैठक में सी ए सी उमेश साहू, गौकरण डिंडोले, मनोज पाट्रे, सुशील जांगड़े, हरीश मंडावी, रघुनाथ ठाकुर, ब्रजेश्वर मिश्रा उपस्थित रहे।' 'आभार प्रदर्शन पी एम सेजेस दाऊपारा के सी ए सी नेमीचंद भास्कर के द्वारा किया गया।' सेजेस दाऊपारा मुंगेली में ब्लॉक स्तरीय व शैक्षिक गुणवत्ता के संबंध में सभी प्रधान पाठकों का एक दिवसीय बैठक आयोजित किया गया, सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजा अर्चना किया गया। तत्पश्चात पी एम सेजेस दाउपारा मुंगेली के प्राचार्य डॉ आई पी यादव के द्वारा प्रशिक्षण के सम्बंध में विस्तृत चर्चा करते हुए मार्गदर्शन दिया गया उसके बाद बी आर सूर्यकांत उपाध्याय के द्वारा बैठक का उद्देश्य व रूपरेखा के बारे में विस्तृत चर्चा कर दिशानिर्देश सभी संस्था प्रमुखों को दिया गया ,पढ़ना लिखना, गणित संक्रिया, भौतिक परिवेश, शाला अवलोकन, पर चर्चा कर मार्गदर्शन दिया गया। तत्पश्चात चंद्रशेखर उपाध्याय के द्वारा बच्चों के शैक्षिक गुणवत्ता के सम्बंध में बताया गया व पी एल दिवाकर के द्वारा 6वी से 8वी तक के दक्षता व दक्षता चार्ट पर विस्तृत चर्चा किया गया व रामवतार पटेल के द्वारा परख के बारे में जानकारी दिया गया।' 'बैठक में शामिल संकुल दाऊपारा,कन्या मुंगेली, कन्या घुठेलि, करही, देवरी, नवागांव घु, प्रतापपुर, बी आर सॉ, कंटेली, धनगांव गो, बैहकापा, धरमपुरा, कोडवाबनी, के प्रधान पाठक उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किए' बैठक में सी ए सी उमेश साहू, गौकरण डिंडोले,मनोज पाट्रे, सुशील जांगड़े, हरीश मंडावी, रघुनाथ ठाकुर, ब्रजेश्वर मिश्रा उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज ने मनाया दीपावली मिलन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति द्वारा दीपावली मिलन समारोह छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व वरिष्ठ मंत्री रविंद्र चौबे की मुख्य आतिथ्य में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर रविंद्र चौबे ने कहा कि दीपावली किसानों का त्यौहार है और लगभग सभी ब्राह्मण किसान परिवार से हैं। यहां की धरती, मिट्टी से जुड़े हम लोग अगर छत्तीसगढ़िया नहीं तो और कौन हो सकता है। ब्राह्मण समाज को अपने अस्तित्व के रक्षा के लिए और शोषण की लड़ाई के लिए एक होना आवश्यक हैं। इस अवसर पर कल्याण कृषक परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने सामाजिक चुनौतियां का सामना करने के लिए ब्राह्मण समाज की एकता को आवश्यक बताया। अरुण शुक्ला, प्रदीप शर्मा, कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी, पूर्व महापौर एवं वर्तमान में रायपुर नगर निगम पालिक के सभापति प्रमोद दुबे ने भी दीपावली मिलन समारोह को संबोधित किया, और बधाई दी। योग आयोग के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने भी संबोधित किया। सर्व ब्राह्मण समाज को जोड़ने वाले प्रमुख सूत्रधार अविनाश शुक्ला ने भी सबके प्रति आभार प्रकट किया। अंत में आभार प्रदर्शन विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति के अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी ने किया। इस अवसर पर विभिन्न ब्राह्मण सामाजिक संगठन के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या युवा व महिलाऐं उपस्थित थे।

कार्यवाही से सुधार की उम्मीद

# भ्रष्टाचार के अजगरों की टंकी से टपकता पानी

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com



मैनपुर ब्लॉक के ग्राम चनाभांटा में भ्रष्टाचारी अजगरों द्वारा बनाए स्तरहीन पानी टंकी का खमियाजा इन दिनों सैकडो रहवासियों को भुगतना पड़ रहा है चंद महीना बाद ही इस पानी टंकी से ताबड़तोड़ पानी टपकता है जिसे ग्रामीणों के साथ विपक्षी सुशासन सरकार पर धब्बा बताते हैं क्योंकि भ्रष्टाचार पर वार सुशासन सरकार की गूंज गांव गांव में सुनाई दे रही है फिर भी करप्शन में संलिप्त अधिकारियों पर कोई कार्यवाही नहीं हो पाता जानकारी अनुसार पी एच ई विभाग ठेकेदार द्वारा 10 लाख के आस पास चनाभांटा में जल जीवन मिशन अंतर्गत बनाया गया है लेकिन विभागीय अधिकारियों की सरंक्षण से स्तरहीन मैटेरियल का इस्तेमाल किया जिसके चलते आज पानी टंकी से बरसात की भारी बूंदों की तरह पानी टपकता है बावजूद इसके जिम्मेदारों पर कोई असर देखने को नही मिला ग्रामीणों की माने तो पानी टंकी निर्माण के दौरान सीमेंट रेती में कांटामारी करने के अलावा पानी तराई में भी कोताई बरती गई जिसे लेकर कई बार ठेकेदार कर्मचारियों को अवगत कराया क्योंकि विभागीय जिम्मेदार तो पानी टंकी निर्माण के दौरान झांकने तक नहीं आए तभी स्तरहीन पानी टंकी निर्माण में कोई सुधार नहीं हो पाया जिसका परिणाम आज पानी टंकी से झमाझम पानी टपकते देखा जाता है जिससे अधिकारी भी अनभिज्ञ हैं मतलब भ्रष्टाचारी अजगरों द्वारा लाखो रुपए की लागत से बनाए स्तरहीन पानी टंकी की पोल चंद महीना में ही खोल गया है।

**कार्यवाही से सुधार की उम्मीद** : जिस तरह जिला भर में जल जीवन मिशन अंतर्गत घर घर नल से जल पहुंचाने का कार्य में भ्रष्टाचार को अंजाम दिया है उस पर कार्यवाही की उम्मीद बनी हुई है लेकिन आज तक ऐसी कोई बड़ी कार्यवाही को अंजाम नहीं दिया जा सक जबकि कार्यवाही से गुणवत्ताहीन काम में सुधार होने की भरपूर संभावना बनी हुई है क्योंकि शिकवा शिकायत को भी विभागीय अधिकारी आराम से पचा लेते है और काम पूरा नहीं होने ठेकेदार को राशि नहीं देने और काम बचा होने की बात कहकर अपना अपना पल्ला झाड़ते पूरा टिकरा ठेकेदार पर फोड़ देते है जबकि हकीकत में निर्माण के दौरान ज़िम्मेदार अधिकारी धरातल से पूरी तरह नदारत होते जिसका लाभ उठाने में ठेकेदार भी पीछे नहीं होते।

**मंत्री सचिव से होगी शिकायत माखन** – चनाभाटा पानी टंकी के काम को लेकर भाजपा युवा मोर्चा जिला योगीराज माखन कश्यप सहित अधिकांश ग्रामीण आक्रोशित हैं बकायदा विभागीय मंत्री और सचिव से शिकायत कर जांच कराते कार्यवाही की मांग करने की बात कही जा रही है ताकि आगामी दिनों मे गुणवत्तापूर्वक कार्य कराया जा सके क्योंकि जिला के विभागीय अधिकारियों से क्वालिटीदार काम कराने की बिल्कुल भी उम्मीद नही है लगातार ऐसे स्तरहीन काम से अवगत कराने के बावजूद कोई सुधार नहीं आया तो आने वाले दिनों गुणवत्ता की कल्पना करना बेमानी होगी।

# रविन्द्र कुमार लुनिया का निधन



**रायपुर।** जैन समाज के धर्मनिष्ठ श्रावक रविन्द्र कुमार लुनिया स्व. जुगराज लुनिया निवासी राजीव नगर, रायपुर वर्तमान मे शंकर नगर संघ के उपाध्यक्ष का आकस्मिक स्वर्गवास शुक्रवार को 69 वर्ष की उम्र में नागौर शहर, राजस्थान में हो गया है। आपका जोधपुर मेडिकल कॉलेज में देहदान उनकी भावना के अनुरूप किया जा रहा है। आप अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

मो. नं. :- 9424160732 ई मेल पता :- ee-res.dantewada@nic.in

**// निविदा निरस्तीकरण आदेश //**

क्रमांक/1079/व.ले.लि./ग्रा.यां.सेवा/2024 दंतेवाड़ा दिनांक 04/11/2024

इस कार्यालय द्वारा जारी आमंत्रित निविदा क्रमांक / 1039 / व.ले.लि. / ग्रा.यां.सेवा / 2024, दन्तेवाड़ा दिनांक 21/10/2024 (**Advt. No.-243503374**) को, कलेक्टर महोदय, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा का निरस्तीकरण आदेश क्रमांक-1813/जिला कार्या./डीएमएफ/दन्तेवाड़ा दिनांक 28/10/2024 के तहत् अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

**कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दंतेवाड़ा**
**जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)**

G-242503654/6

# भगवान सहस्त्रबाहु के लोक कल्याण के रास्ते पर आगे बढ़ रही है छत्तीसगढ़ सरकार : सीएम साय

■ कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 100 बिस्तर करने की घोषणा

पायनियर संवाददाता ◄ कटघोरा
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कोरबा जिले के कटघोरा विकासखंड मुख्यालय में कलार समाज द्वारा आयोजित भगवान सहस्त्रबाहु जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि भगवान सहस्त्रबाहु ने धर्मपरायण राज्य की स्थापना कर लोककल्याणकारी का रास्ता दिखाया, हमारी सरकार भी इन्हीं कल्याणकारी रास्तों पर आगे बढ़ रही है और छत्तीसगढ़ के लोगों के भलाई, सुख समृद्धि के लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री साय ने इस मौके पर कटघोरा में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 100 बेड वाले अस्पताल में उन्नयन करने का घोषणा की। उन्होंने कटघोरा अम्बिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में चकचकवा पहाड़ के पास स्थित चौक को भगवान सहस्त्रबाहु के नाम पर रखने के साथ ही कटघोरा विश्राम गृह के उन्नयन की घोषणा की। मुख्यमंत्री साय ने कलार समाज को समृद्ध और शिक्षित समाज बताते हुए कहा कि समाज के युवा उच्च पदों पर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित बनाने का संकल्प रखा है।

छत्तीसगढ़ भी इस विकसित भारत के मुहिम में शामिल होकर विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस विकास यात्रा में प्रदेश के अन्य समाजों के योगदान के साथ-साथ कलार समाज का भी महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। मुख्यमंत्री साय ने आगे कहा कि प्रदेश में मोदी की गारंटी को लागू किया जा रहा है। सरकार बनते ही किसानों के धान को 31 सौ रुपये प्रति क्विंटल में खरीदी, 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी, दो साल का बकाया बोनस का भुगतान, तेंदूपत्ता पारिश्रमिक दर को प्रति मानक बोरा 4 हजार रुपए से बढ़ाकर 5,500 रुपए कर दिया गया। प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना से प्रति माह एक हजार रुपए दिए जा रहे हैं। पीएम आवास के लिए राशि जारी किए जाने के पश्चात आवास का निर्माण भी प्रारंभ हो गया है। रामलला दर्शन योजना से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अच्छी बारिश हुई है और 14 नवम्बर से धान की खरीदी प्रारंभ की जा रही है। इसके लिए बेहतर व्यवस्था बनाई गई है ताकि किसानों को किसी तरह की समस्याओं का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री साय ने कार्यक्रम स्थल पर युवक युवती परिचय सम्मेलन आयोजन के लिए भी समाज प्रमुखों को बधाई दी।

## बलौदाबाजार में खुलेगा बीएड महाविद्यालय, ट्रांसपोर्ट नगर की होगी स्थापना : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बलौदाबाजार के दशहरा मैदान में विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन और लोकार्पण करते हुए बलौदाबाजार में बीएड महाविद्यालय खोलने और ट्रांसपोर्ट नगर बनाने की घोषणा की। उन्होंने कार्यक्रम में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के लिए 60 करोड़ 20 लाख रूपए की लागत के अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इन कार्यों में से 32 करोड़ 32 लाख रूपए की लागत के 16 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं 27 करोड़ 88 लाख रूपए की लागत के 32 विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, सांसद कमलेश जांगड़े और विधायक गुरू खुशवंत साहेब भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत मकानों में से 2100 हितग्राहियों को आवास के स्वीकृति पत्र एवं 51 हितग्राहियों को घर की चाबी सौंपी। उन्होंने जिले में संचालित ''हम होंगे कामयाब अभियान'' के अंतर्गत 51 युवाओं को सम्मान पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में किसानों ने 3100 रूपए प्रति क्विंटल तथा प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी के लिए मुख्यमंत्री साय को धान से भरे टुकनी एवं पर्रा भेंट कर उनके प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार धार्मिक एवं औद्योगिक नगरी बलौदाबाजार पहुंचा हूं। यहाँ मुझे आत्मीय सम्मान मिला जिसके लिए मैं अभिभूत हूं। उन्होंने कहा कि बलौदाबाजार संतो, गुरुओं और वीरों की धरा है। अनेक पंथ और आस्था को मानने वाले लोग सौहार्दपूर्वक रहते हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2012 में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने इस जिले का निर्माण किया तब से विकास के पथ पर अग्रसर है।हमारी सरकार पिछले 10 महीने में लगातार प्रदेश एवं प्रदेश के लोगों के हित में मोदी की गारंटी के तहत कार्य कर रही है। हम छत्तीसगढ़ को तीव्र गति से विकास पथ पर आगे ले जाना चाहते हैं जिसके लिए आप सब आपसी भाईचारा, प्रेम, सद्भाव और विश्वास बनाए रखें। हमने औद्योगिक इकाईयां स्थापित करने में तेजी लाने के लिए नई औद्योगिक नीति बनाई है। प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम लागू की है।मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी की गारंटी के तहत हमने 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी है जिसमें से 8 लाख 42 हजार आवासों की स्वीकृति केंद्र सरकार से भी मिल गई है। महतारी वंदन योजना से हर माह महिलाओं के खाते में एक हजार रुपये अंतरित हो रहा है। प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रुपये में खरीद रहे हैं। इस वर्ष 14 नवम्बर से धान खरीदी होगी। इसके लिए आवश्यक तैयारी की जा रही है ताकि किसनों को धान बेचने में कोई दिक्कत न हो।

## हैदराबाद के नामी डॉक्टर श्री बालाजी हॉस्पिटल में आज रहेंगे मौजूद

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



स्टार हॉस्पिटल हैदराबाद के प्रसिद्ध डॉ. संतोष कुमार आज परामर्श हेतु मोवा स्थित श्री बालाजी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे। जिनसे कैंसर और हेमेटोलॉजी के संबंधित परामर्श लिया जा सकता है। अपाईमेन्ट के लिए 8007447003, 8305983939 में संपर्क किया जा सकता है।

## मतदाता पर्ची में भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी के नाम से मतदाता पर्ची को संलग्न कर वितरण किये जाने की शिकायत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से की

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने शासकीय आंगन बाड़ी कार्यकर्ताओं के द्वारा रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव के मतदाता पर्ची में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सुनील सोनी के नाम से मतदाता पर्ची को संलग्न कर वितरण किये जाने की शिकायत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से किया। शिकायत में कहा गया है कि वर्तमान समय में रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लागू है ऐसे स्थिति में निर्वाचन आयोग के द्वारा मतदाता पर्ची जो मतदाताओं को दिया जाना है उक्त मतदाता पर्ची शासकीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में वितरित किया जा रहा है, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सुनील सोनी के नाम के मतदाता पर्ची को भी संलग्न किया गया है, जो कि आदर्श आचार संहिता का घोर उल्लंघन है। अतः निवेदन है कि निर्वाचन आयोग के द्वारा मतदाता पर्ची जिसे शासकीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में वितरण किया जा रहा है। उसमें भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के फोटो और नाम वाले पर्ची को तत्काल हटाते हुये वितरण किया जाये और दोषी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के विरूद्ध समुचित कानूनी कार्यवाही किये जाने की कृपा की जाये, उक्त कार्यवाही की सूचना हमें देने की कृपा करें।

## आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने विभिन्न व्यवसायिक परिसरों में पार्किंग की स्थिति का अधिकारियों सहित प्रत्यक्ष निरीक्षण किया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने अधिकारियों सहित राजधानी शहर रायपुर में विभिन्न स्थानों पर पार्किंग क्षेत्र की स्थिति की जानकारी लेने विभिन्न स्थानों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इस दौरान नगर निगम जोन 4 के तहत रवि नगर क्षेत्र में कैलाश टावर व्यवसायिक परिसर में नरेश मार्केटिंग के भवन स्वामी हेमंत कुमार गोयल एवं सृष्टि गोयल द्वारा स्वीकृत पार्किंग क्षेत्र का नियम विपरीत गोडाउन बनाकर उपयोग किया जाना स्थल पर पाया गया। आयुक्त ने अधिकारियों को तत्काल संबंधित भवन स्वामी को नियमानुसार नोटिस देकर पार्किंग क्षेत्र का स्वीकृति के विपरीत किया जा रहा दुरूपयोग रोकने सीलबंद करने की कार्यवाही करने के निर्देष दिये है। आयुक्त ने नगर निवेशक आभास मिश्रा, जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंताओं, जोन के नगर निवेश अभियंताओं को रायपुर नगर निगम क्षेत्र में पार्किंग स्थल का प्रत्यक्ष निरीक्षण कर स्थल पर स्वीकृत पार्किंग क्षेत्र में नियम विपरीत उपयोग की स्थिति मिलने पर तत्काल संबंधित भवन स्वामी को नोटिस देकर सीलबंद की कार्यवाही करना प्राथमिकता से सुनिश्चित करने निर्देशित किया है। आयुक्त ने अधिकारियों को शहर में पार्किंग की स्वीकृति के पश्चात उक्त पार्किंग क्षेत्र का दुरूपयोग रोकने सभी जोनो में कडी कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। आयुक्त ने निर्देशित किया है कि पार्किंग क्षेत्र का उपयोग केवल पार्किंग के लिये किया जाना व्यवसायिक परिसरों में नियमानुकुल तरीके से कडाई करते हुए सुनिश्चित किया जाये।

## सहायक ग्रेड-2 उपाध्याय के सुसाईड मामले की जांच करेंगे रायपुर के संभाग आयुक्त

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने तहसीलदार कार्यालय रायपुर में सहायक ग्रेड-2 के पद पर कार्यरत् प्रदीप उपाध्याय की आत्महत्या मामले की गहन जांच के निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री के निर्देश के परिपालन में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इसकी जिम्मेदारी रायपुर के संभाग आयुक्त को सौंपी गई है। सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन द्वारा 8 नवम्बर को उक्ताशय का आदेश जारी कर दिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा रायपुर के संभाग आयुक्त को दिवंगत शासकीय सेवक प्रदीप उपाध्याय सहायक वर्ग-2 द्वारा अपने सुसाईड नोट में विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रताड़ित किए जाने एवं छवि खराब करने के आरोपों की जांच कर तथ्यात्मक जांच प्रतिवेदन कार्रवाई की अनुशंसा सहित प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से ब्राम्हण समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर उक्त हृदय विदारक घटना की जांच की मांग की थी। इस पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस मामले की गहन जांच कराने और मृतक शासकीय सेवक के पात्र आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति शीघ्र देने की घोषणा की थी।

## भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ ने सुनील सोनी के लिए किया जनसंपर्क



**रायपुर।** भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ ने दक्षिण विधानसभा प्रत्याशी सुनील सोनी के समर्थन में मालवीय रोड ,सिटी कोतवाली चौक, सदर बाजार, शक्ति बाजार चौक में व्यापारियों से जनसंपर्क कर उन्हें को प्रचंड बहुमत से जीतने अपील की और समर्थन मांगा। उक्त जानकारी देते हुए प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यालय मंत्री नितेश दुबे ने बताया कि प्रदेश संयोजक लाभचंद बाफना व प्रदेश प्रवक्ता श्रीचंद सुदानी के नेतृत्व में प्रकोष्ठ के पदाधिकारीयों ने व्यापारी वर्ग को भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी के द्वारा रायपुर के सांसद, महापौर, आरडीए अध्यक्ष रहते हुए रायपुर के चौमुखी विकास जानकारी दी व आगे भी अपना अपार जनसमर्थन देने की अपील की। जनसंपर्क के दौरान प्रमुख रूप से सुभाष अग्रवाल, जितेंद्र गोलछा, नितेश दुबे, संतोष बेद, राजकुमार राठी, दिलीप गंगवानी, सतीश छुगानी, महावीर चोपड़ा, भूपेंद्र डागा, मोहन नेभानी, अतुल जैन, अशोक गोलछा, रूपेश डागा, विलास सुतार, गिरीश चतुर्वेदी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मरीज के परिजन से अस्पताल में सफाई कराने मामले में स्टाफ नर्स और वार्ड आया निलंबित

**बलरामपुर।** बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर सिविल अस्पताल में एक मरीज के परिजनों से सफाई कराने के मामले को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने गंभीरता से लिया है। मामले की जानकारी मिलने पर स्वास्थ्य विभाग बलरामपुर को ह्यइसकी जांच करने के निर्देश दिए गए थे। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने अपनी आरंभिक जांच में ड्यूटी पर उपस्थित स्टाफ नर्स और वार्ड आया को इसके लिए जिम्मेदार माना है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी की रिपोर्ट पर बलरामपुर जिले के कलेक्टर ने स्टाफ नर्स अमिता मिंज और वार्ड आया अनीता सिंह को उनके पदीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही, अनुशासनहीन और अकर्मण्य मानते हुए निलंबित कर दिया है।

## नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने आकाश शर्मा के लिए महामाया मंदिर वार्ड, महंत लक्ष्मी नारायण वार्ड में किया जनसंपर्क

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत ने दक्षिण विधानसभा उपचुनाव कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा के लिए महामाया मंदिर वार्ड में माँ महामाया को प्रणाम कर जनसम्पर्क किया। नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत ने अपने जनसंपर्क की शुरुवात अनु अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण लाहोटी, ममता राय, सुशील ओझा, मनोज कंदोई, अशोक शिवहरे सहित वार्ड वासियो से भेंट मुलाक़ात कर कांग्रेस प्रत्याशी के लिये समर्थन मांगा। महामाया वार्ड के ढीमर समाज भवन में सामजिक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के 9 माह की सरकार में कांग्रेस सरकार की जनहित योजनाओं को बंद कर मोदी महंगाई के इस दौर में जनता को और डुबोने का कार्य किया है। यह सरकार अपने किए हुए वादों को ही पूरा नहीं कर पा रही है, 500रु. में गैस सिलेंडर का झूठा वादा, प्रत्येक महिलाओं को महतारी वंदन लाभ के नाम पर झूठ बोला है। नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत ने महंत लक्ष्मी नारायण वार्ड में पूर्व पार्षद राजेश ठाकुर द्वारा वार्ड की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि, आकाश शर्मा युवा प्रत्याशी है आपकी सुख-दुख का साथी होगा, सेठ लोगों को अपने लंबा अवसर दिया है एक बार इस युवा नौजवान को अवसर देकर देखिए आपका निर्णय सही साबित होगा ये मै आपको भरोसा दिलाता हूँ। जनसंपर्क कार्यक्रम में पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल, पूर्व विधायक गुरमुख सिंग होरा, विधायक ओंकार साहू, रश्मि आशीष ठाकुर, पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, पूर्व महापौर सभापति प्रमोद दुबे, कांग्रेस विधायक दल के सचिव अमित पाण्डेय, प्रदेश कांग्रेस वरिष्ठ प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी, समीर पांडे, मनोज कंदोई, दिलीप चौहान, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष ममता रॉय, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सचिन शर्मा सहित बड़ी संख्या में कॉग्रेस जन उपस्थित रहे।

09 Nov. 2024 Pride Of Raipur




























विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403